

# दैनिक विनय उजाला

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

RNI. Reg. MPHIN/2009/35176

इंदौर

शुक्रवार, 09 मई 2025

वैशाख शुक्ल पक्ष - 11

वर्ष : 16 | अंक : 224

कुल पृष्ठ : 12


उतार-चढ़ाव से भरा यादगार करियर ...11

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

# ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाया पाकिस्तान



## जम्मू, राजस्थान और पंजाब पर सुसाइड ड्रोन व मिसाइल दागीं

## भारत ने दिया करारा जवाब

## ड्रोन किए नाकाम, बॉर्डर इलाकों में ब्लैकआउट

श्रीनगर...एजेंसी

भारत के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद से बौखलाए पाकिस्तान ने लगातार दूसरे दिन गुरुवार रात को ड्रोन और मिसाइल से भारत पर हमले करने की हरकत की, जिन्हें भारत ने एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम से नाकाम कर दिया। पाकिस्तान कश्मीर से लेकर राजस्थान और पंजाब के बॉर्डर वाले इलाकों में गोलीबारी और हमले कर रहा है। जम्मू और पठानकोट पर सुसाइड ड्रोन्स से हमला हुआ। पाकिस्तानी ड्रोन्स ने जम्मू एयरपोर्ट और पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन को निशाना बनाया, जिसे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। पाकिस्तान की तरफ से आरएसपुरा सेक्टर में भारी शेलिंग हो रही है। एलओसी के पास कुपवाड़ा और बारामूला में पाकिस्तानी की ओर से भारी फायरिंग हो रही है, जिसका भारतीय सेना जवाब दे रही है। सतवारी, सांबा, आरएस पुरा सेक्टर और अरनिया में 8 मिसाइलें दागीं। इन्हें भी भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया।

### पठानकोट एयरबेस पर ड्रोन अटैक किया, भारत ने आसमान में ही मार गिराए

पंजाब के पठानकोट में गुरुवार रात 8 बजे एयरबेस पर हमला किया गया है। सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन के साथ ब्लास्टिक मिसाइलें छोड़ी गईं। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने आसमान में ही इन्हें तबाह कर दिया। हमले के बाद पठानकोट, अमृतसर, जालंधर, गुरदासपुर और होशियारपुर में सुबह 4 बजे तक ब्लैकआउट के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### जैसलमेर में पाकिस्तान का हमला विफल, ड्रोन मार गिराया

पहलगाम हमले के जवाब में भारत की एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान ने गुरुवार रात जैसलमेर में सैन्य ठिकानों पर ड्रोन से हमला किया। भारतीय सेना ने हमले को विफल कर दिया। बाड़मेर-श्रीगंगानगर में रेड अलर्ट जारी किया गया है। लोगों से घरों में रहने की अपील की गई है। बॉर्डर से सटे जिलों में ब्लैक आउट किया गया है।

न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार गुरुवार रात जैसलमेर में भारतीय वायु रक्षा की ओर से पाकिस्तानी ड्रोन को रोका गया। विस्फोटों की आवाज सुनी जा सकती है, और आसमान में चमकती हुई रोशनी देखी जा सकती है।

इधर, 7-8 मई की दरमियानी रात राजस्थान के तीन सैन्य ठिकानों पर हमला किया था, हालांकि भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने इसे नाकाम कर दिया। भारत सरकार ने जारी वक्तव्य के मुताबिक पाकिस्तान की ओर से राजस्थान के नाल (बीकानेर), उत्तरलाई (बाड़मेर) और फलोदी एयरबैस पर मिसाइल अटैक किया था। इन हमलों को भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही नष्ट कर दिया। तनाव बढ़ने के बाद राजस्थान की सीमा पर पाकिस्तानी एयरफोर्स ने स्न-16 और जेएफ-17 के अलावा अन्य एयरक्राफ्ट तैनात कर दिए हैं।

### आरएसपुरा सेक्टर में भारी गोलीबारी

पाकिस्तान से तनाव के बीच जम्मू में गुरुवार रात 8 बजे ब्लैकआउट कर दिया गया है। पाकिस्तान की तरफ से भारी शेलिंग हो रही है। कई ड्रोन देखे गए हैं। आरएसपुरा सेक्टर में पाकिस्तान की तरफ से भारी शेलिंग। स्थानीय लोगों ने बताया कई जगह धमाके की आवाज आई है।

### धर्मशाला में आईपीएल मैच रोका, स्टेडियम के इमरजेंसी गेट खोले

पठानकोट एयरबेस पर अटैक की खबर आते ही हिमाचल के धर्मशाला में आईपीएल मैच के दौरान स्टेडियम के इमरजेंसी गेट खोल दिए गए हैं। मैच रोक दिया गया। बाहर खड़े लोगों को वहां से हटा दिया गया है।

### इन इलाकों में पूरी तरह ब्लैक आउट

**जम्मू-कश्मीर :** जम्मू, उधमपुर, किश्तवाड़, अखनूर, सांबा, श्रीनगर और अनंतनाग।

**राजस्थान :** बाड़मेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर

**पंजाब :** चड़ीगढ़ जालंधर, अमृतसर और पठानकोट

**गुजरात :** भुज, कच्छ

### एक दिन पहले 15 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की थी...

ऑपरेशन सिंदूर के अगले दिन यानी बुधवार-गुरुवार की रात पाकिस्तान ने भारत के 15 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की थी। भारत ने रूस से मिले स्400 डिफेंस सिस्टम के जरिए इस हमले को नाकाम कर दिया। जवाबी कार्रवाई में भारत ने गुरुवार सुबह पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर दिया। इसके लिए इजराइल से मिले हार्पी ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार दोपहर 2.30 बजे बताया कि पाकिस्तान ने उत्तर और पश्चिम भारत के शहरों को भी निशाना बनाया। इस दौरान अवंतिपोरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नाल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज में ड्रोन्स और मिसाइलें दागी गई थीं। इन्हें भी नाकाम कर दिया गया।




## संक्षिप्त समाचार

### गांधी सागर बांध से 891.944 एमसीएम पानी छोड़ने की अनुमति जारी, निर्धारित शर्तों पर जारी की गई अनुमति

**भोपाल, निप्र।** मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग जयपुर द्वारा प्रदत्त अनापत्ति एवं अनुशंसा के तहत ग्रीनको ग्रुप द्वारा 1920 मेगावॉट पम्प स्टोरेज परियोजना के निर्माण के लिये गांधीसागर बांध से 891.944 एमसीएम जल प्रवाहित करने की निर्धारित शर्तों पर अनुमति जारी की गई है। प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग भोपाल श्री विनोद कुमार देवड़ा ने मुख्य अभियंता जल संसाधन उज्जैन को निर्धारित शर्तों के अधीन पेयजल, सिंचाई और औद्योगिक उपयोग के लिए आवश्यक जल गांधीसागर बाँध में संग्रहित रखने के निर्देश दिये हैं। साथ ही यह भी कहा गया है कि बाँध से जल प्रवाहित करने के लिए निर्धारित ऑपरेशन मैन्यूअल/बाँध सुरक्षा के मापदण्डों का पालन करना होगा। बाँध से जल प्रवाहित किये जाने के लिए निर्धारित (म.प्र. एवं राजस्थान राज्य) अंतर्राज्यीय नियंत्रण समिति/सदस्यों से परस्पर समन्वय कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बाँध के निचले क्षेत्र की सुरक्षा के लिए आवश्यक अलार्मिंग तंत्र के संज्ञान में लाकर जल प्रवाहित किये जाने की कार्रवाई की जाये। गांधीसागर जलाशय से प्रवाहित 891.944 एमसीएम जल के राणा प्रताप सागर बाँध में सुरक्षित संग्रहण एवं समुचित उपयोग के संबंध में राजस्थान राज्य के संबंधित मुख्य अभियंताओं से आवश्यक समन्वय किया जाए। सुरक्षित रूप से जल प्रवाह के दौरान टीम का गठन कर सतत् मॉनिटरिंग की कार्यवाही सुनिश्चित करें। जल प्रवाह किये जाने की कार्यवाही के संबंध में संबंधित कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व और पुलिस) और तहसीलदार को सूचित किया जाना सुनिश्चित करें।

### ग्रीष्मकालीन मूंग में खरपतवार नाशकों के उपयोग को करें हतोत्साहित

**भोपाल, निप्र।** हरित क्रांति से हमारे देश ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्म-निर्भरता हासिल कर ली है। आज मध्यप्रदेश देश की खाद्य सुरक्षा को सशक्त करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, अनाज के साथ-साथ दलहन के शीर्ष तीन उत्पादक राज्यों में मध्यप्रदेश एक है। यहाँ के किसान न केवल अनाज, तिलहन और दलहन का उन्नत उत्पादन करते हैं। माइको इरिगेशन, सुनिश्चित आवश्यक बिजली प्रदाय और सुलभ ऋण तक बेहतर पहुंच के कारण उच्च मूल्य वाली उद्यानिकी फसलों की खेती से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हम समय के साथ नवीन समस्याओं का भी उदय देख रहे हैं, जिनका समाधान किया जाना भी आवश्यक है। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के ग्वालियर वाईस चांसलर रहे प्रो. (डॉ.) विजय सिंह तोमर का कहना है कि किसान वर्तमान में ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती बड़े स्तर पर कर रहे हैं। जो 10 साल पहले तक, बड़े पैमाने पर खरीफ में की जाती थी और यह पर्यावरण के लिए अनुकूल थी। इसकी खेती वर्षा आधारित परिस्थितियों में की जाती थी। मूंग के पौधों की जड़ों में नाइट्रोजन फिक्सिंग बैक्टीरिया की मौजूदगी होने से यह फसल मिट्टी की उर्वरता को भी बढ़ाती है।

### स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को खपत के आधार पर दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की मिलेगी छूट

**भोपाल, निप्र।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को दिन के टैरिफ में छूट प्रदान की जाएगी। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जाएगी। कंपनी ने कहा है कि यह छूट एलवी उपभोक्ता श्रेणियों के लिए विशिष्ट नियमों और शर्तों के आधार पर दिन के विभिन्न समय के दौरान खपत की अवधि के अनुसार ऊर्जा शुल्क पर लागू होगी। एल.वी.-1 घरेलू और एल.वी.-3 सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट पीक ऑवर्स (सुबह) 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसी तरह एल.वी.-2= गैर-घरेलू और एल.वी.-4= एल.टी. औद्योगिक ऑफ पीक/ सौर समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। उपरोक्त दोनों ही श्रेणियों में यह छूट 10 किलोवाट से अधिक स्वीकृत लोड/ अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही मिलेगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीर्थ यात्रियों की मृत्यु पर शोक जताया

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीर्थ यात्रियों की असामयिक मृत्यु पर गहन शोक व्यक्त किया है। जानकारी के मुताबिक यह हेलीकॉप्टर गंगोत्री धाम जा रहा था, जो गंगनानी के पास अचानक हादसे का शिकार हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि राज्य सरकार इस मुश्किल वक्त में शोकाकुल परिजन के साथ है।

## म.प्र राज्य सब जूनियर बैडमिंटन स्पर्धा में प्रियांशु एवं अनय युगल वर्ग में उप विजेता बने

विनय उजाला



**इन्दौर, नप्र।** मंदसौर के नूतन स्टेडियम में खेली गई जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा दिनांक 2 मई से 7 मई 2025 तक आयोजित म.प्र राज्य स्तरीय सब जूनियर बैडमिंटन स्पर्धा में ओलम्पस बैडमिंटन अकादमी इन्दौर के उभरते हुए शटलर प्रियांशु बारीया एवं अनय यादव ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अंडर 11 बालक युगल वर्ग में उप विजेता का खिताब प्राप्त किया तथा प्रियांशु बारीया ने अंडर 11 बालक एकल वर्ग में भी तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता साबित की.उक्त जानकारी देते हुए अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक सुधीर वर्मा ने बताया कि प्रियांशु बारीया एवं अनय यादव की जोड़ी ने सेमीफाइनल मुकाबले में अभिनव आर्य एवं संकल्प (भोपाल) को तीन सेटों में हराकर फाइनल में जगह बनाई. फाइनल मुकाबले में प्रयान सचान एवं आरव सोनी (भोपाल) से प्रियांशु बारीया एवं अनय यादव को कड़े सधर्ष में 25-23,22-20 से हार का सामना करना पड़ा। प्रियांशु बारीया ने अंडर 11 बालक एकल वर्ग में भी तृतीय स्थान हेतु हुएं मैच मे अदवैत पाटीदार (इन्दौर) को 25-23,14-21,22-20 से पराजित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया. अद्वितीया शर्मा एवं तिविषा जैन अंडर 11 बालिका युगल वर्ग में सेमीफाइनल तक खेली.इसके अलावा स्पर्धा में आरणा बत्रा, चन्द्रकान्त विश्वकर्मा, साव्या जोशी, शारवी मंडलोई, दिव्या,ने भी स्पर्धा में भाग ले कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया.शटलरो की उक्त राज्य स्तरीय उपलब्धि पर अकादमी के संस्थापक सुंधाशु शर्मा जी ने कहा कि धीरे धीरे अकादमी के शटलर राज्य स्तर पर अपनी पहचान बना रहे है. राज्य स्तर पर शटलरो की सफलता उनकी कड़ी मेहनत और खेल के प्रति प्रतिबद्धता का सार्थक परिणाम है। प्रियांशु,अनय सहित कोचेस को बहुत बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामना।

### अब विशेषज्ञ डॉक्टरों से सीधे हो सकेगी बात, बीएमसी सागर में टेली मेडिसिन सेंटर का किया शुभारंभ

# टेली मेडिसिन का सफल क्रियान्वयन और पीएचसी की भीड़ बीएमसी के परफॉर्मेंस ऑडिट की तरह करेगा कार्य : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

विनय उजाला





**भोपाल, निप्र। उप मुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर में टेलीमेडिसिन सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अब विशेषज्ञ डॉक्टरों से सीधे मरीज की बात हो सकेगी एवं उचित उपचार प्राप्त हो सकेगा।**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की भीड़ एवं बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में स्थापित टेलीमेडिसिन सेंटर में आने वाले कॉल्स की संख्या बीएमसी के परफॉर्मेंस ऑडिट की तरह कार्य करेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि टेलीमेडिसिन योजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे.पी. नड्डा की प्राथमिकता वाली योजना है। योजना से गांव-गांव के पीड़ित व्यक्ति को विषय विशेषज्ञ डॉक्टर की निशुल्क सलाह मिल सकेगी एवं उनका समय पर इलाज हो सकेगा।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित विशेष रूप से आरोग्य मंदिरों में टेलीमेडिसिन सुविधा शुरू की जाए। जहां डॉक्टरों की सूची चस्पा की जावे एवं उनके फोन नंबर भी संबंधित सीएचओ, बीएमओ को उपलब्ध कराएं जिससे आवश्यकता पड़ने पर तत्काल टेलीमेडिसिन/ वीडियो कॉन्फ्रेंस/वर्चुअल माध्यम से उनका उपचार दिया जा सके। विधायक श्री शैलेंद्र जैन ने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर में हृदय रोग की आधुनिक मशीनरी एवं विशेषज्ञ डॉक्टर की आवश्यकता की बात कही।

जिस पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि इस विषय पर शासन द्वारा पीपीपी मोड पर सेवाएं प्रदान करने की कार्रवाई चल रही है, शीघ्र ही इस पर निर्णय होगा और सागर वासियों को हृदय रोग का इलाज भी मिल सकेगा।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में अन्य सुविधाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरी, डॉ. मनीष जैन, डॉ. सौरभ जैन सहित मेडिकल कॉलेज के सभी विभागों के डॉक्टर और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

#### टेलीमेडिसिन सुविधा से मरीज एवं डॉक्टर से की बात

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने टेलीमेडिसिन सेंटर का लोकार्पण किया और मौके पर ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरकोटी से डॉ राहुल एवं वहां उपस्थित मरीज से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम बात की, उनके उपचार की जानकारी ली और टेलीमेडिसिन सुविधा के बारे में जाना। इस दौरान टेलीमेडिसिन के नोडल डॉक्टर भूपेंद्र रोहित ने पीड़ित व्यक्ति के ब्लड प्रेशर, शुगर एवं होने वाली पीड़ा की जानकारी ली, अन्य सवाल पूछे और संबंधित को खून की जांच कराने को कहा साथ ही आवश्यक दवाएं बताईं। बीएमसी के डॉ रमेश पांडे ने बताया कि टेली मेडिसिन के लिए डॉक्टर रुचि जयसवाल, डॉक्टर अंकित जैन, डॉक्टर दिनेश जैन, डॉक्टर पीयूष जैन को नियुक्त किया गया है। आवश्यकता पड़ने पर और भी विशेषज्ञ डॉक्टर टेलीमेडिसिन सुविधा के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### कमदपुर स्कूल में दसवीं का परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत रहा

## कक्षा 10 व 12 के बेहतर परिणामों पर ग्रामवासियों ने खुशी जताते हुए स्कूल स्टाफ का किया सम्मान

विनय उजाला





**महू, निप्र।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमदपुर (महू) में दसवीं और बारहवीं कक्षा के बेहतरीन परीक्षा परिणामों के संदर्भ में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्राचार्य डॉक्टर संगीता दोशी ने इन दोनों कक्षाओं में सफल होने वाले सभी विद्यार्थियों को सफलता के लिए बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं. कार्यक्रम में कमदपुर से मोहनसिंह तंवर, उमेश मुकाती, राजकुमार चौधरी तथा अन्य प्रतिनिधि और समाज सेवी उपस्थित रहे और इन सभी ने अच्छे अंक लाने वाले छात्रों को क्षेत्र का गौरव बताया. उल्लेखनीय है कि कमदपुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा दसवीं के छात्रों का सफलता प्रतिशत सौ प्रतिशत रहा है और बारहवीं के छात्रों ने 98 प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया है.

ग्रामीणों ने इस उपलब्धि पर शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके प्रति धन्यवाद भी ज्ञापित किया. बारहवीं की कक्षा शिक्षक सुश्री प्रज्ञा हार्डिया और दसवीं के कक्षा शिक्षक प्रतिभा कौशल व सीमा मंडलोई का भी इस अवसर पर सम्मान किया गया. प्राचार्या डॉ. संगीता दोशी का सम्मान करते हुए ग्रामीणजनों ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम में आए सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उन्हें इसी तरह अच्छे परिणाम लाने के लिए उत्साहित किया गया. कक्षा दसवीं में 93 प्रतिशत अंक लाने वाली वैधानी कुशवाह व कक्षा बारहवीं में 87 प्रतिशत लाकर स्कूल में प्रथम रहने वाले के अरुण सोलंकी का भी सम्मान किया गया. प्राचार्या डॉ. दोषी ने शाला के शिक्षक अभिषेक जोशी, सुरेश निनामा, श्रीमती लीलावती मुवेल, लोकेश कनडे, श्रीमती किरण यादव, श्रीमती ज्योति तेनगुरिया, श्रीमती किरण सोलंकी, विकास दत्तवाल, रामरतन वर्मा, गुलाबसिंह ठाकुर, अरविंद बरोड़ सहित पूरे स्टाफ को बधाई दी.

## जल गंगा संवर्धन अभियान में मिले लक्ष्य को पूरा करने वाला बना प्रदेश का पहला जिला



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश पुराने जल स्त्रोतों को सहेजने, नया जीवन देने और किसानों को सिंचाई व पीने के लिए नलकूप, कुओं से पर्याप्त मात्रा में पानी मिले, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) अंतर्गत खेत तालाब, कूप रिचार्ज पिट, सोख्ता गड्ढ़ा, बोरी बंधान सहित बारिश का पानी रोकने के लिए अन्य कार्य किए जा रहे हैं। इसके लिए सभी जिलों को लक्ष्य भी दिया गया है। खंडवा जिला प्रदेश का पहला ऐसा जिला बना है, जिसने कूप रिचार्ज पिट निर्माण में 100 फीसदी का लक्ष्य हासिल किया है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत खंडवा जिले को 4 हजार 700 कूप रिचार्ज पिट बनाने का लक्ष्य मिला था, जिसे समय से पहले और लक्ष्य से अधिक पूरा कर लिया गया है। जिले में 4 हजार 838 कूप रिचार्ज पिट बनाए गए हैं। जिला पंचायत सीईओ खंडवा श्री नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले में 15 हजार कूप रिचार्ज पिट बनाए जा रहे हैं, करीब 10 हजार का कार्य प्रगतिरत है।

### भीषण गर्मी में राहत की मुहिम, एक सकोरा, पक्षियों के लिए

## मदद फाउंडेशन की प्रेरणादायक पहल, की पक्षियों और बेसहारा पशुओं के लिए पानी और दाने की व्यवस्था

विनय उजाला



**भोपाल, निप्र।** भीषण गर्मी के इस दौर में जहाँ तापमान लगातार अपने चरम पर है और जल स्रोत सूखते जा रहे हैं, वहीं मानव समाज के साथ-साथ निरीह पक्षी और जानवर भी इस गर्मी का दंश झेल रहे हैं।

ऐसे में मदद फाउंडेशन द्वारा शुरू की गई एक सकोरा, पक्षियों के लिए मुहिम न सिर्फ पर्यावरण और जीव-जंतुओं के प्रति हमारी संवेदनशीलता को दर्शाती है, बल्कि समाज में जागरूकता का एक सशक्त उदाहरण भी प्रस्तुत करती है।

मदद फाउंडेशन, जो विगत 12 वर्षों से महिला सशक्तिकरण, बाल विकास और वंचित वर्गों के कल्याण हेतु निरंतर सक्रिय है, अब पक्षियों और बेसहारा पशुओं के लिए राहत पहुँचाने की दिशा में कार्यरत है। संस्था की सीईओ सुनंदा पहाड़े के अनुसार, इस अभियान के अंतर्गत भोपाल शहर के 10 से अधिक क्षेत्रों में मिट्टी के सकोरे रखवाए गए हैं, जिनमें प्रतिदिन स्वच्छ पानी और पक्षियों के लिए दाना डाला जा रहा है। इसके अतिरिक्त, गाय, कुत्ते जैसे बेसहारा पशुओं के लिए भी जल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

विशेष रूप से अंजना श्रीवास्तव, रितु श्रीवास्तव, ज्योति रघुवंशी, स्वाति, सपना, नेहा, रैना, अंकिता, हर्ष वर्मा और अभिशिक्ता का योगदान उल्लेखनीय रहा, जिन्होंने इस मुहिम को जमीन पर साकार रूप दिया। इस अवसर पर मदद फाउंडेशन की टीम की सक्रिय सदस्य अपर्णा जोशी, शिप्रा बघेल, सीमा बांगड़े, कला शेजकर, सपना समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस बात पर जोर दिया कि यदि हर नागरिक अपने घर, बालकनी या छत पर एक छोटा सा सकोरा रख दे, तो हजारों पक्षियों की प्यास बुझाई जा सकती है।

## भारत आतंकवाद के सामने कभी चुप नहीं रहेगा...



ऑपरेशन सिंदूर के लिए हमें अपने भारतीय सशस्त्र बलों पर बहुत गर्व है। भारत आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ एकजुट, दृढ़ संकल्प और उद्देश्य में अडिग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसिक और निर्णायक नेतृत्व में, भारतीय सशस्त्र बलों ने सीमा पार से हर उकसावे का सटीक और शक्ति के साथ जवाब दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने यह प्रदर्शित किया है कि भारत आतंकवाद के सामने कभी चुप नहीं रहेगा और हम अपनी धरती पर, अपने नागरिकों पर या अपने देश की रक्षा करने वाले बहादुर पुरुषों और महिलाओं पर एक भी हमला बर्दाश्त नहीं करेंगे। पिछले कुछ दिनों ने दिखाया है कि हमारी शांति के लिए हर खतरे का दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई से सामना किया जाएगा।

रिलायंस परिवार हमारे देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए किसी भी उपाय का समर्थन करने के लिए तैयार है। हम अपने साथी भारतीयों की तरह मानते हैं – भारत शांति चाहता है, लेकिन अपने गौरव, सुरक्षा या संप्रभुता की कीमत पर नहीं।

हम एक साथ खड़े होंगे। हम लड़ेंगे। और जीतेंगे।

**जय हिंद!**
**जय हिंद की सेना!**
**– श्री मुकेश डी. अंबानी, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का वक्तव्य**

### मप्र में बलात्कारियों को संरक्षण देने वाले मंत्रियों को बर्खास्त करने की मांग

# ऑपरेशन सिंदूर' के बाद देश में 'ऑपरेशन अस्मत' शुरू करें प्रधानमंत्री : संगीता शर्मा

विनय उजाला



#### संगीता शर्मा की प्रधानमंत्री मोदी से प्रमुख मांगें

- ऑपरेशन अस्मत नाम से देशव्यापी अभियान शुरू किया जाए, ताकि महिलाओं और छात्राओं के साथ हो रहे संगठित यौन अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।
- मध्यप्रदेश में यौन शोषण के इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी से कराई जाए।
- जिन मंत्रियों पर आरोप है कि वे बलात्कारियों को राजनीतिक संरक्षण दे रहे हैं, उन्हें तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए।
- पीड़ित छात्राओं की पहचान और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए विशेष केंद्र और हेल्पलाइन स्थापित किए जाएं।

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य संगीता शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक भावनात्मक और साहसिक चिट्ठी लिखते हुए प्रदेश में छात्राओं के साथ हुए सामूहिक यौन शोषण के मामलों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। संगीता शर्मा ने प्रधानमंत्री से देशभर में ऑपरेशन अस्मत शुरू करने और यौन शोषण करने वाले गिरोहों के खिलाफ कठोर और सख्त कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

प्रधानमंत्री को लिखे चिट्ठी में उन्होंने लिखा है कि जिस तरह आपकी सरकार और सेना ने पहलगाम में आतंकियों के हमले का ऑपरेशन सिंदूर के तहत माकूल जवाब दिया, उसी तरह देश के भीतर पल रहे यौन अपराधियों और उन्हें संरक्षण देने वालों पर भी कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। सुश्री संगीता शर्मा ने यह भी आरोप लगाया है कि भोपाल, इंदौर, उज्जैन जैसे प्रमुख शहरों में छात्राओं को लव जिहाद की तर्ज पर फंसा कर उनका सामूहिक यौन शोषण किया गया, अश्लील वीडियो बनाए गए और फिर उन्हें ब्लैकमेल कर प्रताड़ित किया गया। चिट्ठी के अंत में संगीता शर्मा ने भावनात्मक अपील करते हुए लिखा, आपने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पहलगाम में आतंकियों द्वारा उजाड़े गए सिंदूर का बदला लिया। अब 'ऑपरेशन अस्मत' के ज़रिए अपनी बेटियों की लुटी हुई अस्मत का बदला लीजिए।

सुश्री शर्मा ने लेख किया कि इस मामले में अब तक दर्जनों छात्राएं सामने आ चुकी हैं, जबकि कई पीड़िताएं डर के कारण अब भी चुप हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम ने भोपाल पहुंचकर प्रारंभिक जांच भी की है। अखबारों में प्रकाशित खबरों और पीड़ित छात्राओं की आपबीती को आधार बनाते हुए शर्मा ने कहा कि यह जिहादी सोच का संगठित यौन शोषण नेटवर्क है, जो वर्षों से राज्य में सक्रिय है।

#### लव जिहाद के आरोपियों को मप्र के दो मंत्रियों का संरक्षण

राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य ने दावा किया कि इन घटनाओं में शामिल युवकों के पीछे एक संगठित गिरोह है, जिसे मध्यप्रदेश सरकार के दो मंत्रियों का संरक्षण प्राप्त है। इन मंत्रियों के करीबी द्वारा संचालित एक क्लब में ही कई छात्राओं के साथ यौन शोषण की घटनाएं हुईं। सुश्री शर्मा ने यह भी आरोप लगाया कि मंत्री के निर्देश पर ही भोपाल नगर निगम की जमीन को इस क्लब को लीज पर महापौर द्वारा आवंटित कराई गई थी।

## मेयर इन कौंसिल की बैठक संपन्न

# डूब क्षेत्र के किसानों को मिलेगा मुआवजा : महापौर

विनय उजाला



**इंदौर, नप्र।** नगर निगम इंदौर की मेयर इन कौंसिल (एमआईसी) की बैठक दिनांक 08 मई 2025 को निगम मुख्यालय स्थित महापौर सभाकक्ष में महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आयुक्त शिवम वर्मा, महापौर परिषद सदस्यगण एवं समस्त अपर आयुक्त तथा विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

■ **ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रधानमंत्री एवं सेनाध्यक्ष को साधुवाद :** बैठक की शुरुआत में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं सेनाध्यक्ष को साधुवाद ज्ञापित किया गया। साथ ही इंदौर शहर में आयोजित ब्लैकआउट मॉकड्रिल की सफलता हेतु नागरिकों को धन्यवाद भी दिया गया।

■ **आपदा प्रबंधन के लिए बनेगा विशेष सेल, प्रत्येक वार्ड में नियुक्त होंगे 'आपदा मित्र' :** महापौर भार्गव ने प्राकृतिक आपदाओं — जैसे भूकंप, बाढ़, आग, युद्ध आदि — से निपटने के लिए नगर निगम में एक आपदा प्रबंधन सेल के गठन की घोषणा की।

इसके अंतर्गत प्रत्येक वार्ड में 8-10 आपदा मित्र नियुक्त किए जाएंगे जिन्हें जिला प्रशासन, निगम एवं पुलिस के सहयोग से विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई ,साथ ही आवश्यक संसाधनों को खरीदने को लेकर भी चर्चा की गई

■ **डिवाइडर, ग्रीन बेल्ट और उद्यान होंगे संस्थाओं को गोद :** शहर के डिवाइडर, ग्रीन बेल्ट और उद्यानों के बेहतर रखरखाव और विकास के लिए इन्हें सामाजिक संस्थाओं और संगठनों को गोद देने की योजना पर चर्चा की गई। महापौर ने कहा कि इससे शहर के सौंदर्यीकरण को गति मिलेगी।

■ **रेहड़ी-पटरी व्यापारियों के लिए सर्वे, पहचान पत्र और डाटा तैयार किया जाएगा:** शहर में रेहड़ी-पटरी व ठेला व्यापारियों की स्थिति स्पष्ट करने हेतु विस्तृत सर्वेक्षण, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं परिचय पत्र जारी करने पर सहमति बनी। उनके स्थायी डाटाबेस के निर्माण की भी दिशा तय की गई। इसके लिए एजेंसी तय की गई जो तय सीमा में नगर निगम को सर्वे कर जानकारी देगी.

■ **प्रधानमंत्री आवास योजना: ग्राम सिंधोडा में 1000+ आवासों की डीपीआर को मिली स्वीकृति :** प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत ग्राम सिंधोडा में 1000 से अधिक आवासों के निर्माण हेतु डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार करने को सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई। इस संबंध में विभाग द्वारा एक प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया गया।

■ **डूब क्षेत्र के किसानों को मिलेगा मुआवजा :** यशवंत सागर की जलप्रदाय क्षमता बढ़ाने से प्रभावित डूब क्षेत्र के कृषकों को मुआवजा देने पर भी सहमति प्रदान की गई।

■ **विशेष श्रेणियों के यात्रियों को रियायती पास, व्यय की प्रतिपूर्ति होगी :** विद्यार्थियों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं रैगपिकर्स को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन रियायती मासिक पास की सुविधा हेतु खर्च की प्रतिपूर्ति का निर्णय लिया गया।

■ **3 आर नवाचार के तहत कचरे से एकत्रित कपड़े होंगे पुन: उपयोग :** महापौर ने घोषणा की कि वेस्ट मैनेजमेंट को नेक्स्ट लेवल पर ले जाते हुए 3 आर (रिड्यूस, रियूज़, रीसायकल) नवाचार के तहत पीपीपी मॉडल पर कचरे से एकत्रित कपड़ों का पुन: उपयोग किया जाएगा। इस योजना को भी सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई है।

■ **प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत दुकानों के स्वामित्व हस्तांतरण को स्वीकृति :** अरावली परिसर और दुधिया देवगुराडिया स्थित शिवालिक परिसर में निर्मित दुकानों को स्वामित्व अधिकार पर अंतरित किए जाने के संबंध में भी सहमति प्रदान की गई।

## सभी संस्थाएं एवं आयोजक ध्यान दें, बगैर अनुमति के आयोजन करने पर लगाया गया प्रतिबंध

**इंदौर ( विनय उजाला )।** इंदौर नगर मेट्रोपॉलिटन की सीमा में कानून व्यवस्था को कायम रखने/जन सामान्य के हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु इन्दौर नगरीय सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। इस संबंध में पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार इंदौर नगरीय सीमा में कोई भी धार्मिक संस्था/राजनैतिक संगठन / अन्य समूह जैसे वेतन भोगी, शासकीय कर्मचारी आदि संगठन जब तक किसी आयोजन की विधिवत् सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त नहीं कर लेते, तब तक उस आयोजन को करना प्रतिबंधित किया गया है ।सभी प्रकार के जुलूस, धरना प्रदर्शन, धार्मिक आयोजन, विवाह आयोजन, जन्म दिवस आयोजन आदि में किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र अथवा विस्फोटक सामग्री का उपयोग व रखरखाव किया जाना भी प्रतिबंधित होगा। ऐसे जनसमूह जो एकत्रित होकर सार्वजनिक स्थानों पर यातायात बाधित कर आवागमन प्रभावित कर कानून व्यवस्था एवं लोक शांति भंग करते हैं, प्रतिबंधित होंगे।




## थेलेसीमिया की पहचान तीन माह की आयु के बाद ही होती है

**इंदौर ( विनय उजाला )।** थेलेसीमिया बच्चों को माता-पिता से अनुवांशिक तौर पर मिलने वाला रक्त-रोग है। इस रोग के होने पर शरीर की हीमोग्लोबिन निर्माण प्रक्रिया में गड़बड़ी हो जाती है जिसके कारण रक्तक्षीणता के लक्षण प्रकट होते हैं। इसकी पहचान तीन माह की आयु के बाद ही होती है। इसमें रोगी बच्चे के शरीर में रक्त की भारी कमी होने लगती है जिसके कारण उसे बार-बार बाहरी खून चढ़ाने की आवश्यकता होती है।

**Change in Name**

I ASGAR ALI BOHRA Here by Declare That I have changed My name as ASGHER ALI KUNDIWALA S/O ABDUL HUSSAIN so, from now and In future I will be known by my new name.
ASGHER ALI KUNDIWALA
S/O ABDUL HUSSAIN
Add: MAKAN NO.79, WARD NO.14, NALKHEDA, DISTT., SHAJAPUR(M.P.)465445

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

निविदा सूचना संख्या - M247_MECH_TENDER_25-26_04 Dated 05/05/2025

कार्य का नाम: कारखाने में पीरियडिक ओवरहौलिंग के दौरान Brake vans के Upgradation का कार्य। मात्रा – 150 नग। कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 महीने। कार्य की अंदाजित लागत 5,04,91,728.00/- बयाना राशि 4,02,500.00/- निविदा खोलने का दिनांक व समय: दिनांक 27/05/2025 को 11 :00 बजे तक जमा करना एवं उसी दिन 11:30 बजे को खोलना। वेबसाईट का पता व स्थान : www.ireps.gov.in मुख्य कारखाना प्रबन्धक का कार्यालय, रोलिंग स्टाक कारखाना, पश्चिम रेल्वे, परेल, फ्रीलैंडगंज, दाहोद - 389160. अनिवार्य व प्रासंगिक दस्तावेज: निविदाकर्ता को अनिवार्य दस्तावेज जैसे Annexure-V(A) (अगर लागू हो तो) और साथ ही निविदा जमा करने के लिए प्राधिकरण से संबंधित दस्तावेज और GCC व निविदा दस्तावेज के Part-1 के Para 14 (with i to vi), Para 15 & Para 18 में निर्दिष्ट अपेक्षित दस्तावेज भी निविदा के साथ जमा करने होंगे। अनिवार्य और प्रासंगिक दस्तावेजों की प्रति प्रस्तुत न करने पर उसकी/उनकी ऑफर को अस्वीकार मानते हुये **निरस्त किया जाएगा।**

V/030 कृते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, रोलिंग स्टाक, कारखाना,पश्चिम रेल्वे, दाहोद-389160

लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**22 केवी ग्रेड केबल का प्रावधान**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (उप), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008 **ई-निविदा संख्या : WR-MMCTOESUB (ESPT)/4/2024** आमंत्रित करता है। **कार्य का नाम :** चर्चगेट-बोरीवली खंड- अंधेरी सबस्टेशन और बोरीवली सबस्टेशन को जोड़ने के लिए 22 केवी ग्रेड केबल का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत :** 1,71,01,254/-; **बोली सुरक्षा :** 2,35,500/-; **प्रस्तुत करने की तिथि और समय :** 05/06/2025, 15.00 बजे तक; **खुलने की तिथि और समय :** 05/06/2025 को 15.30 बजे; **वेबसाइट विवरण :** निविदा को वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से देखा और प्रस्तुत किया जा सकता है। 0122

facebook.com/WesternRly

**Ministry of Finance**
**Department of Financial Services**
**Sansad Marg, New Delhi-110001**

Applications are invited from eligible and willing candidates to fill up the anticipated vacancy of Presiding Officer at Debts Recovery Tribunal, Jablpur and Debts Recovery Tribunal-3, Kolkata along with any unforessen vacancies in any of the other Debts Recovery Tribunals, across the country, which may arise upto 31.01.2026 as per the provisions of the Tribunal (Conditions of Service) Rules, 2021 as amended from time to time.

For details, candidates may visit the Department's website at URL. https://financialservices.gov.in/beta/en/vancancies The last date of receipt of applications is 23.06.2025.

**New Delhi, dated 09th May, 2025**

CBC/15415/11/0004/2526 (S.D. Sharma) Under Secretary to the Govt. of India

## संक्षिप्त समाचार

### संभागायुक्त दीपक सिंह ने नायब तहसीलदार को निलंबित किया

**इंदौर, ( विनय उजाला )।** संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अनुशंसा पर नायब तहसीलदार नागेन्द्र त्रिपाठी तहलसील मल्हारगंज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही विभागीय जांच करने के आदेश दिये है। संभागायुक्त श्री सिंह ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के उप नियम के उप नियम के विपरीत होने एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन किये जाने से उन्हें मध्यप्रदेश सिविल सेवा के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर उनका मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय निर्धारित किया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा नायब तहसीलदार श्री त्रिपाठी के संबंध में प्राप्त शिकायत पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मल्हारगंज को जांच करने के निर्देश दिये गये थे। श्री नागेन्द्र त्रिपाठी द्वारा हल्का पटवारी के माध्यम से राजस्व प्रकरण के निराकरण में एक आवेदिका के फौती नामांतरण के प्रकरण में अनुचित तरीके से राशि मांगी थी। श्री त्रिपाठी द्वारा मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहित में निहित प्रावधानों का पालन किये बिना तथा बिना स्थल निरीक्षण किये मात्र पटवारी के प्रतिवेदन के आधार पर शासकीय भूमि सर्वे नंबर 24 से निजी खातेदार को नवीन मार्ग उपलब्ध कराया गया जबकि शासकीय भूमि होने से भूमि में शासन का हित निहित था तथा शासन हित रक्षण करने का दायित्व संबंधित तहसीलदार का था।

### संभागायुक्त सिंह ने श्री वैश्य को सौंपा अपर कलेक्टर इंदौर का अतिरिक्त प्रभार

**इंदौर ( विनय उजाला )।** संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अनुशंसा पर श्री रिंकेश कुमार वैश्य राज्य प्रशासनिक सेवा, क्षेत्रीय प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ अपर कलेक्टर इंदौर का अतिरिक्त प्रभार अस्थाई रूप से सौंपा है।

## आचार्य विनम्र सागर जी के प्रवचनों का सार संसार में असार है

विनय उजाला



**इंदौर, नप्र।** दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर में आज जीवन है पानी की बूंद कब मिट जाऐ रे के रचयिता उच्चारणाचार्य विनम्र सागर जी महाराज ने धर्म सभा में प्रवचन देते हुए कहा कि संसार के राग में संतुष्ट मत होना। संसार में असार है असार में सार है।

जो भी वस्तु तुम्हें प्राप्त है उसमें असार है, सार दिखता नहीं जो दिखता है वह असार है तुम असार को ही सार समझ बैठे हो सार जब भी निकलेगा असार से ही निकलेगा। सार मिलता नहीं वस्तु से ही सार निकाला जाता है।

दूध का सार घी है लेकिन दिखाई नहीं देता, मिट्टी में भी सोना है लेकिन दिखाई नहीं देता जो दिखाई देता है वह असार है और असार को सार समझना भ्रांति है। सार को प्राप्त करने के लिए विधि अनुसार पुरुषार्थ करना पड़ता है।

सार सभी में हैं जिंदगी के सार को समझने का पुरुषार्थ करें संसार मिट जाएगा अन्यथा संसार बढ़ जाएगा, संसार का बढ़ना जीवन की सार्थकता नहीं है।

धर्म सभा में मुनि श्री विनत सागर जी ने भी प्रवचन देते हुए कहा कि सच्चा जैन कहलाने का अधिकारी वही हैं जो अष्ट मूल गुणो और श्रावक के 6 आवश्यक कर्तव्यों देव पूजा, गुरु उपासना, स्वाध्याय, संयम, तप और दान का पालन करता है। धर्म सभा का संचालन जिनालय ट्रस्ट अध्यक्ष श्री भूपेंद्र जैन ने किया। धर्म सभा में मुनि श्री विनतसागरजी के ग्रहस्थ जीवन के पिता श्री महेश चंद्र जैन,हीरालाल शाह,अरविंद सोधिया, रूपचंद जैन, आलोक जैन, वीरेंद्र जैन आदि गणमान्य उपस्थित थे। आज छत्रपति नगर में दिगंबर जैन समाज एवं जिनालय ट्रस्ट के कार्य अध्यक्ष डॉ जैनेंद्र जैन के परिवार को आचार्य विनम्र सागर जी महाराज को अपने निवास पितृ पुरुषार्थ पर नवधा भक्ति पूर्वक एवं निरंतराय आहार कराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर डॉ जैनेंद्र जैन सहित धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू, श्रीमती मुक्ता जैन, सुरेखा रसिया, मीना जैन आदि।

रजनी जैन, रचना जैन टारगेट, सुरेखा जैन गुना, साधना जैन एवं महिपाल बगड़िया, देवेंद्र जैन हीरु आदि लोगों ने आचार्य श्री को आहार देकर पुण्यार्जन किया।

**कार्यालय नगर परिषद् खातेगाँव जिला – देवास (म.प्र.)**

E-mail – cmokhategaon@mpurban.gov.in Fax - (07274) : 232020, Office (07274) : 232232

क्रमांक/न.प./PMAY 2.0/2025/1120 खातेगाँव, दिनांक 08.05.2025

**प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 (बी.एल.सी. घटक) अंतर्गत तैयार हितग्राहियों की सूची के संबंध में दावा आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर परिषद खातेगाँव जिला देवास (म.प्र.) अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक में म.प्र. शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 (शहरी) के प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों के दस्तावेजों का मौके पर सत्यापन किये जाने के उपरांत पात्र हितग्राहियों की सूची अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय में प्रेषित किये जाने के पूर्व दावा आपत्ति करने हेतु अंतिम दिनांक 15.05.2025 शाम 05:00 बजे तक प्रमाणित साक्ष सहित कार्यालय में उपस्थित होकर दावे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय अवधि के बाद प्राप्त दावे आपत्तियों पर विचार नही किया जावेगा। दावा आपत्ति आमंत्रण किये जाने वाले हितग्राहियों की सूची नगर परिषद खातेगांव के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। जिसका अवलोकन कर निर्धारित समय अवधि में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद खातेगाँव

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला धार (म.प्र.)**

फोन : 07292-234702, E-mail :- modgmdha@mp.gov.in

पत्र क्रमांक/1351/खनिज/2025-26 धार, दिनांक : 02/05/2025

**:: सूचना ::**

यह सूचित किया जाता है कि पट्टाधारी **श्री दीपक पिता कैलाश धाकड़ निवासी राजोद तहसील सरदारपुर जिला धार ( म.प्र. )** के द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-1 के तहत नवीनीकरण उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 02/05/2025 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | पैकी रकबा हेक्टर में | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धार | सरदारपुर | राजोद | 1843 | 2.000 | शासकीय भूमि | गिट्टी/पत्थर | - |
| | | | योग | 2.000 | | | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो, तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा जिला धार में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुए लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।

नियम अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

जिला खनि अधिकारी
खनिज शाखा
कार्यालय कलेक्टर जिला धार ( म.प्र. )

जी-12511/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग इंदौर (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक - 01/निविदा/इंदौर/2025-26 इंदौर, दिनांक : 01/05/2025

**:: निविदा आमंत्रण सूचना ::**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि ( रू. लाख में ) | ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित संपूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_PWDRB_418603_1 | इंदौर, धार एवं झाबुआ | वार्षिक मरम्मत कार्य | इंदौर, धार एवं झाबुआ जिले में लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उपसंभाग इंदौर के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में पुलों का वार्षिक मरम्मत कार्य। | 9.90 | केवल ऑन-लाईन |
| 2 | 2025_PWDRB_418605_1 | खरगोन, बड़वानी एवं अलीराजपुर | वार्षिक मरम्मत कार्य | खरगोन, बड़वानी एवं अलीराजपुर जिले में लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उपसंभाग खरगोन के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में पुलों का वार्षिक मरम्मत कार्य। | 9.90 | केवल ऑन-लाईन |
| 3 | 2025_PWDRB_418607_1 | खण्डवा एवं बुरहानपुर | वार्षिक मरम्मत कार्य | खण्डवा एवं बुरहानपुर जिले में लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उपसंभाग खण्डवा के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में पुलों का वार्षिक मरम्मत कार्य। | 9.90 | केवल ऑन-लाईन |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 21.05.2025 सायं 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग सेतु
निर्माण संभाग इंदौर

जी-12534/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

**शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय झाबुआ (म.प्र.)**
**(एकलव्य योजनान्तर्गत संचालित महाविद्याय)**

**:: प्रवेश प्रारम्भ सत्र 2025-26 ::**

**विशेषताऐं -**
- ⇨ उच्च प्रशिक्षित व्याख्याता।
- ⇨ स्मार्ट क्लास रूम। इंडस्ट्रीयल विजिट, ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल।
- ⇨ कम्प्यूटर लैब, सिविल लैब, वर्कशॉप, इलेक्ट्रिकल लैब, मैकेनिकल लैब
- ⇨ सर्व सुविधा युक्त बालक छात्रावास, भोजनशाला, जिम।
- ⇨ हाई स्पीड इन्टरनेट ( वाईफाई कैंपस )
- ⇨ लाइब्रेरी की सुविधा। खेल मैदान, पार्किंग।

**योजनान्तर्गत उपलब्ध सुविधाएं-**
- ⇨ नि:शुल्क शिक्षण
- ⇨ नि:शुल्क छात्रावास
- ⇨ नि:शुल्क भोजन
- ⇨ नि:शुल्क स्टेशनरी एवं पुस्तकें
- ⇨ छात्रवृत्ति 1000/- प्रति माह
- ⇨ विश्वविद्यालय की परीक्षा शुल्क वापसी।

**उपलब्ध ब्रांच**
- ⇨ सिविल इंजीनियरिंग 54-सीट
- ⇨ कम्प्यूटर इंजीनियरिंग 54-सीट
- ⇨ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग 54-सीट
- ⇨ मैकेनिकल इंजीनियरिंग 54-सीट

**प्रथम चरण काउंसिलिंग**
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन दिनांक 30/04/2025 से 01/06/2025 तक रात्रि 11.45 बजे तक

**एस.टी. वर्ग के छात्रों हेतु**

**प्रवेश हेतु पात्रता -**
माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश अथवा किसी अन्य मान्यता प्राप्त बोर्ड से ( 10+2 ) प्रणाली कि दसवीं कक्षा उत्तीर्म होना अनिवार्य होगा।

**प्रवेश प्रक्रिया - महाविद्यालय में प्रवेश हेतु https://dte.mponline.gov.in/ वेबसाइट पर एकलव्य योजनान्तर्गत डिप्लोमा पाठ्यक्रम के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन करवाना है।**

**संपर्क सूत्र - श्री ए.आर. चौहान - 9752669135, श्री डी.आर. चौहान - 9754108970, श्रीमती कामना मुकाती - 9584037808, श्री आर.के. तिवारी - 9993993881, श्री सतीष कोरी - 9926387102, श्री एम.एस. वसुनिया - 9630782120, श्री पुनीत गांधी - 9990704220, श्री राहुल कुशवाह - 9575524208, श्री एल.एस. रावत - 9993653636**

**पता :- शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, इंदौर रोड, किशनपुरी, झाबुआ-457661, फोन नं. 07392-243352, ई-मेल : prinpoly.jhb@mp.gov.in, gpcjhabua@gmail.com**

प्राचार्य
शासकीय पोलिटेक्निक महाविद्यालय
झाबुआ ( म.प्र. )

जी-12510/25 "बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"

**न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी, कोठी महल, उज्जैन**

क्रं.-72/री-1/2025 दिनांक : 29.04.2025

**:: विज्ञप्ति ::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना प्रभारी थाना माधवनगर द्वारा पत्र क्रमांक क्यू दिनांक 25.04.2025 से प्रस्तुत कर बताया गया कि थाना माधवनगर में रखे लावारिस वाहन धारा 25 पुलिस एक्ट में दो पहिया वाहनों में 11 जप्तशुदा वाहन मालिकों के संबंध में आरटीो कार्यालय, आरटीओ की वेबसाईट व्हीडीपी पोर्टल एवं पीओएस मशीन से जानकारी प्राप्त कर वाहन स्वामियों/बीमा कंपनियों को सूचित किया गया है किन्तु किसी के द्वारा भी पेश 11 जप्तशुदा सुपुर्दगी के संबंध में कोई आवेदन प्रस्तुत नहीं किया है। जप्तशुदा वाहन थाना परिसर में काफी समय से खड़े होकर अनुपयोगी एवं कण्डम हो रहे है। अत: निम्नानुसार वाहनों की नीलामी कि कार्यवाही की जाना है :-

| क्रमांक | वाहन क्रमांक | वाहन का प्रकार | इंजन नंबर | चेचिस नंबर | निष्प्रयोजन मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MP 13 JE 3706 | बजाज पल्सर 150 सीसी काला रंग | नहीं दिख रहा है | नहीं दिख रहा है | 2700 |
| 2 | बिना नंबर | बजाज पल्सर 150 सीसी काला रंग | नहीं दिख रहा है | नहीं दिख रहा है | 2500 |
| 3 | बिना नंबर | हीरो पुक पुराली | नहीं दिख रहा है | नहीं दिख रहा है | 2500 |
| 4 | MP 13 JB 3706 | बजाज एम 80 रंग लाल | नहीं दिख रहा है | नहीं दिख रहा है | 2800 |
| 5 | MP 13 FA 8838 | लूना लाल रंग | नहीं दिख रहा है | नहीं दिख रहा है | 2600 |
| 6 | MP 13 YA 3827 | लूना सुपर नीले रंग की | नहीं दिख रहा है | नहीं दिख रहा है | 2750 |
| 7 | MP 13 JE 7345 | टीवीस विक्टर काला रंग सिंदूरे पट्टे | नहीं दिख रहा है | नहीं दिख रहा है | 2850 |
| 8 | MP 09 JN 8584 | टीवीस विक्टर काला रंग सिंदूरे पट्टे | H3109004874 | नहीं दिख रहा है | 2900 |
| 9 | MP 13 J 2599 | यामाहा काला रंग | 486 के बाद स्पष्ट नहीं दिख रहा है। | नहीं दिख रहा है | 2900 |
| 10 | MP 13 MH 7900 | होण्डा एक्टिवा सफेद | ME4JC446HA8409230 | नहीं दिख रहा है | 2610 |
| 11 | MP 04 DM 2104 | बजाज पल्सर 220 सीसी काला रंग नीले पट्टे | MD2DHDKZZTC59373 | नहीं दिख रहा है | 2640 |

उक्त सूची अनुसार वाहन मालिक/स्वामी अपने वाहन के हक-हकुक तथा वाहन सुपुर्दगी हेतु इस कार्यालय में मय दस्तावेज लेकर नियत पेशी दिनांक 19.05.2025 तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें। बाद मियाद किसी भी प्रकार के आवेदन मान्य नहीं होंगे तथा अज्ञात वाहनों की नीलामी की कार्यवाही की जावेगी।

आज 29.04.2025 दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय दण्डाधिकारी
कोठी महल, उज्जैन

जी-12545/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा खरगोन**

संभाग खरगोन, ओल्ड कलेक्टोरेट परिसर, जिला खरगोन ( म.प्र. ) 451001
07282-231431, eereskhargon@mp.gov.in

**:: प्रेस-विज्ञप्ति ::**

क्रमांक/735/निविदा/तक/ग्रायांसे./2025 दिनांक : 02.05.2025

**:: निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-03/2025-26 ::**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन पोर्टल www.mptenders.gov.in के माध्यम से निम्नानुसार कुल 03 निर्माण कार्य की ऑनलाईन निविदा प्रपत्र एपेंडक्स 2.10 पर आमंत्रित की जाती हैं।

| क्रं. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | विकास खण्ड | निविदा लागत ( रू. लाख में ) | अमानत राशि ( राशि रूपये में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( राशि रूपये में ) | श्रेणी | आमंत्रण का क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_RES_420903 | लोक सेवा केन्द्र खरगोन का मरम्मत एवं सुधार कार्य | खरगोन | 4.75 | 9,500/- | 2,000/- | सक्षम श्रेणी | प्रथम |
| 2 | 2025_RES_420904 | लोक सेवा केन्द्र झिरन्या में मरम्मत एवं सुधार कार्य | झिरन्या | 4.07 | 8,140/- | 2,000/- | सक्षम श्रेणी | प्रथम |
| 3 | 2025_RES_420906 | लोक सेवा केन्द्र महेश्वर में मरम्मत एवं सुधार कार्य | महेश्वर | 2.82 | 5,640/- | 2,000/- | सक्षम श्रेणी | प्रथम |
| | - | - | - | 11.64 | | | | |

**// समय सारणी //**

| क्रं. | विवरण | प्रारंभ दिनांक एवं समय | | अंतिम दिनांक एवं समय | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | दिनांक | समय | दिनांक | समय |
| 1 | निविदा प्रपत्र क्रय | 13.05.2025 | प्रात: 10.00 बजे से | 23.05.2025 | सायं 05.30 तक |
| 2 | निविदा दर प्रस्तुत | | | | |

वित्तीय ऑफर/प्रस्ताव दिनांक 26-05-2025 प्रात: 10.00 से इस कार्यालय में खोले जावेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने हेतु विस्तृत निविदा व अन्य विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर एवं कार्यालयीन समय में कार्यालय में देखी जा सकती हैं। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतिक्षा न कर निर्धारित समयासारणी अनुसार निविदा की ऑन-लाईन प्रक्रिया पूर्ण करें। वेबसाईट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। ई-निविदा जारी होने के बाद अगर निविदा में कोई संशोधन किया जाता है, तो प्रेस विज्ञप्ति जारी नहीं की जावेगी, संशोधन केवल शासकीय पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर ऑन-लाईन ही जारी किया जावेगा।

( नीता बारिया )
प्र. कार्यपालन यंत्री,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग खरगोन

जी-12509/25 "बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"

# सम्पादकीय

## ट्रेड वॉर का द्वितीयक प्रभाव

इस साल की पहली तिमाही में अमेरिकी अर्थव्यवस्था 0.3 प्रतिशत सिकुड़ी। विशेषज्ञों के मुताबिक इसका कारण ट्रेड वॉर का द्वितीयक प्रभाव है। इसका प्राथमिक प्रभाव तो अगली तिमाहियों में देखने को मिलेगा। तब और बुरी खबरें आ सकती हैं।डॉनल्ड ट्रंप के छेड़े व्यापार युद्ध का पहला बड़ा झटका अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लगा है। 2025 की पहली तिमाही में अमेरिकी अर्थव्यवस्था 0.3 प्रतिशत सिकुड़ गई। विशेषज्ञों के मुताबिक इसका कारण ट्रेड वॉर का द्वितीयक प्रभाव है। इसका प्राथमिक प्रभाव तो अगली तिमाहियों में देखने को मिलेगा। द्वितीयक प्रभाव से मतलब है कि आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी की संभावना को देखते हुए कंपनियों ने जनवरी से ही आयात की मात्रा बढ़ा दी।उधर उपभोक्ताओं ने चीजों की किल्लत और महंगाई बढने की आशंका में जरूरत से ज्यादा खरीदारियां की हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक पहली तिमाही में उपभोक्ता व्यय में 1.8 प्रतिशत का इजाफा हुआ। तो चूंकि निर्यात की तुलना में आयात बहुत तेजी से बढ़ा और उपभोक्ता खर्च में भी वृद्धि हुई, तो इसका असर जीडीपी के आंकड़ों में झलका है। यानी जहां आयात बढने के कारण व्यापार घाटा बढने से जीडीपी वृद्धि दर घटी, वहीं उपभोक्ता खर्च बढने से उसे सहारा मिला। लेकिन ये दोनों परिघटनाएं तात्कालिक हैं। बाजार पर टैरिफ का असर असल में आगे जाहिर होगा। इससे बढ़ती बेचैनी अमेजन जैसी बड़ी कंपनियों की प्रतिक्रिया में भी दिखने लगी है। नकारात्मक मूड के प्रभाव से वित्तीय बाजारों में पहले से ही भारी गिरावट आ चुकी है।अब ट्रंप ने इसकी जिम्मेदारी पूर्व बाइडेन प्रशासन पर डाल कर उसके राजनीतिक प्रभाव से बच निकलने का प्रयास किया है। बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि अभी जो स्टॉक एक्सचेंज है, वह बाइडेन का है, मेरा नहीं।'ट्रंप ने दलील दी कि वे 20 जनवरी को सत्ता में आए और उनके फैसलों का असर होने में अभी समय लगेगा। उनका दावा है कि जब ये असर होगा, अमेरिका में सुख-समृद्धि लौट आएगी। मगर वे इस तथ्य को नजरअंदाज कर गए कि शेयर और बॉन्ड बाजारों में गिरावट मुख्य रूप से 25 फरवरी के बाद शुरू हुई।उत्पादन और वितरण की अर्थव्यवस्था पर उसका क्या असर होगा, यह तो आने वाले महीनों में जाहिर होगा। इस मामले में ट्रंप के आकलन से अर्थशास्त्री सहमत नहीं हैं। दरअसल असलियत की पहली झलक पहली तिमाही के आंकड़ों से मिल गई है।

### दैनिक विनय उजाला सुविचार

ईश्वर द्वारा प्रदत्त शरीर खेत के समान है,
हम केवल मन, वचन, कर्म से उस खेत के किसान है,
उसमें बोना क्या है पाप या पुण्य के बीच
हमारे निर्णय अनुसार ही अंत तय होगा।

**– डॉ. बनवारीलाल जाजोदिया 'यथार्थ'**

कई बार लोगों का आपके प्रति गलत रवैया भी...
आपको मजबूत बनने में बहुत मदद करता है...

**– सुनील शर्मा**

अपने अंदर की एक कमी का भी अगर
हमें एहसास है, तो यक़ीन मानिए वो दूसरों की
हज़ार कमियों को जानने से कहीं बेहतर है!

**– के.पी. जाट, भोपाल**

जब खाना खत्म हो जाऐ ना तो प्लेट ही बोझ बन जाती है...
ठीक उसी तरह जब लोगों का आपसे मतलब निकल जाता है,
ना तब उन्हें आपमें सिर्फ कमियाँ ही नजर आती है...

**– संध्या पाण्डेय**

परिवार को मालिक बनकर नहीं माली बनके संभालो, जिस बगीचे का माली अच्छा होता है हमेशा फूलों से भरा रहता है।

**– तपन जिंदल, इंदौर**

### सिंदूर जगमगाएगा

**सिंदूर मिटाने वाले सुन,**
**सिंदूर सदा जगमगाएगा,**
**ऑपरेशन सिंदूर तुझे,**
**समूल नष्ट कर जाएगा।।**
**चूड़े की चमक, मेहंदी की महक,**
**को जान नहीं तू पाएगा,**
**तेरा नापाक लहू तुझको,**
**अब अपना रंग दिखाएगा।।**
**करके कायरता घुसा मांद में,**
**गीदड़ ही कहलाएगा,**
**अब चीर फाड़ के सिंह तुझे,**
**तेरी औकात बताएगा।।**
**है धर्म सिखाता हमें सदा,**
**निर्दोष न सताया जाएगा,**
**लेकिन तेरा वह हश्र करेंगे,**
**मौत को तू गिड़गिड़ाएगा।।**
**फौज बढ़ रही तुझे रौंदने,**
**सोच कहां छुप पाएगा,**
**अब शेरों की दहाड़ से सुन,**
**पूरा आकाश गूंजाएगा।**



दैनिक विनय उजाला
ज्योति जैन
इंदौर

हम लोग भी हर्ष ध्वनि से भारत जिंदाबाद के नारे लगाते हुए सड़कों पर आ गए थे। हम बच्चे थे, हमको बस इतना ही मालूम था कि हम जीत गए और हम लोगों ने बहुत जश्न मनाया। सड़कों पर खुशी मनाई। स्कूल खुलने पर भी काफी खुशी मनाई गई कि अपना भारत जीत गया। भारत के जितने के बाद रेलों से सैनिकों का लौटना शुरू हो गया था।

# 1971 का युद्ध और जब हम बच्चे थे

प्रलय श्रीवास्तव



दैनिक विनय उजाला



बुजुर्ग मैं 7 साल की उम्र में 1970 में परिवार के साथ नरसिंहपुर से भोपाल आया था। जब भोपाल धीरे धीरे विकास की रफ्तार पकड़ रहा था। पिताजी स्व. श्री सत्य नारायण श्रीवास्तव यहां पूर्व से नूर महल रोड स्थित स्थानीय एक प्रमुख अखबार में संपादक थे ।मां हम बच्चों को लेकर भोपाल शिफ्ट आ गई थी नरसिंहपुर से। जहां हमारा दाखिला पहली कक्षा में विद्या विहार स्कूल प्रोफेसर कॉलोनी में हुआ था।

प्रोफेसर कॉलोनी में रहने के दौरान ही दिसंबर 1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध छिड़ गया था। युद्ध की परिभाषा हम बच्चे नहीं जानते थे। बस इतना मालूम था कि ऊपर से हवाई जहाज निकलेगा और बम बरसयेगा। अखबारों को पढ़ने की भी ललक हममें नहीं होती थी। जब युद्ध शुरू हुआ तब बस आकाशवाणी और अखबार ही सहारा थे। चूंकि पिता पत्रकारिता में थे, देर रात घर लौटते थे। इसलिए अगली सुबह घर पर भी इन विषयों पर चर्चा होती थी। जब युद्ध अपने चरम पर था तब अंधेरा होते ही सायरन बजता और ब्लैक आउट होने लगता। सायरन बजते ही सारे घरों की बिजली लाइट बंद कर दी जाती थी। क्योंकि हम बच्चे थे हमें कुछ समझ में नहीं आता था तब खेल-खेल में हम कभी लाइट जला दिया करते थे। पुलिस गश्त करती थी । प्रोफेसर कॉलोनी जहां हम रहते थे, वह पत्रकारों , प्राध्यापकों की कॉलोनी थी। जहां पुलिस जब कभी राउंड लगाती थी। पुलिस की गश्त ने एक बार देखा कि हमारे घर ई- 134/1 पत्रकार सत्यनारायण श्रीवास्तव के घर के एक कमरे में लाइट जल रही है। वह हम लोगों से तो कुछ नहीं बोले लेकिन वायरलेस से थाने और वहां से प्रेस में पिताजी को खबर की जाती कि आपके घर में लसित जल रही हैं। चूंकि घर में फोन नहीं था, जब पिताजी देर रात लौटते तब डांटते कि थे तुम लोग लाइट क्यों जलाते हो ,बंद रखा करो। डांट फटकार पड़ने के बाद हम लाइट बंद रखते। मुझे अभी भी याद है कि उस समय नूर महल रोड स्थित जिस अखबार में पिताजी काम किया करते थे, उसका लैंडलाइन फोन नंबर 2785 था ।तब टेलीफोन भी चार अंको में हुआ करते थे। घर में राशन सामग्री जुटा ली जाती थी। स्कूल- कॉलेज की छुट्टी हो जाती थी तो हम बच्चे दिन भर घर में मस्ती करते थे। युद्ध के तनाव से बेपरवाह होकर पड़ोसी बच्चों के साथ खेला करते थे । शहर में शांति छाई रहती। घर के सामने रविंद्र भवन था, जहां के कार्यक्रम रद्द हो गए थे। संचार तंत्र सीमित होने से छन छन के खबरें हम लोग तक आती थी। कभी आकाशवाणी से सुना करते थे कि ताजमहल को भी बोरों से ढक दिया गया है ,क्योंकि ताजमहल रात के उजाले में अधिक चमकता है और उसे पर हमला होने की संभावना थी। इसलिए ताजमहल को ढक दिया जाता था ।ऐसा हम लोगों को अभी भी याद है। दिल्ली में विशेष सतर्कता बरती जाती। जैसे जैसे इस युद्ध में भारत ने अपनी ताकत दिखाई और जीत हासिल की, वैसे-वैसे भारत के सभी शहरों में देशभक्ति की मस्ती छा गई थी। हम लोग भी हर्ष ध्वनि से भारत जिंदाबाद के नारे लगाते हुए सड़कों पर आ गए थे। हम बच्चे थे, हमको बस इतना ही मालूम था कि हम जीत गए और हम लोगों ने बहुत जश्न मनाया। सड़कों पर खुशी मनाई। स्कूल खुलने पर भी काफी खुशी मनाई गईकि अपना भारत जीत गया। भारत के जितने के बाद रेलों से सैनिकों का लौटना शुरू हो गया था। मेरे पड़ोस में वरिष्ठ पत्रकार और माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रिकारिता विश्वविद्यालय के पूर्व महानिदेशक श्री राधेश्याम शर्मा (अब स्वर्गीय) रहते थे। उनकी धर्मपत्नी काफी सक्रिय और सच्ची देशभक्त थी। जब भारतीय सैनिक युद्ध से लौट रहे थे तब वे मुझे लेकर भोपाल रेलवे स्टेशन सैनिकों के स्वागत के लिए गई थी। उनके हाथों में संतरों, सेव ,कैले से भरी टोकरी थी। शर्मा आती के साथ मैं दिनभर भोपाल के रेलवे स्टेशन पर रहा। जो भी ट्रेन, जिसमें सैनिक लौट रहे थे, हम लोगों ने उन्हें फल वितरित किए और सेल्यूट मारकर उनका अभिवादन किया। ट्रेन थोड़ी देर रूकती थी ,सैनिकों ने भी हाथ मिलाकर और मुझे पुचकार के उत्साह बढ़ाया और सहर्ष फल स्वीकार किये। काफी संख्या में भोपाल के स्वयंसेवी संगठन भी रेलवे स्टेशन पर तैनात थे। कोई सैनिकों को पानी पिला रहा था, कोई उन्हें मिठाई दे रहा था, कोई भोजन तो कोई फल दे रहा था। सभी लोग हार फूल से उनका स्वागत कर रहे थे।यह सिलसिला दिन भर पर चलता रहता था और हम सैनिकों के देशभक्ति से ओतप्रोत जज्बे को सलाम करते थे। इसके बाद के दौर में अनेक देशभक्ति की फिल्में आई। मनोज कुमार ने पूरब और पश्चिम तो एक फिल्म बांग्लादेश पर बनी। जिसमें बंगलादेश के तत्कालीन प्रधानमंत्री मुजीबुर्रहमान का रोल संभवत: आई. एस.जौहर ने निभाया था। जैसा मुझे याद है उस समय जो भी नई फिल्में आती थी, पत्रकारों के लिए उसका प्रीमियर शो होता था और हम लोगों को निमंत्रण पत्र प्राप्त हो जाते थे। उन फिल्मों का हम बच्चों ने भी पूरा लुफ्त उठाया था ।इसके बाद शायद केंद्र या राज्य सरकार द्वारा भदभदा डिपो चौराहा स्थित पहाड़ी पर रात्रि में युद्ध पर आधारित शो हुआ करता था, जिसका शीर्षक था बढ़ते कदम। भदभदा पहाड़ी पर लाइट का फोकस डाला जाता है और सैनिकों के साहस की गाथा को नाट्य रूप में प्रस्तुत किया जाता। काफी संख्या में भोपाल के लोग उस नाट्य प्रस्तुति को देखने पहुंचते थे। संगीत और देशभक्ति की भावाभिव्यक्ति के साथ वह प्रस्तुति होती। लगभग तीन से चार घंटे की प्रस्तुति के बाद हम देशभक्ति की भावना से सराबोर होकर घर वापस लौटते। पाकिस्तान पर जीतद्ध के बाद भी काफी महीनो तक भारत में जश्न मनाया जाता रहा। जिसमें सभी वर्ग और समाज के लोग शामिल हुए थे। भारतीय सेना की मुक्त कंठ से तारीफ की जाती थी।

# मौसी का पैरेंटिंग सबक दूध को उबाले बिना मलाई बनाओ

अंतरा पटेल

मेरा बेटा तीन साल का था। दफ्तर से छुट्टियां लेकर मैं उसे आम के सीजन में गांव लेकर गई, जहां मेरी मौसी रहा करती थीं। मौसी के घर के पीछे ही उनका आम का बागीचा था, जिसमें मेरे बेटे को खेलना अच्छा लगता था। मज़े का समय था या ऐसा प्रतीत हुआ जब तक कि बेटे ने अपने नखरे दिखाने शुरू न कर दिए। शुरुआत किसी ग़ैर-ज़रूरी बात से होती जैसे गेंद को गिरा देना और फिर घंटों तक रोना चिल्लाना शुरू। यह स्थिति मुझे कुंठित कर देती क्योंकि मेरी कोशिशों के बावजूद वह चुप होने का नाम ही न लेता। उसका ध्यान इधर उधर भटकाने का मैं भरपूर प्रयास करती, घंटो लग जाते और गुस्से में मैं उसे डांट देती। कभी कभी डांट काम कर जाती, मैं चैन की सांस लेती, लेकिन अक्सर यह सब कुछ जिस तरह से खत्म होता वह मुझे अच्छा न लगता ।लेकिन उसे चुप करने का मुझे कोई और तरीका मालूम ही न था और मेरी यह नाकामी शायद उसकी भावनाओं का सामना करने से अधिक कठिन थी।

गांव में एक सप्ताह गुज़ार गया था। एक दिन सुबह को जब हम नाश्ता कर रहे थे तो एक युवा महिला अपने बच्चे के साथ आयी, जो मेरे बेटे की आयु जितना ही था। मौसी ने उस महिला को भी नाश्ते की टेबल पर आमंत्रित कर लिया। महिला ने अपने आने का कारण बताते हुए कहा, मेरे बेटे पर किसी प्रेत का साया है या उसे बुरी नज़र लग गई है। आप उपचार कर दें। मौसी ने उससे मालूम किया कि उसे ऐसा क्यों लगता है? महिला बोली कि उसका बेटा कभी उसकी बात नहीं मानता, छोटी छोटी बातों पर गुस्सा करता है और आमतौर से एक क्रूर तानाशाह की तरह व्यवहार करता है। मौसी उसे देखकर मुस्कुरायीं और उसे आम के बागीचे में ले गईं, जहां मैं उन्हें महिला से बात करते हुए और साथ ही आम तोड़ते हुए देख सकती थी। लगभग आधा घंटा बाद महिला व उसका बच्चा दर्जन भर आम लेकर वहां से चले गये। मौसी के लौटने पर मैंने उनसे मालूम किया कि आपने क्या इलाज किया क्योंकि मुझे लग रहा था कि उस इलाज की मुझे भी ज़रूरत है। मौसी ने जवाब दिया, मैंने उससे कहा कि दूध को उबाले बिना मलाई बनाने की कोशिश करो।

> कुंठा सिर्फ़ कुंठा है। आप अपने बच्चे को गुस्सा करने या कुंठित होने से नहीं रोक सकतीं, लेकिन उन्हें यह सिखा सकती हैं कि इन्हें नियंत्रित कैसे किया जाये, मौसी ने मुझे समझाते हुए कहा। मैं बैठी हुए मौसी व अपने बेटे को देखती रही और सोचती रही कि मेरे पैरेंट्स ने मेरे गुस्से का सामना कैसे किया होगा, जब मैं बच्ची थी। मुझे याद है कि जब मैं क्रूर तानाशाह की तरह चिल्लाती थी, तब मेरी मां अपने घुटनों पर बैठकर मेरी आंखों में देखती थी और आहिस्ता से मुझसे बातें करती थी।

मैं उलझन में पड़ गई, मेरी समझ में कुछ न आया। मेरा बेटा कोने में बैठा हुआ बर्तनों से खेल रहा था, जैसे नाश्ता 'बना' रहा हो। मौसी ने एक कपड़ा उठाकर उससे टेबल साफ करते हुए सवाल किया, क्या अब तक तुम्हारे बात समझ में नहीं आयी? कोरे कागज़ की तरह मेरे चेहरे पर कोई भाव न आये। मैं एकदम ब्लेंक थी। मौसी बोलीं, एक मां (या बाप) की शायद सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी यह है कि अपने बच्चे की कठिन भावनाओं के लिए स्पेस रखें । जब बच्चा खुश या उदास होता है तब उसे स्वीकार करना आसान होता है, लेकिन असल बेचौनी उस समय होती है जब बच्चा गुस्सा या कुंठा प्रदर्शित करता है। क्या तुम्हारी समझ में आ रहा है जो मैं कह रही हूं? मैंने इस बारे में सोचा कि क्या मेरे बेटे का गुस्सा मुझे असहज कर देता है और मैं इस नतीजे पर पहुंची कि मौसी सही हैं। मैंने अपने बेटे की अनेक भावनाओं का सामना किया था, लेकिन उसका गुस्सा व कुंठा मुझे पराजित कर देता था। मैं जो भी कोशिश करती, सब असफल रहतीं और मेरी समझ में नहीं आ रहा था कि मैं क्या करूं?

मेरी प्यारी, याद रखो गुस्सा अनादर के समान नहीं होता है। गुस्सा सिर्फ़ गुस्सा है। कुंठा सिर्फ़ कुंठा है। आप अपने बच्चे को गुस्सा करने या कुंठित होने से नहीं रोक सकतीं, लेकिन उन्हें यह सिखा सकती हैं कि इन्हें नियंत्रित कैसे किया जाये, मौसी ने मुझे समझाते हुए कहा। मैं बैठी हुए मौसी व अपने बेटे को देखती रही और सोचती रही कि मेरे पैरेंट्स ने मेरे गुस्से का सामना कैसे किया होगा, जब मैं बच्ची थी। मुझे याद है कि जब मैं क्रूर तानाशाह की तरह चिल्लाती थी, तब मेरी मां अपने घुटनों पर बैठकर मेरी आंखों में देखती थी और आहिस्ता से मुझसे बातें करती थी। उस समय मेरी समझ में नहीं आता था कि वह क्या कर रही, लेकिन मेरा गुस्सा शांत हो जाता था। अब मौसी के पास बैठकर मेरी समझ में आ रहा है कि मेरी मां ने कभी मेरे गुस्से से भटकाने की कोशिश नहीं की। इसके विपरीत वह मुझे मेरे गुस्से को महसूस करने देतीं और फिर गुस्से को शांत करने में मेरी मदद करती। मौसी बोलीं, जब मैंने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया और वह नखरे दिखाने के स्तर पर पहुंचा तो मैं भी कुंठित हो गई थी। मैंने उसे परम्परागत तरीकों से अनुशासित करने की कोशिश की, लेकिन इससे सिर्फ़ यह हुआ कि वह मुझसे डरने लगा। मैं जानती थी कि कोई अन्य तरीका भी होगा। मैं अपनी सास के पास गई। उन्होंने बताया कि जिस पल तुम्हें चिल्लाने का मन करे तभी तुम्हे अपनी आवाज़ नीची कर लेनी चाहिए। तुम किनारा बनो जहां भावनाओं की सब लहर आकर टूट जानी चाहियें। इससे बच्चे को अपनी भावनाओं की ताक़त मालूम हो जायेगी और वह आख़िरकार उन्हें नियंत्रित करना सीख जायेगा। जितनी नर्म आप अपने बच्चों के साथ होंगी, उतने नर्म वह अपने आप से और कल को दुनिया के साथ होंगे। इस तरह मैं समुद्र का कभी न खत्म होने वाला किनारा बन गई, जहां मेरे बेटे के नखरों की लहरें आकर टूट जातीं। अब भी कभी कभी मैं नाकाम हो जाती हूं, लेकिन कभी-कभार ही। मैं उसकी कठिन भावनाओं को दिशा देना सीख गई हूं और वह भी अपनी भावनाओं को नियंत्रित करना सीख रहा है।

**-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**

### लघुकथा : बत्ती गुल

कल अचानक, बादलों की गड़गड़ाहट हुई और बारिश, बेमौसम ओलों के साथ टूट पड़ी। बारिश सुस्ताने लगी तो मच्छरों का संगीत शुरू हो गया। तभी—पूरे मोहल्ले की बत्ती गुल हो गई।

टी.वी., लैपटॉप, मोबाइल और इंटरनेट - सब शांत। सन्नाटा गूंजते ही काकू, अन्नू और सुन्नू आभासी दुनिया से निकलकर बा के साथ आंगन में बैठ गए।

बा ने मुस्कुराते हुए कहा, अच्छा है, कभी-कभी अंधेरा भी अपनों को पास ले आता है।

मौका देख बा ने अपनी कहानियों की गठरी खोल दी, और उनकी आवाज़ का जादू चलने लगा।

एक समय की बात है... इतना कहते ही बच्चे उत्साहित होकर पास खिसक आए।

राजा-रानी की कहानी में राक्षस आया, तो अन्नू की आंखें डर से फैल गईं। तो कभी सैनिकों की शौर्यगाथा सुनकर सुन्नू का मुंह आश्चर्य से खुला रह गया। बूढ़ी डाकिन की कहानी पर सबने जोर से ठहाके लगाए वहीं दरवाजे की कर्कश आवाज़ से सभी सहम भी गए, लेकिन फिर बा की मीठी मुस्कान ने सबका डर दूर भगा दिया।

कहानी चल ही रही थी कि अचानक बिजली लौट आई,लेकिन बिजली के आने से कोई खुश नहीं हुआ।

बा, अब कल भी कहानी सुनाओगी ना? अन्नू ने कसकर उनका हाथ पकड़ लिया।

बा हँसीं, अगर बत्ती फिर गुल हो गई तो ज़रूर। नहीं, सुन्नू बोली, बत्ती रहे या ना रहे, कहानी ज़रूर सुनना, बा।

उस दिन पहली बार बच्चों को अंधेरा खूब भाया, क्योंकि अंधेरे में किस्सों की सबसे प्यारी रोशनी फैली थी — बा की आवाज़ में।



दैनिक विनय उजाला
विजय सिंह चौहान

डेला रिसॉर्ट्स एंड एडवेंचर ने पुणे में रु. 1,100 करोड़ की थीम वाली मेगा टाउनशिप के लिए हीरानंदानी कम्युनिटीज और क्रिसला डेवलपर्स के साथ मिलकर काम किया

# आरई निवेश पर 9% तक का रिटर्न देने के लिए तैयार है डेला रिसॉर्ट्स एंड एडवेंचर

विनय उजाला

**मुंबई।** भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में अपनी तरह के पहले कदम के तहत, डेला रिसॉर्ट्स एंड एडवेंचर ने पुणे में 1,100 करोड़ रुपये की राजस्व क्षमता वाली एक ऐतिहासिक, रेसकोर्स थीम वाली मेगा टाउनशिप शुरू करने के लिए हीरानंदानी कम्युनिटीज और क्रिसला डेवलपर्स के साथ एक मालिकाना CDDMOTM मॉडल में प्रवेश किया है। थीम आधारित आतिथ्य संचालित मॉडल रियल एस्टेट में एक नए निवेश वर्ग को खोलता है जिसमें 9त्र तक ऋद्ध प्राप्त करने की क्षमता है। यह मॉडल सुनिश्चित करता है कि मूल्य प्रस्ताव रियल एस्टेट से कहीं आगे तक फैला हुआ है, एक क्यूरेटेड लाइफस्टाइल इकोसिस्टम बनाता है जो बेजोड़ विलासिता, समुदाय और अनुभवात्मक आतिथ्य को मिलाता है। पुणे के तेजी से विकसित हो रहे उत्तरी हिंजेवाड़ी में 40 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले इस टाउनशिप में 8 एकड़ का रेसकोर्स और इंटरनेशनल पोलो क्लब, 128 निजी विला प्लॉट, 112 रिसॉर्ट निजी निवास, 300 चाबियों वाला 5-सितारा लक्जरी रिसॉर्ट, 9 विवाह स्थल स्थल, 12 कॉर्पोरेट और एमआईसीई स्थल, एक्सट्रीम एडवेंचर पार्क, डेला रेंज गोल्फ, स्वास्थ्य सुविधाएं और डेला की विशिष्ट डिजाइन संवेदनाओं द्वारा संचालित अनुभवात्मक स्थान शामिल होंगे। टाउनशिप की समकालीन जैविक और ब्रिटिश औपनिवेशिक वास्तुकला और डिजाइन शैली घर के मालिकों और निवेशकों की नई पीढ़ी की सौंदर्य संबंधी प्राथमिकताओं के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होती है जो अनुभवात्मक जीवन, स्थिर रिटर्न और दीर्घकालिक परिसंपत्ति विकास को महत्व देते हैं।

इस विकास के पीछे दूरदर्शी, डेला रिसॉर्ट्स एंड एडवेंचर के संस्थापक और अध्यक्ष, जिमी मिस्त्री ने कहा, यह सिर्फ एक और टाउनशिप नहीं है - यह भारत में पहले कभी नहीं देखे गए रियल एस्टेट मॉडल का जन्म है। हमारे CDDMOTM दृष्टिकोण के साथ, हम रियल एस्टेट को एक उत्पाद से एक अनुभव में बदल रहे हैं, और एक स्थिर संपत्ति से एक गतिशील, उपज-उत्पादक निवेश में बदल रहे हैं। यह पहली बार है जब आवासीय रियल एस्टेट 3त्र के पारंपरिक उद्योग मानदंडों से अधिक रिटर्न दे रहा है - पारंपरिक अपेक्षाओं को तोड़ते हुए रियल एस्टेट निवेश पर 9त्र तक का सुनिश्चित रिटर्न दे रहा है। यह लक्जरी भविष्य के अनुकूल



जीवन है, जिसे सटीकता के साथ क्यूरेट किया गया है और डिजाइन, नवाचार और परिचालन उत्कृष्टता द्वारा संचालित किया गया है। उद्योग के दिग्गज, डॉ. निरंजन हीरानंदानी - चेयरमैन- हीरानंदानी कम्युनिटीज ने इस साझेदारी पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, भारतीय रियल एस्टेट परिदृश्य में आमूलचूल परिवर्तन हो रहा है, जो एकीकृत, वन-स्टॉप गंतव्यों में जीवनशैली-केंद्रित जीवन जीने के लिए घर खरीदारों की बढ़ती आकांक्षाओं से प्रेरित है। उद्योग को ऐसे रुझानों को अपनाना चाहिए जो ग्राहक-केंद्रितता को बढ़ाने के लिए स्थान और सेवाओं के निर्बाध एकीकरण पर जोर देते हैं। जैसे-जैसे आधुनिक घर खरीदारों की प्राथमिकताएँ विकसित होती जा रही हैं, रियल एस्टेट डेवलपर्स को महत्वाकांक्षी भारतीय घर मालिकों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए अनुकूलित अभिनव पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए संबद्ध उद्योगों के साथ सहयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नवाचार और ट्रेंडसेटिंग हमेशा से हीरानंदानी की पहचान रहे हैं। पुणे के उत्तरी हिंजेवाड़ी में 105 एकड़ की टाउनशिप पर क्रिसला डेवलपर्स के साथ हमारा रणनीतिक संयुक्त उद्यम हीरानंदानी समूह के पुणे के तेजी से बढ़ते रियल एस्टेट बाजार में प्रवेश का प्रतीक है। इसके अलावा, डेला ग्रुप के साथ विकास प्रबंधन समझौता क्यूरेटेड अनुभवात्मक रहने की जगहें देने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इस सहयोग का उद्देश्य जीवन शैली को फिर से परिभाषित करना, अंतिम उपयोगकर्ताओं और निवेशकों दोनों के लिए मूल्य प्रस्ताव को बढ़ाना और भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित करना है। इस सहयोग से उत्साहित, कृसला डेवलपर्स के सीएमडी, श्री सागर अग्रवाल ने कहा, हमने हीरानंदानी कम्युनिटीज के साथ मिलकर 105 एकड़ का एकीकृत टाउनशिप बनाया है, जो पैमाने, स्थिरता और स्मार्ट शहरीकरण के स्तंभों पर बना है। डेला टाउनशिप के साथ हमारा 40 एकड़ का सहयोग कृसला डेवलपर्स की रणनीतिक साझेदारी बनाने की मुख्य ताकत का एक स्वाभाविक विस्तार है, जो दृष्टि और मूल्य दोनों को बढ़ाता है। यह सेगमेंट आवासीय रियल एस्टेट में कई उद्योग प्रथम प्रदान करेगा, जिसमें प्रीमियम निजी विला प्लॉट, हस्ताक्षर निवास, एक रेसकोर्स, एक रिसॉर्ट और एक एडवेंचर पार्क शामिल हैं, जो आतिथ्य को शहरी जीवन के केंद्र में लाएंगे। मुंबई-बैंगलोर राष्ट्रीय राजमार्ग तक निर्बाध पहुंच के साथ उत्तर हिंजवडी में स्थित, टाउनशिप खरीदारों और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए विशिष्ट रूप से स्थित है। परियोजना अभी एडवांस्ड प्लानिंग स्टेज में है, भूमि अधिग्रहण पूरा हो चुका है और डिजाइन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। टाउनशिप का पहला चरण 3 महीने में शुरू होने की उम्मीद है, जिसमें रिसॉर्ट और विला भूखंडों के लिए अगले साल की शुरुआत में और निजी आवासों के लिए 26 के अंत में कब्जा दिया जाएगा। आतिथ्य आधारित इस टाउनशिप का उद्देश्य शहरी जीवन को फिर से परिभाषित करना और पुणे में एक सांस्कृतिक आकर्षण का केंद्र बनना है और अन्य उभरते भारतीय महानगरों में एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में काम करना है।

# अब आईएमएफ में पड़ोसी की घेराबंदी करेगा भारत

## मिस्री बोले- पैकेज देने वालों को देखनी होगी पाकिस्तान की हकीकत

नई दिल्ली, एजेंसी

**विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेस की। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने और भारतीय सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की जानकारी साझा की है। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान नकेल कंसने के लिए आईएमएफ से भी अपील की है।**



प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने गुरुवार को पाकिस्तान को दिए गए ऋणों की समीक्षा को लेकर होने वाली आईएमएफ की बैठक पर कहा, हमारे पास आईएमएफ में एक कार्यकारी निदेशक हैं। कल आईएमएफ के बोर्ड की बैठक है और मुझे यकीन है कि हमारे कार्यकारी निदेशक भारत की स्थिति को सामने रखेंगे। बोर्ड का निर्णय एक अलग मामला है।

### पैकेज देने से पहले डेटा चेक कर ले आईएमएफ- मिसरी

विदेश सचिव ने कहा कि लेकिन मेरा मानना है कि पाकिस्तान के संबंध में मामला उन लोगों को खुद देखना चाहिए जो इस देश को बचाने के लिए अपनी जेबें खोलते हैं। मुझे लगता है कि आपके पास इस बात का डेटा होगा कि पैकेज देने वालों को देखना होगा पाकिस्तान ने इसका कैसे इस्तेमाल किया है। उन्हें पिछले तीन दशकों में कई कार्यक्रम स्वीकृत किए गए हैं और मुझे लगता है कि आपको इस बात का भी अंदाजा होगा कि उनमें से कितने कार्यक्रम सही साबित हुए हैं। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक ऐसा निर्णय है जिसे बोर्ड के सदस्यों को लेना है।

बता दें कि कल आईएमएफ की बैठक होने वाली है। जिसमें पाकिस्तान के लिए बेलआउट पैकेज का एलान किया जाना है। माना जा रहा है कि भारत आईएमएफ में पाकिस्तान की करतूतों का खुलासा कर पैकेज का विरोध करेगा।

### आतंकियों को पाकिस्तानी झंडे में लपेटा, उनके जनाजे में सेना मौजूद थी

विक्रम मिस्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में केवल आतंकी इमारतें को ही निशाना बनाया गया था। पाकिस्तान दावा कर रहा है कि भारत के ऑपरेशन में सिर्फ नागरिक मारे गए। वहां आतंकवादियों के अंतिम संस्कार की तस्वीरें देखिए। अगर कोई आम नागरिक मारा गया है तो पाकिस्तानी सेना के अधिकारी हाफिज सईद के साथ क्यों खड़े हुए थे।
आतंकवादियों के शव को पाकिस्तानी झंडे में लपेटा गया था। उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार पूरी सच्चाई बयां करता है। पाकिस्तान का दावा पूरी तरह से झूठा है। हमने जिन्हें टारगेट बनाया उनमें कुछ ऐसी इमारतें थीं, जहां कट्टरपंथ और ट्रेनिंग दी जाती थी और इन्हें धार्मिक इमारतों की आड़ में छिपाया जाता था। भारतीय विमानों को मार गिराए जाने के दावे पर विक्रम मिस्री ने कहा, जब सही समय होगा तो आधिकारिक तौर पर आपको सूचना दी जाएगी। पाकिस्तान का जन्म लेते ही झूठ शुरू हो गया था। 1947 में संयुक्त राष्ट्र से कहा था कि कश्मीर पर हमला करने वाले कबायली हैं। हमारी फौजों और हमारी फौजों ने देखा था तब कि वहां पर पाकिस्तान की फौज थी। झूठ की यात्रा 75 साल पहले शुरू हो चुकी है।


## पाकिस्तान से तनाव के बीच ईरान के साथ बैठक में बोले जयशंकर

# 'भारत हमले का मुंहतोड़ जवाब देगा'

नई दिल्ली

**ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची के साथ भारत-ईरान संयुक्त आयोग की बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सख्त रवैया दिखाते हुए पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी।**

उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत को सीमा पार आतंकी ढांचे पर हमला करके जवाब देना पड़ा। उन्होंने कहा कि भारत की प्रतिक्रिया लक्षित और सटीक थी, और स्थिति को और बिगाड़ने का उद्देश्य नहीं था। साथ ही जयशंकर ने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि अगर भारत पर सैन्य हमला होता है, तो भारत और भी मजबूती से जवाब देगा।



**जयशंकर ने पाकिस्तान को दी चेतावनी...** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि भारत पाकिस्तान के साथ स्थिति को बढ़ाने का इरादा नहीं रखता है, लेकिन अगर देश पर सैन्य हमले होते हैं, तो इसे बहुत कड़े जवाब से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि 7 मई को पहलगाम हमले के बाद भारत ने सीमा पार आतंकवादियों के ढांचे पर लक्षित और मापी गई कार्रवाई की। जयशंकर ने कहा कि यह हमला हमें 7 मई को सीमा पार आतंकवादी ढांचे पर हमले के लिए मजबूर कर दिया। हमारा जवाब लक्षित और मापी गया था।

जयशंकर ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत का उद्देश्य स्थिति को बढ़ाना नहीं है, लेकिन अगर सैन्य हमले होते हैं तो उसे बहुत सख्त जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईरान को इस स्थिति को समझना जरूरी है क्योंकि वह भारत का करीबी साझीदार और पड़ोसी है।

**बैठक में आर्थिक समझौतों की समीक्षा की जाएगी...** वहीं संयुक्त आयोग की बैठक को लेकर भारत में ईरान के दूतावास ने एक्स पर पोस्ट में कहा संयुक्त आयोग की बैठक हर साल होनी चाहिए, लेकिन कोविड-19 महामारी और दोनों देशों की घरेलू व्यवस्तताओं के कारण कुछ समय के लिए रुक गई। दूतावास ने आगे कहा कि इस बैठक में दोनों देशों के बीच हुए आर्थिक समझौतों की नवीनतम स्थिति की समीक्षा की जाएगी और उसका पालन किया जाएगा।

**भारत ने आतंकियों को दिया करारा जवाब...** ईरानी विदेश मंत्री अराघची की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने 26 लोगों की धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। इसके बाद भारत ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमला कर उन्हें करारा जवाब दिया है।

### ईरान ने भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव पर जताई चिंता

ईरान ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्री अराघची ने एक बयान जारी कर कहा कि ईरान पहलगाम में पर्यटकों के खिलाफ आतंकवादी हमले की कड़ी और स्पष्ट रूप से निंदा करता है। हमारे विचार और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। हम भारत के लोगों और सरकार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। इसके अलावा, ईरान ने भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव पर भी चिंता जताई और दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की।

## कहां उपयोग होगा सिंधु नदी का जल? कृषि मंत्री ने बताया- छह राज्यों के किसानों को होगा फायदा

नई दिल्ली, एजेंसी



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बीते 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। इस बीच केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिंधु जल समझौता को लेकर बड़ा एलान किया है। राजधानी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन खरीफ अभियान 2025 सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, हम किसी को छेड़ते नहीं, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि कोई हमें छेड़े तो उसे छोड़ते भी नहीं हैं।

शिवराज ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा संकल्प है कि आतंकवाद का जड़ से खात्मा करके ही चैन की सांस लेंगे। कल पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में पांचवें पायदान से उठकर अब चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वहीं दूसरी ओर आतंकवादियों के विनाश का महाअभियान भी चालू है, जिन्होंने हमारी बेटियों की मांग से सिंदूर पोछा था, ऐसे आतंकवादियों और उनके सरगनाओं के अड्डों को तबाह कर दिया गया है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि हमारे कृषि विभाग के सभी साथी कटिबद्ध हैं, हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पीछे खड़े हैं। हमें गर्व है अपनी सेना पर, सेना के शौर्य पर, हमारे जवानों पर और ऑपरेशन में लगे हुए सारे साथियों पर। ऑपरेशन सिंदूर एक संदेश है कि भारत की तरफ किसी को आंख उठाकर देखने नहीं दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### वायु प्रदूषण से निपटने के लिए होगी वैज्ञानिक तकनीक से बारिश, दिल्ली सरकार ने बनाया है ये प्लान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली में अब वैज्ञानिक तकनीक से बारिश कराई जाएगी। बुधवार को दिल्ली कैबिनेट ने इसपर बड़ा फैसला लिया है। सीएम रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में दिल्ली कैबिनेट ने दिल्ली-एनसीआर के लिए 'क्लाउड-सीडिंग ट्रायल और मूल्यांकन' प्रस्ताव के लिए मंजूरी दी है। इस परियोजना के जरिए राजधानी में बढ़ते वायु प्रदूषण और कम बारिश से प्रभावी ढंग से निपटना आसान होगा।



इस प्रोजेक्ट को आईआईटी कानपुर के दिशा निर्देश पर चलाया जाएगा, जो पूरे प्रोजेक्ट की योजना, एयरक्राफ्ट की तैनाती, केमिकल के छिड़काव, वैज्ञानिक मॉडलिंग और ट्रायल्स की निगरानी करेंगे। दिल्ली सरकार इस ट्रायल के लिए आईआईटी कानपुर को फंड जारी करेगी। हरएक क्लाउड-सीडिंग ट्रायल की लागत करीब 55 लाख होगी। पांच ट्रायल्स के लिए कुल अनुमानित खर्च 2.75 करोड़ है। इसके अलावा, एक बार में एयरक्राफ्ट की कैलिब्रेशन, केमिकल स्टोरेज और लॉजिस्टिक के लिए 66 लाख खर्च होगा। इस तरह प्रोजेक्ट की कुल लागत 3.21 करोड़ होगी।

**पहला ट्रायल इस महीने के आखिर तक...** दिल्ली के बाहरी इलाकों में क्लाउड सीडिंग का पहला ट्रायल इसी महीने के अंत तक होगा। करीब 100 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में ट्रायल कराने की तैयारी है। इस चरण में कुल पांच ट्रायल प्रस्तावित हैं। ट्रायल के बाद वैज्ञानिक आधार पर इसका मूल्यांकन किया जाएगा कि क्लाउड-सीडिंग वायु गुणवत्ता और वर्षा पर कितना प्रभाव डालती है।

**इसके लिए 13 विभागों से लेनी होगी एनओसी...** पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि यह प्रस्ताव सीएम रेखा गुप्ता की अध्यक्षता वाली कैबिनेट में पास हो चुका है। हम जल्द से जल्द ट्रायल शुरू करना चाहते हैं। लेकिन प्रोजेक्ट के संचालन से पहले सरकार को 13 अहम विभागों और एजेंसियों से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेने होंगे। इनमें नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय, पर्यावरण मंत्रालय, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और अन्य विभाग शामिल हैं।

### सैनिक बनना चाहता है मासूम तनुज, पीएम मोदी ने मिलने की जताई इच्छा; पहलगाम हमले में पिता की हुई थी मौत

**बालेश्वर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पिता खोने वाला नौ साल का तनुज आतंकियों का सामना करने के लिए भारतीय सेना में भर्ती होने की इच्छा जताई है। तनुज ने गुरुवार को कहा कि वह भारतीय सेना में भर्ती होना चाहते हैं और पाकिस्तान के आतंकवादियों का मुकाबला करना चाहते हैं। बता दें कि तनुज 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले प्रशांत सतपथी का पुत्र है। ओडिशा के बालासोर जिले में अपने घर पर संवाददाताओं से बात करते हुए तनुज ने कहा कि अगर उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का मौका मिले, तो वह उनसे कहेंगे कि कोई और बच्चा उनके जैसा पिता के बिना न रहे।



## प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी में बड़ा बदलाव...

## एक साथ दो आईएएस और 18 पीसीएस अधिकारियों के ट्रांसफर

लखनऊ, एजेंसी

उत्तरप्रदेश में दो आईएएस और 18 पीसीएस अधिकारियों को इधर से उधर कर दिया गया है। प्रतीक्षरत चल रहे आईएएस अधिकारी अमित कुमार घोष को सचिवालय प्रशासन के प्रमुख सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। अभी तक इस पद पर आईएएस के. रवीन्द्र नायक थे। हरदोई की संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षा जोशी को इसी पद पर मेरठ भेजा गया है। इस संबंध में बृहस्पतिवार को नियुक्ति विभाग ने शासनादेश जारी कर दिया।

मंडी परिषद के उप निदेशक अमरेश कुमार को अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मथुरा, अपर मेलाधिकारी प्रयागराज दयानंद प्रसाद को अपर निदेशक (प्रशासन) कृषि निदेशालय, कुम्भ मेला के विशेष कार्याधिकारी अभिनव पाठक को आगरा का उप जिलाधिकारी और आलोक गुप्ता को कानपुर नगर का उप जिलाधिकारी बनाया गया है।

राजस्व परिषद में विशेष कार्याधिकारी सुनील कुमार झा को मेजर ध्यानचंद खेल विवि मेरठ का कुल सचिव, मेरठ के उपजिलाधिकारी नवनीत गोयल को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) महाराजगंज, शाहजहांपुर के उपजिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र नाथ इसी पद पर प्रयागराज, प्रयागराज मंडल के अपर आयुक्त पुष्पराज सिंह को गोरखपुर विकास प्राधिकरण का सचिव, मऊ के उपजिलाधिकारी सुमित सिंह को इसी पद पर अलीगढ़,अयोध्या की उपजिलाधिकारी अंशिका दीक्षित को इसी पद पर बिजनौर पर भेजा गया है। लखीमपुर खीरी के अपर जिलाधिकारी (विरा) संजय कुमार सिंह को मुजफ्फरनगर का अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), वहीं मुजफ्फरनगर में इस पद पर रहे नरेन्द्र बहादुर सिंह को लखीमपुर खीरी भेजा गया है।



### हरियाणा में अलर्ट : पुलिस-स्वास्थ्य और दमकल विभाग में कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द, हर गांव में लगेंगे सायरन

**चंडीगढ़, एजेंसी।** सरहद पर तनाव के चलते हरियाणा भी अलर्ट मोड पर आ गया है। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। भारत और पाकिस्तान में टेंशन के बीच हरियाणा स्वास्थ्य महानिदेशक की ओर से चिट्ठी जारी कर कहा गया है कि कोई भी कर्मचारी-अधिकारी मुख्यालय नहीं छोड़ेगा न ही अवकाश पर प्रस्थान करेगा। किसी भी प्रकार का अवकाश आगामी आदेशों तक स्वीकृत ना किया जाए। अगर किसी भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी को अवकाश पर जाना है तो स्वास्थ्य महानिदेशक से अनुमति लेनी होगी। इस संबंध में राज्य के सभी सिविल सर्जनों, राज्य के सभी प्रधान चिकित्सा अधिकारियों को चिट्ठी भेजी गई है। इसके अलावा हरियाणा पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। पुलिस विभाग की तरफ से अधिकारियों कर्मचारियों की छुट्टी को लेकर निर्देश जारी किए गए है। वहीं दमकल विभाग के कर्मचारियों की छुट्टियां भी रद्द की गई है।

**सभी गांवों में सार्वजनिक स्थानों पर लगेंगे सायरन...** हरियाणा सरकार ने सभी ग्राम पंचायतों को अगले 48 घंटे के भीतर सार्वजनिक भवन में सायरन लगाने के निर्देश दिए हैं। यह सायरन ऐसी जगहों पर होने चाहिए जिससे पूरे क्षेत्र को कवर किया जा सके।

## बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव के खिलाफ चलेगा मनी लॉन्ड्रिंग का केस, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले में बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जमीन के बदले नौकरी घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि द्रौपदी मुर्मू ने सीआरपीसी की धारा 197(1) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 218 के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है।

जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले की जांच ईडी कर रही है। ईडी ने पिछले साल अगस्त में 76 वर्षीय बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव, उनके बेटे और राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। एजेंसी ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर मनी लॉड्रिंग कस मामला दर्ज किया था।

ईडी ने चार्जशीट में लालू प्रसाद यादव पर अपराध की आय को छिपाने के लिए अपने परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाया था। ईडी ने आरोप लगाया था कि उन्होंने जमीनें इस तरीके से लीं, जिससे उनकी भागीदारी सामने न आए और परिवार को लाभ हो सके। जब प्रसाद रेल मंत्री थे तब मुख्य रूप से पटना के महुआ बाग में जमीन मालिकों को रेलवे में नौकरियों के वादे के साथ कम कीमत पर अपनी जमीन बेचने के लिए राजी किया गया था।

इससे पहले ईडी ने जनवरी 2024 में लालू प्रसाद परिवार के एक कथित सहयोगी अमित कत्याल और अन्य सदस्यों के खिलाफ अपना पहला आरोप पत्र दायर किया था। इसमें उनकी पत्नी और बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी, सांसद बेटी मीसा भारती, एक अन्य बेटी हेमा यादव और दो संबंधित कंपनियां - एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड और एबी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल थे।



### क्या है नौकरी के बदले जमीन घोटाला

लालू प्रसाद यूपीए की पहली सरकार में रेल मंत्री थी, तब रेलवे के ग्रुप डी में भर्तियां की गई। आरोप है कि बिना विज्ञापन दिए भर्तियां की गईं। कई लोगों को आवेदन देने के तीन दिन के भीतर ही नौकरी दे दी गई। नौकरियों के बदले अभ्यर्थियों से घूस के रूप में जमीन ली गई। ईडी ने कहा है कि लालू परिवार को 7 जगहों पर जमीनें मिली हैं।

## केंद्रीय परिवहन मंत्री से मिले सीएम

# काठगोदाम से पंचेश्वर मार्ग को लेकर की मांग

देहरादून, एजेंसी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर ॠषिकेश बाईपास परियोजना को स्वीकृति प्रदान किए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने यह भी कहा कि बिहारीगढ़ से रोशनाबाद तक के 33 किमी लंबे राज्य मार्ग और काठगोदाम से पंचेश्वर तक 189 किमी लंबे मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जाए। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड की कई महत्वपूर्ण सड़क एवं अवसंरचना परियोजनाओं के शीघ्र स्वीकृति दिए जाने का अनुरोध किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में चारधाम यात्रा के दौरान पर्यटकों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई है। इससे राज्य की सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ा है। लिहाजा सड़कों की यातायात वहन क्षमता बढ़ाए जाने और समुचित रख-रखाव के साथ ही क्षेत्रीय संपर्क, पर्यटन और आर्थिक प्रगति की दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता की इन परियोजनाओं का शीघ्र क्रियान्वयन जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय सड़क अवसंरचना निधि के तहत अवशेष 367.69 करोड़ की प्रतिपूर्ति शीघ्र राज्य सरकार को किए जाने का मामला प्रमुखता से उठाया। उन्होंने, देहरादून शहर की ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए बिंदाल व रिस्पना नदियों के ऊपर प्रस्तावित एलिवेटेड रोड को एनएच-07 के लूप के रूप में स्वीकृत किए जाने का भी आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने मानसखंड परियोजना के तहत पौराणिक मंदिरों से जुड़ी 508 किमी लंबाई की 20 सड़कों के अपग्रेडेशन की कुल 8000 करोड़ की लागत की परियोजना के प्रथम चरण के लिए 1000 करोड़ की धनराशि स्वीकृत करने का अनुरोध किया। इसके अलावा खटीमा में रिंग रोड निर्माण के साथ ही पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण से प्रभावित एनएच-109 के पुनः संरेखण के बाद प्रस्तावित बाईपास सड़क के निर्माण के लिए संशोधित लागत 371.84 करोड़ की धनराशि स्वीकृत करने और एनएच-07 पर प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडोर के लिए 110 करोड़ की अतिरिक्त सहायता दिए जाने का भी अनुरोध किया।

### प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्रवाई का दिया आश्वासन

मुख्यमंत्री ने एनएच 507 पर बाड़वाला से लखवाड़ बैंड (28 किमी) एवं एनएच 534 पर दुगड्डा से गुमखाल तक (18.10 किमी) चौड़ीकरण कार्यों की शीघ्र स्वीकृति का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने राज्य की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सभी प्रस्तावित परियोजनाओं को त्वरित स्वीकृति देने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय और स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रभारी मंत्री ने किये बाबा महाकाल के दर्शन



**उज्जैन, निप्र।** मध्यप्रदेश शासन में राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग एवं प्रभारी मंत्री उज्जैन गौतम टेटवाल व राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज ने अपने उज्जैन प्रवास के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुँचकर श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किये।श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक हिमांशु कारपेंटर व मूलचंद जूनवाल द्वारा उनका स्वागत व सत्कार किया गया।

### डीआरआई और और वन विभाग की टीम ने तेंदुए की खाल बेचने वालो को पकड़ा



**उज्जैन, निप्र।** वॉट्सऐप ग्रुप के जरिए तेंदुए की खाल बेचने वाले आरोपी को डीआरआई और और वन विभाग की टीम ने पकड़ा है। यह कार्यवाही टीम ने एक होटल में ग्राहक बनकर की। मिली जानकारी के अनुसार उज्जैन में डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) नागपुर यूनिट और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में दो तेंदुओं की खाल के साथ ही एक जंगली सूअर के दांत भी जब्त किए गए हैं। बताया जा रहा है की खाल की कीमत करीब 21 करोड़ रुपए है।मामले में टीम ने दो आरोपियों शैलेंद्र व्यास निवासी विजय नगर इंदौर और किशोर जैन निवासी उज्जैन को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को 5 मई को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 18 मई तक के लिए रिमांड पर भेजा गया है। जब्त की गई सामग्री और मामले की आगे की जांच उज्जैन वन मंडल द्वारा की जा रही है।

### ऑपरेशन सिंदूर की खुशी में मनाया जश्न



**उज्जैन, निप्र।** गुरुवार को फार्मेसी संस्थान, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के प्रतिउत्तर में भारत देश की सेना के द्वारा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में किए गए ऑपरेशन सिंदूर की खुशी में समस्त फार्मेसी संस्थान में उत्साह के साथ जश्न मनाया गया। इस अवसर पर आतिशबाजी भी की गई। कार्यक्रम की शुरुआत विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर कमलेश दसोरा ने भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण करकर की। कार्यक्रम में डॉ दर्शन दुबे, डॉ प्रवीण खिलवड़कर, डॉ तनु भार्गव, ओर अन्य सभी फैकल्टी मेंबर उपस्थित थे। यह जानकारी कार्यक्रम के सूत्रधार डॉ नरेंद्र मंदोरिया द्वारा दी गई।

### महाकाल भक्त ने भेंट किया रजत छत्र



**उज्जैन, निप्र।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में पधारे भक्त सुश्री आशालता होलकर द्वारा पुजारी आकाश पुजारी की प्रेंरणा से भगवान श्री महाकालेश्वर जी को से 1 नग रजत का छत्र भेंट किया। जिंसका वजन लगभग 660.800 ग्राम है। जिसे श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा प्राप्त कर दानदाता का सम्मान किया व विधिवत रसीद प्रदान की गई। यह जानकारी कोठार शाखा के मनीष पांचाल द्वारा प्रदान की गई।

### ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर महाआरती

**नागदा जं., निप्र।** भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तानी आतंकवादियों और उन्हें संरक्षण देने वाली पाकिस्तानी सेना पर कड़ी जवाबी कार्रवाई की है। पहलगाम हमले का बदला लेते हुए, भारतीय जवानों ने बीती रात कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। वीर जवानों की सुरक्षा और विजय के लिए पुराने बस स्टेंड स्थित गणेश मंदिर पर महाआरती का आयोजन सिटी प्रेस क्लब एवं श्रीराम सेना द्वारा किया गया। जिसमें पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर, पूर्व विधायक दिलीपसिंह शेखावत, पार्षद विशालसिंह गुर्जर, सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष निलेशसिंह रघुवंशी, श्रीराम सेना के अनिल व्यास, अर्जुन गुर्जर, प्रकाश जैन आदि मौजूद रहे।

### काव्या सामाजिक संस्थाओं के द्वारा स्वागत

**नागदा जं., निप्र।** बिरला समूह के शिक्षण संस्थान आदित्य बिरला हायर सेकेण्डरी स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम में कक्षा दसवीं की छात्रा काव्या अमित जैन ने 500 में 486 अंक (97.20 प्रतिशत) अर्जित कर शहर का नाम रोशन किया। नवकार सोशल ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष राजेश सकलेचा ने बताया कि बुधवार की रात्रि में काव्या का सामाजिक संस्थाओं द्वारा स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश जैन, जैन सोशल ग्रुप अध्यक्ष धर्मेन्द्र बम, नवकार सोशल ग्रुप अध्यक्ष प्रथम कांठेड़, राघवेन्द्र वल्लभ व्यास, शरद जैन, सतीश जैन सांवेरवाले, कमल जैन, रमेश तांतेड़, श्रेणिक बम, जितेन्द्र पोखरना, साधना जैन, विनय शर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन मनोज वागरेचा ने किया व आभार अमित बम ने माना।

## भू-अर्जन के मामलों में अभियान चलाकर शीघ्र अमल करवाएं...

# राजस्व न्यायालय में प्राप्त प्रकरणों के निराकरण में एडीएम प्रथम कौशिक विशेष ध्यान दें : कलेक्टर सिंह

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलें के एडीएम प्रथम कौशिक, सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए की लोकसेवा ग्यारंटी के अंतर्गत प्राप्त राजस्व से संबंधित आवेदनों का समय सिमा में निराकरण किया जाए। बटांकन, सीमांकन, नामांतरण, के कार्यों में विलम्ब न हो। समाधान आनलाइन के प्रकरणों के निराकरण पर सभी एसडीएम, तहसीलदार और अन्य राजस्व अधिकारी विशेष ध्यान दे।

जन सुनवाई में राजस्व के कार्यों से संबंधित अधिक शिकायतें न आए इसके लिए पटवारी स्तर से लेकर एसडीएम स्तर तक विशेष प्रयास किए जाए। राजस्व अधिकारी राजस्व वसुली से संबंधित कार्य लक्ष्य अनुसार पूर्ण करें। भू-अर्जन के मामलों में अभियान चलाकर शीघ्र कार्य करें। बैठक में संतुष्टी सें बंद सीएम हेल्प लाईन शिकायतो की कलेक्टर द्वारा तहसीलवार समीक्षा की गई। उन्होनें तहसीलदार माकडोंन को इसमें अपना प्रदर्शन सुधारने के निर्देश दिए और नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने निर्देश दिए की राजस्व विभाग के प्रकरणों के निराकरण में राज्य स्तर पर जिला टॉप 3 में आए।

सीएस मोनिट प्रकरण में जिले में संतोषजनक कार्य न होने पर कलेक्टर श्री सिंह ने डिप्टी कलेक्टर सत्यनारायण सोनी के कार्यों पर नाराजगी व्यक्त की और उन्हें इसमें अच्छा प्रदर्शन करने के लिए निर्दे?शित किया। जन सुनवाई में राजस्व विभाग के 169 मामलें लंबित है उन पर भी त्वरित कार्यवाही करे। माननीय न्यायालय के प्रकरणों में जवाब दावा समय पर प्रस्तुत करें। राजस्व न्यायालय मे प्राप्त प्रकरणों के निराकरण में जिला प्रदेश में 40 वें स्थान पर है, इस पर कलेक्टर श्री सिंह ने नाराजगी व्यक्त की, और एडीएम प्रथम कौशिक को इस कार्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह नें कहा की राजस्व अधिकारी उनकें अधिकार क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखें साथ ही अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय एवं अन्य सभी गतिविधियों की नियमित रुप से मानीटरिंग करें।

# अनुशासन ही सफलता की सीढ़ी है, सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता : अनिल फिरोजिया

## स्व. श्री भूरेलाल जी फिरोजिया की स्मृति में आयोजित रात्रिकालीन हैवी टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** सांसद अनिल फिरोजिया द्वारा अपने पिता स्व. श्री भूरेलाल जी फिरोजिया (पूर्व विधायक एवं मीसाबंदी) की स्मृति में संस्था श्री भूरेलाल जी फिरोजिया सामाजिक एवं शोध संस्था, उज्जैन द्वारा आयोजित अखिल भारतीय फिरोजिया ट्रॉफी 2025 का आज से आगाज हुआ।

मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी इनामी राशि वाली हैवी टेन्सि बाल प्रतियोगिता में देशभर की प्रसिद्व 16 टीमे भाग ले रही हैं। धार्मिक नगरी उज्जैन में मिनी नाईट क्रिकेट महाकुभ नगर के बीच स्थित खेल मैदान क्षीर सागर पर प्रतिदिन शाम 6 बजे से किया जा रहा है।

जिसके उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनिल फिरोजिया, सांसद उज्जैन एवं अनिल जैन कालूखेड़ा विधायक उज्जैन उतर ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर विशेष महिला किकेट मैच का आयोजन भी किया गया।

फिरोजिया ट्रॉफी 2025 का प्रथम पुरस्कार- रु. 5 लाख 51 हज़ार द्वितीय पुरस्कार- रु. 2 लाख 51 हज़ार मैन ऑफ़ द सीरीज़ . बाइक. ट्रॉफ़ी फ़ाइनल मैन ऑफ़ द मैच-रु. 21 हजार ट्रॉफ़ी दर्शकों द्वारा कैच पकड़ने पर नगद पुरस्कार रखा गया है।

संस्था के सचिव सुदर्शन शिशुलकर ने बताया कि इस आयोजन मे महिला क्रिकेट को बढ़वा देने हेतु विशेष महिला क्रिकेट मैंच, के अयोजन किया गया जिसमें उज्जैन की महिला किकेट टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें अंडर - 19 मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने भी सहभागिता की।

माननीय अतिथियों द्वारा भी बैटिंग और बॉलिंग कर मैदान में अपने हाथ आजमाएं। उज्जैन सांसद एवं संस्था के संरक्षक अनिल फिरोजिया ने खिलाड़ियों और युवाओं से कहा कि अनुशासन ही सफलता की सीढ़ी है,सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता है। आपने खेल एवं खिलाडीयों को बढ़वा देने हेतु उज्जैन नगर एवं आज-पास के क्षेत्र की समस्त जनता एवं खिलाडीयों से विशेष आग्रह किया हैं, कि इस आयोजन को देखने और खिलाडियों को प्रोत्साहित करने हेतु आवश्य रूप प्रधारें।

# भाजपा के तीन मंडलों की कार्यकारिणी घोषित

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी नगर जिला उज्जैन के अध्यक्ष संजय अग्रवाल की सहमति से विधानसभा क्षेत्र उज्जैन दक्षिण के दीनदयाल मंडल के अध्यक्ष परेश कुलकर्णी, महाराजवाड़ा मण्डल के अध्यक्ष सतीश सिंदल व केशव नगर मंडल के अध्यक्ष गजेंद्र खत्री द्वारा मण्डल समिति की घोषणा की गई। पं. दीनदयाल मंडल की कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष मनोज राठौर, रोहित शेखावत, विजय चांदना, विकास पोरवाल, श्रीमती प्रतीक्षा शर्मा, श्रीमती संगीता बिष्ट, महामंत्री मधुकर राव यादव, महामंत्री सचिन गौसर, मंत्री आनंद वर्मा, श्रीमती पूजा गोयल, श्रीमती अनिषा मौर्य रिंकू चौधरी, दिनेश जायसवाल, रवि बामने, कोषाध्यक्ष दिनेश जैन, सहकोषाध्यक्ष श्रीमती निशासिंह चौहान, कार्यालय मंत्री भारत परमार, सहित अन्य को जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह महाराजवाडा मंडल में उपाध्यक्ष फारूख पहलवान, अजय शुक्ला, दीपक कुमावत, कमलेश खत्री, सचिन वर्मा, संजय चौकसे, महामंत्री इन्दर चौधरी, महामंत्री जितेन्द्र आंजना, मंत्री सैययद रईस, आदि को जिम्मेदारी दी गई है।

वहीँ केशव नगर मंडल में उपाध्यक्ष महेन्द्रसिंह राठौर (आयुष बना), दीपक शर्मा, कमल शाहलानी, नितिन मेहर, नितिन जोशी, श्रीमती दुर्गा बिलोटिया, महामंत्री संतोष कोलवाल, महामंत्री कपिल टॉक, मंत्री शुभम (आदित्य) प्रजापत, शारदा राय, बसंत परिहार, सुनीता बैरागी, रेखा पांचाल, अशोक वर्मा, कोषाध्यक्ष राजेश आसवानी, सहकोषाध्यक्ष मोहित मोदी, कार्यालय मंत्री रामबाबू कुमरावत, सह मंत्री कार्यालय कन्हैयालाल वर्मा, मीडिया प्रभारी नंदन चावडा, सोशल मीडिया प्रभारी दीपक सोलंकी को जिम्मेदारी दी गई है।

# जिला पंचायत सदस्य सुश्री मालवीय ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

विनय उजाला

**नागदा जं., निप्र।** आरडीएसएस योजना अंतर्गत विभाग द्वारा बिजली सप्लाई में काम आने वाले उपकरणों को दुरूस्त किया जाने का कार्य दो वर्ष के बाद भी नही हुआ है। इन उपकरणो की समयावधि खत्म होने के बाद भी बिजली सप्लाई हो रही है। जिससे आये दिन दुर्घटनाओं से हो रही जनहानि, धनहानि एवं पशुहानि को लेकर जि.पं. स.सुश्रीराधा भीमराज मालवीय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि विद्युत विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी आये दिन बिजली कार्य करने में दुर्घटना घट रही है। जिससे कई कर्मचारीयो की मृत्यु हो चुकी है। अभी हाल ही में नागदा डिवीजन के अधीन मोहिना ग्रिड पर कार्य करते समय करंट की चपेट में आने से आउटसोर्स कर्मचारी प्रकाश परमार निवासी बनबना घायल हो गए। उन्हेंल ग्रिड पर ग्राम पासलोद में बिजली कार्य करते समय इमरान मुलतानी की मृत्यु हो गई। जिला पंचायत सदस्य सुश्री राधा भीमराज मालवीय ने बताया कि विद्युत विभाग व सरकार आउटसोर्स कर्मचारीयो की बेरोजगारी का फायदा उठा रही है एवं विभाग द्वारा ठेकेदारी प्रथा में नाममात्र की राशि 12 हजार रू प्रतिमाह देकर उनसे जान जोखिम में डालने वाले कार्य करवाये जा रहे है। जिससे कई आउटसोर्स कर्मचारियों के साथ दुर्घटना घटी है व उनकी मृत्यु हो चुकी है। विद्युत विभाग आउटसोर्स कर्मचारी से बेरोजगारी के चलते स्वयं की जवाबदारी का प्रमाण पत्र पहले ही ले लेती है व दुर्घटना से ग्रसित असहाय कर्मचारी के परिवार पालन पोशन हो सके को इतनी स्थाई सहायता राशि नहीं दी जाती है व मृतक कर्मचारी के परिवार के किसी सदस्य को स्थाई नौकरी नही दी जाती है। विद्युत कंपनी द्वारा मात्र दो आउटसोर्स कर्मचारी से 8-10 गांव की बिजली का कार्य व वसूली कार्य करवा रही है। नाममात्र के कर्मचारी का खामियाजा उपभोक्ता भुगत रहे है।



सुश्री राधा भीमराज मालवीय ने मांग की है कि ग्रामीण क्षेत्र में रात्रिकालीन कर्मचारियो की व्यवस्था की जाए। सिंचाई फीडर एलटी तार, 11 के.व्ही. तार व पोल को चेंज किये जाये। कई ग्रामो के स्थानो पर ओवरलोड ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाए। ट्रांसफार्मरो के समीप सीमेन्ट कांकीट का कार्य किया जाय। प्रत्येक ग्राम पंचायत अनुसार कर्मचारीयो की नियुक्ति की जाय। विद्युत् कम्पनी के द्वारा प्रत्येक डिविजन में कर्मचारीयो व् अन्य विद्युत् घटना की सहायता हेतु एम्बुलेंस के रूप में वाहन उपलब्ध करवाया जाये घरेलु फीडर पर ग्रामीणों में एल टी केबिन चेंज किये जाये व 11 केव्ही तार की जगह केबल डाली जाय।

# सिंहस्थ मेला अधिकारी की अध्यक्षता में रेलवे समन्वय समिति की बैठक संपन्न

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय सभागृह में आगामी सिंहस्थ 2028 महापर्व के तहत निर्माणरत और अनुशंसित कार्यों में जहां भी रेलवे की अनुमति जरूरी है एवं रेलवे द्वारा किए जाने वाले कार्यों के लिए रेलवे समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभागायुक्त संजय गुप्ता, डीआरएम अश्विन कुमार ,सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा,देवास कलेक्टर, उज्जैन कलेक्टर, रेलवे की टीम एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में सिंहस्थ के दौरान उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बोर्डिंग, डिबोर्डिंग के लिए अलग-अलग स्टेशन रखने जिससे भीड़ प्रबंधन सुव्यवस्थित रूप से हो सके पर सहमति हुई। बैठक में जानकारी दी गई कि सभी रेगुलर ट्रेंस सिंहस्थ के समय उज्जैन रेलवे स्टेशन होते हुए नहीं गुजरेंगी, उनके लिए अल्टरनेट रूट चिन्हित होंगे। मक्सी एवं नागदा रेलवे स्टेशन के उन्नयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है क्योंकि उक्त स्टेशन से सिंहस्थ मेला स्पेशल ट्रेंस गुजरेगी।

बैठक में नईखेडी, पिंगलेश्वर स्टेशन पर आने वाले श्रद्धालुओं की डिबोर्डिंग और आउटबाउंड या बाहर जाने वाले श्रद्धालुओं की बोर्डिंग उज्जैन स्टेशन और एक अन्य स्टेशन से रखने की सहमति हुई। साथ ही विक्रम नगर, चिंतामण रेलवे स्टेशन को रिजर्व स्टेशन फार एवेक्युएशन बनाने आदि पर भी चर्चा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि उज्जैन रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म 1 पर रेलवे द्वारा होल्डिंग एरिया विकसित किया जाएगा। इसी के साथ उज्जैन स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज बनाने पर भी बैठक में सहमति दी गई। बैठक में लोक निर्माण सेतु ,लोक निर्माण विभाग ,एमपीआरडीसी एवं अन्य विभागों द्वारा बनाए जाने वाले रेलवे ओवर ब्रिज की अनुमति पर भी चर्चा की गई।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को दिया 10 करोड़ की मानहानि का नोटिस

# भोलेनाथ की नगरी में नारायण टैक्स कहना भारी पड़ा पटवारी को

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** बड़नगर तहसील में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बीते दिनों समाजसेवी नारायण यादव पर टिप्पणी करना भारी पड़ गया। मजाकिया अंदाज में पटवारी ने कहा कि भोलेनाथ की नगरी में नारायण टैक्स चल रहा है। इतना ही नहीं पटवारी ने यह भी कहा कि कोई भी व्यक्ति चाहे वह ठेकेदारी कर रहा हो या शराब का व्यवसाय सभी को नारायण टैक्स देना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि सिंहस्थ को देखते हुए जो लोग होटल व्यवसाय का कार्य कर रहे हैं या होटल बनाने जा रहे हैं उन्हें भी 20त्न नारायण टैक्स के रूप में अदा करना पड़ रहा है।

सभा को संबोधित करते हुए पटवारी ने यह भी कहा कि इंदौर में भी नारायण टैक्स की हवा आ रही है। वहां एक दयालु बाबा है पहले उनका टैक्स लगता था अब इन नारायण भैया ने खुद का नाम दयालु बाबा रख लिया है। पटवारी ने संबोधित करते कहा कि एक बार दयालू था जिसके साथ हिस्ट्रीशीटर के नाम आते हैं और एक नारायण टैक्स वाले उज्जैन के दयालु है जो जब तक मोहन भैया को कुर्सी से नहीं हटा लेंगे दम नहीं लेंगे। इस संपूर्ण मामले से आहत होकर समाजसेवी नारायण यादव जो कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के बड़े भाई भी हैं, उन्होंने अपने एडवोकेट वीरेंद्र शर्मा के माध्यम से एक 10 करोड़ की मानहानि का नोटिस प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को भेजा है।

नोटिस के माध्यम से समाजसेवी नारायण यादव के एडवोकेट वीरेंद्र शर्मा ने स्पष्ट लिखा है कि आपके इस कृत्य से मेरे पक्षकार को काफी हानि पहुंची है। उनके पास लगातार प्रदेश भर से फोन आ रहे हैं जो की पीड़ा दायक है। नोटिस में साफ कहा गया कि आप स्वयं जो की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर आसीन है उसके बावजूद आपने मेरे पक्षकार को टैक्स उगाई करने वाले व्यक्ति के रूप में भरी सभा में प्रचारित किया। आपके कृत्य से आपकी अपराधिक मनोदशा इंगित हो रही है। आप यह जानते थे कि जो कृत्य आप कर रहे हैं वह भारतीय न्याय संहिता की धारा 356 के अंतर्गत आता है जो की एक दंडनीय अपराध है। नोटिस में स्पष्ट स्पष्ट लिखा गया कि जो अपराध आपने किया है उसके लिए मेरा पक्षकार सक्षम न्यायालय में उचित कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है , साथ ही सार्वजनिक रूप से की गई ठीक टीका टिप्पणी, मानहानि कारक शब्दों के उच्चारण, सोशल साइट पर प्रशासन के लिए मेरे पक्षकार को तत्काल 10 करोड रुपए की राशि अदा की जाए। साथी सूचना पत्र का व्यय भी पृथक से एक लाख रुपये अदा करना उचित होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### किशोर कुमार सभागृह के संचालन एवं संधारण के सम्बंध में बैठक सम्पन्न





**खण्डवा, निप्र।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को किशोर कुमार सभागृह के संचालन एवं संधारण हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमति अंशु जावला, नगर निगम आयुक्त श्रीमति प्रियंका राजावत, संस्कृति विभाग के अधिकारी सहित किशोर कुमार सभागृह के संचालन एवं संधारण के लिए अभिरुचि रखने वाले शहर के अन्य व्यक्ति उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि किशोर कुमार सभागृह को संचालन हेतु प्राइवेट कंपनी या फर्म को एक निश्चित मासिक किराए पर दिया जाना है। इस हेतु जो भी इच्छुक व्यक्ति है, वह आवेदन कर सकते हैं। बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने उपस्थित जनों से निविदा शर्तों पर चर्चा कर सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने अवगत कराया कि संसाधनों के रखरखाव की जवाबदारी संचालनकर्ता की रहेगी और समय अनुसार अन्य सभी उपकरणों की मरम्मत आदि की व्यवस्था करनी होगी। बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि किशोर कुमार सभागृह का आवंटन शर्तें व अन्य प्रावधानों का उपयोग करते हुए किया जाएगा।

### आपदा प्रबंधन के संबंध में दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**बुरहानपुर, निप्र।** कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार रेडक्रॉस सोसायटी बुरहानपुर में आपदा प्रबंधन के संबंध में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण डिस्ट्रिक्ट कमान्डेण्ट श्रीमति मीनाक्षी चौहान के मार्गदर्शन में प्लाटून कमान्डर श्री जितेन्द्र सिंह तोमर एवं एसडीईआरएफ की टीम द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से विद्याथियों को आपदा के दौरान रखी जाने वाली सावधानियां एवं जरूरी बातें बतलाई गयी। इसका अभ्यास करके भी विद्याार्थियों को सिखाया गया। प्रशिक्षण में भूकंप, बाढ़, अग्नि दुर्घटना, भगदड़, क्षतिग्रस्त भवनों में फंसे व्यक्तियों का रेस्क्यू, फस्टएड सी.पी.आर चेकिंग इत्यादि विषयों पर बारिकी के साथ जानकारी दी गई। प्राप्त जानकारी अनुसार प्रशिक्षण में कादरिया स्कूल के लगभग 52 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। यह विद्यार्थी अन्य राज्यों से आकर बुरहानपुर जिले में शिक्षा प्राप्त कर रहे है। इस दौरान अध्यक्ष श्री गुप्ता, प्राचार्य श्री हुसैन फकरी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### खुशियों की दास्ता : ग्राम गंगाखेडी में अब हर घर को मिल रहा है नल से जल

**रतलाम, निप्र।** रतलाम 8 मई 2025। जिले की ग्राम पंचायत सनावदा के ग्राम गंगाखेडी में जल जीवन मिशन की योजना के पूर्व पानी को लेकर गांव की महिलाओं को काफी जद्दोजहद करना पड़ती थी इसमें काफी समय व्यर्थ हो जाता था महिलाओं को पानी लाने के लिए घर से दूर जाना पड़ता था। सर पर जल रखकर लाने की वजह से सिर दर्द व चक्कर आने की समस्या आम थी।जल जीवन मिशन अंतर्गत पीएचई विभाग रतलाम द्वारा 29 लाख रूपए की नल जल योजना का क्रियान्वयन गंगाखेडी में किया गया। योजना में 30 हजार लीटर का संपवेल बनाया गया पूरे ग्राम में 2.5 किलोमीटर लम्बी पाइप लाइन बिछाकर एवं स्टैंड पोस्ट बनाकर शत प्रतिशत घरों को व स्कूल, आंगनबाड़ी, गांव के धार्मिक स्थान को भी नल कनेक्शन के माध्यम से जोड़ा गया। 474 की जनसंख्या वाले ग्राम में 108 नल कनेक्शन किए गए है। नल जल योजना से पूर्व गांव में पानी लाने के लिए ग्राम वासियों को काफी संघर्ष व समय व्यर्थ करना पड़ता था किंतु अब ग्राम में पानी को लेकर बहुत आराम हो गया है। जल जीवन मिशन की नल जल योजना बनने से ग्राम गंगाखेड़ी के लोगों की आर्थिक समृद्धि एवं स्वास्थ्य में भी सुधार हो रहा है।गांव की कमला बाई ने बताया की विगत एक वर्ष से जब से नल जल योजना बनी है हमें बहुत आराम हो गया है प्रतिदिन सुबह 8ः00 बजे घर पर नल से पानी आ जाता है। पीएचई विभाग के जिला जल सलाहकार श्री आनंद व्यास ने बताया कि योजना को नियमित रूप से चलाने का कार्य ग्राम के नल चालक श्याम भाबर पूर्ण जवाबदारी के साथ करते हैं। विभाग समय समय पर ग्राम मे योजना संचालन संधारण हेतु जलकर राशि समय पर जमा करने एवं अन्य जागरूक कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। जल जीवन मिशन की नल जल योजना से ग्राम में खुशी का माहौल है एवं सभी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

# विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में किया गया जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

विनय उजाला





**खण्डवा, निप्र।** विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ए ब्लॉक के तृतीय तल पर स्थित सभागृह में डॉ. संजय दादू एवं सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल के मार्गदर्शन में किया गया। डॉ. कौशल द्वारा बताया गया कि थैलेसीमिया बीमारी के लक्षणों के बारे में काउंसलिंग कर लोगों को जागरूक करें। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं आशा एवं ए.एन.एम. के माध्यम से योजनाओं का प्रचार करें, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके तथा लोगों को रक्तदान महादान जैसे पुनीत कार्य के लिए जागरूक करें, क्योंकि अस्पताल में सिकल सेल, गर्भवती, थैलेसीमिया एवं अन्य बीमारी के मरीजों को भी खून देने की जरूरत पड़ती है। इसके लिए युवा पीढ़ी को आगे आने हेतु प्रेरित किया। मेडिकल कॉलेज सुपरिंटेंडेंट डॉ. रंजीत बडोले एवं सहायक संचालक डॉ. सुनील बाजोलिया द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. गरिमा अग्रवाल शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा थैलेसीमिया के मरीजों एवं उनके अभिभावकों को बताया कि थैलेसीमिया एक अनुवांशिक बीमारी है, जो माता-पिता से बच्चों में आती है। यदि माता-पिता दोनों में दोषपूर्ण जीन होता है तो उसके बच्चे को यह बीमारी होने का खतरा होता है। यदि केवल एक में यह जीन होता है, तो बच्चा थैलेसीमिया का वाहक होगा, उसमें हल्के लक्षण हो सकते हैं या कोई लक्षण नहीं हो सकते। लेकिन वह अगली पीढ़ी में यह बीमारी दे सकता है। यदि बच्चों में धीमी गति से विकास हो रहा है या भूख नहीं लगती हो, चेहरेकी हड्डियों में बदलाव के साथ-साथ गहरे रंग की पेशाब हो रही हो, यदि इस प्रकार के लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें। यह जानकारी देते हुए बीमारी के उपचार, निदान एवं जटिलताओं सहित बोन मैरो ट्रांसप्लांट के बारे में विस्तार से समझाया गया। डॉ. निशा पंवार स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि जब महिला गर्भवती होती है, तो पहले तिमाही में स्त्री रोग विशेषज्ञ को दिखाकर थैलेसीमिया माइनर है या मेजर है उसका पता लगाकर प्रबंधन किया जा सकता है। डॉ. भूषण बांडे शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा उपस्थित सभी थैलेसीमिया के मरीजों एवं अभिभावकों को बताया कि नियमित खून की जांच करवाएं, ताकि हीमोग्लोबिन के लेवल का पता लग सके। इसके अलावा यह भी बताया कि थैलेसीमिया वाले मरीज अपने परिवार एवं रिश्तेदारों को अपने साथ लेकर आएं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका खून बच्चे को दिया जा सके, क्योंकि अस्पताल में अन्य इमरजेंसी वाले मरीजों को भी खून देने की आवश्यकता पड़ती थी। हमें लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक करना है। मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ. हेमंत गर्ग, शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. प्रियंका बोर्डिया, डॉ. सारिका बघेल, डॉ. खोजेमा आगा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल द्वारा कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

विनय उजाला



**मुंबई।** पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने कार्यस्थल पर सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, 7 मई, 2025 को मंडल रेल प्रबंधक (DRM) कार्यालय, मुंबई सेंट्रल में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (POSH) पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में श्रीमती आरती सिंह परिहार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (ओपी/एचआर) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस जागरूकता सत्र का उद्देश्य कर्मचारियों में POSH अधिनियम के प्रति समझ बढ़ाना तथा कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के प्रति पश्चिम रेलवे की 'शून्य सहिष्णुता' की नीति को दृढ़ता से दोहराना था। सत्र के दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, आंतरिक शिकायत समिति (ICC) की गठन प्रक्रिया एवं कार्य प्रणाली, शिकायत दर्ज करने की विधि तथा समस्या निवारण की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर कर्मचारियों में जागरूकता, संवेदनशीलता एवं सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया। इस पहल के अंतर्गत एक सूचनात्मक पुस्तिका (पम्फलेट) का भी विमोचन किया गया, जिसमें कर्मचारियों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और उपलब्ध शिकायत निवारण तंत्र के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी गई है।

सत्र के अंतिम चरण में प्रतिभागियों के साथ एक संवादात्मक परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने POSH अधिनियम के व्यावहारिक पहलुओं से जुड़े प्रश्न पूछे और विषय विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किए। इसके पश्चात एक पेशेवर काउंसलर द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक सशक्तिकरण पर विशेष व्याख्यान दिया गया, जिसमें कार्यस्थल को मानसिक रूप से सुरक्षित और सहायक बनाने के उपायों पर चर्चा की गई।

पश्चिम रेलवे लगातार अपने कर्मचारियों की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विविध जागरूकता कार्यक्रमों, सक्रिय आंतरिक शिकायत समिति तथा प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली के माध्यम से ठोस कदम उठा रही है। इस प्रकार की पहलें पश्चिम रेलवे की एक सुरक्षित, संवेदनशील और सशक्त कार्यस्थल संस्कृति की दिशा में निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

## लोकमाता देवी अहिल्याबाई का त्रिशताब्दी समारोह आयोजित किया गया

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** रतलाम 8 मई 2025। जिला योजना अधिकारी एवं अग्रणी बैंक कार्यालय सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा लोकमाता देवी अहिल्याबाई का त्रिशताब्दी समारोह 8 मई को न्यू कलेक्टर कार्यालय सभागृह में आयोजित किया गया, जिसमें भारतीय अर्थव्यवस्था में देवी अहिल्याबाई के योगदान के अंतर्गत वर्तमान शहर के अर्थव्यवस्था सुधार और व्यापार प्रोत्साहन में योगदान तथा इसमें स्थानीय व्यापारियों, बैंकर्स का सहयोग, कर प्रणाली और व्यापार प्रोत्साहन विषय पर विस्तृत चर्चा की गई।

प्रोफेसर अर्थशास्त्री डॉक्टर वी. शास्त्री ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई द्वारा उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था एवं व्यापार प्रोत्साहन में उनके योगदान पर बताया गया। उनके पूरे शासन काल में एक भी युद्ध नहीं हुआ तथा उनकी न्याय प्रणाली, कर्तव्य परायण, धर्म परायण एवं कार्य कुशलता बहुत उत्तम थी। उन्होंने वर्तमान कर प्रणाली में सुधार के भी अनेक सुझाव प्रस्तुत किये। श्री रत्नेश सेठिया द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर बेरोजगारी दूर करने पर विस्तृत चर्चा की।सीए श्री मयंक सोलंकी द्वारा वर्तमान कर प्रणाली, वित्तीय प्रणाली, निवेश प्रणाली, भ्रष्टाचार, व्यय प्राथमिकता, धार्मिक कार्य, जनहित हेतु कार्य, सैन्य प्रणाली एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में सुझाव दिए। जिला योजना अधिकारी श्री बी.के. पाटीदार ने बताया कि वर्तमान न्याय प्रणाली को सरल बनाया जाना चाहिए तथा किसी भी कार्य की सफलता आपकी मूल भावना एवं नियत पर निर्भर है। सफलता हेतु आत्मनिर्भर बनना एवं उपलब्ध संसाधनो का अहम रोल होता है।

आरसेटी निदेशक श्री दिलीप सेठिया ने सुझाव दिया कि युवाओं को सफल होने हेतु जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है।



जल गंगा संवर्धन अभियान

## अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक आयोजित, दिया जल संरक्षण का संदेश

विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र।** कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बुरहानपुर जिले में जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता लाने हेतु विभिन्न स्तर पर प्रयास जारी है। इसी कड़ी में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी जल बचाने का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का कार्य नगर परिषद शाहपुर द्वारा किया जा रहा है। यह कार्य इंदौर की नीलांजन सामाजिक एवं जनकल्याण संस्था के माध्यम से हो रहा है। बुधवार को शासकीय सी.एम.राईज विद्यालय एवं ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अभियान अंतर्गत "जल है तो कल है" एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिये नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। बड़े ही आकर्षक तरीके से कलाकरों द्वारा विद्यार्थियों को जल संरक्षण एवं भविष्य में आने-वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि किस प्रकार हम अपने छोटे-छोटे प्रयासों से जल की एक-एक बूंद को बचा सकते है। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिये पौधे लगाने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस दौरान उपस्थितजनों ने जल बचाने की शपथ भी ली। प्रभारी सीएमओ श्री दिलीप चौहान ने जानकारी दी कि, नगर में अध्यक्ष श्रीमति साधना तिवारी के मार्गदर्शन में नगरवासियों को अभियान से जोड़ने का प्रयास निरतंर जारी है। रैन वाटर हार्वेस्टिंग के महत्व को भी जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

### रेणुका झील के उन्नयन का कार्य प्रगति पर जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर ने कार्यों का किया अवलोकन

बुरहानपुर, निप्र।शासन के निर्देशानुसार जन सहभागिता की अभिनव पहल के साथ जल संरक्षण और संवर्धन पर केन्द्रित जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश सहित बुरहानपुर जिले में 30 मार्च से 30 जून तक संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में नगर पालिक निगम बुरहानपुर अंतर्गत रेणुका झील के उन्नयन का कार्य जारी है।बुधवार को बुरहानपुर विधायक श्रीमति अर्चना चिटनिस, महापौर श्रीमति माधुरी पटेल, अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने संयुक्त रूप से रेणुका झील के उन्नयन कार्यों का अवलोकन किया।

## यात्री सुविधा के लिए रतलाम मंडल सजग

### 10 स्टेशनों पर कोच गाइडेंस बोर्ड लगाने का कार्य प्रगति पर

विनय उजाला




**रतलाम। अधोसंरचनात्मक विकास के साथ ही यात्री की सुविधा के क्षेत्र में रतलाम मंडल द्वारा काफी सकारात्मक सुधार की ओर अग्रसर है।**

रतलाम मंडल के 16 स्टेशनों पर अमृत स्टेशन योजना के तहत विकासात्मक कार्य किये जा रहे हैं। अमृत स्टेशन योजना के तहत इनमें से 10 स्टेशनों पर कोच गाइडेंस बोर्ड लगाने का कार्य किया जा रहा। इनमें से कई स्टेशनों पर पहले से ही कोच गाइडेंस बोर्ड की सुविधा उपलब्ध है। अमृत स्टेशन योजना के तहत रतलाम मंडल के कई स्टेशनों पर कोच गाइडेंस बोर्ड लगाने का कार्य किया जा रहा है।

इस क्रम में मंडल के छः स्टेशनों मेघनगर, खाचरोद, सीहोर, अकोदिया, बेरछा एवं देवास स्टेशन पर प्लेटफार्म क्रमांक 3 पर कोच गाइडेंस बोर्ड लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा यात्रियों को सुविधा उपलब्ध हो रही है। इसके अतिरिक्त मक्सी एवं चंदेरिया स्टेशनों पर कोच गाइडेंस बोर्ड का टेस्टिंग कार्य प्रगति पर है। मंडल के शुजालपुर, लिमखेड़ा एवं लक्ष्मीबाईगनर रेलवे स्टेशन पर भी कोच गाइडेंस बोर्ड लगाने का कार्य स्वीकृत है तथा कार्य प्रगति पर है।

कोच गाइडेंस बोर्ड यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा है। इससे यात्रियों को ट्रेनों के कम समय के ठहराव में भी अपने बर्थ तक पहुँचने की सुविधा उपलब्ध होती है। मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले आम यात्रियों के लिए यह सुविधा काफी सुविधाजनक है क्योंकि कोच गाइडेंस बोर्ड के कारण सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को ट्रेन आगमन से पूर्व कोच की स्थिति का पता चल जाता है। विभिन्न स्टेशनों पर कोच गाइडेंस बोर्ड लगाने से यात्रियों की यात्रा आरामदायक होने के साथ ही यात्रियों के समय की भी बचत होगी।

# नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

विनय उजाला



**खण्डवा, निप्र।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के यथानिर्देशानुसार 10 मई, 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदया श्रीमती ममता जैन, विशेष न्यायाधीश श्री मनोज कुमार मंडलोई एवं प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री योगराज उपाध्याय द्वारा हरी झंडी दिखाकर 7 प्रचार वाहन को रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खंडवा के सचिव श्री पियूष भावे द्वारा बताया गया कि उक्त प्रचार वाहन खंडवा जिले के मुख्यालय, तहसील स्तर व ग्रामीण स्तर पर आगामी नेशनल लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे और लोक अदालत में निराकृत होने वाले प्रकरणों के लाभ से आमजन एवं पक्षकारों को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर समस्त न्यायाधीशगण क्रमशः श्री अनिल चौधरी, श्री आशीष प्रताप सिंह, श्री अरविंद सिंह टेकाम, श्री वीरेन्द्र जोशी, श्री ठाकुर प्रसाद मालवीय, श्री अरविंद सिंह, श्री रविन्द्र कुमार शिल्पी, श्री मोहित माधव, श्रीमती ज्योति सिंह टेकाम, श्री राकेश भिड़े, श्रीमती पल्लवी, श्रीमती रचना अतुलकर जोशी, श्री रविशंकर भलावी, एवं सुश्री अपेक्षा पाटीदार, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री दिलावर सिंह, विद्युत विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण, अभिभाषकगण, कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वालेन्टियर्स उपस्थित थे।

## बाजार भाव

### इंदौर मंडी

# मूंगफली तेल तेज



**इंदौर ( व्यापार प्रतिनिधि )।** चना कांटा 5900 - 6000 विशाल चना 5800 - 5850 डंकी चना 5600 - 5650 मसूर 6100 - 6150 नई 6000 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग ( गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द ( गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की उड़द 3000 - 5000 रुपए।

**तिलहन - ( प्रति क्विंटल )-** सोयाबीन 4375 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5800 - 5850 एवरेज बारीक 5000 - 5005 रुपए।

**दाल भाव ( प्रति क्विंटल )** - तुअर दाल फूल 11000 - 11200 तुअर दाल सवा नंबर 10800 - 11000 चना दाल 8100 - 8200 एक्स्ट्रा बोल्ड 9100 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9200 - 9400 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**तेल बाजार ( प्रति 10 किलो )** - मूंगफली तेल इंदौर 1470 - 1480 मुबंई 1520 - 1525 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 रुपए।

**मावा** - 320 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 89800 रुपए।
चाँदी 100000 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग।
सोना 3025 डॉलर प्रति औंस
चाँदी 3343 सेंट प्रति औंस

## संक्षिप्त समाचार

### कन्या स्कूल बाग में कक्षा 10वीं 69 तो 12 वीं का 45 प्रतिशत परिक्षा परिणाम रहा

**बाग, निप्र।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाग जिला धार मैं बोर्ड परीक्षा परिणाम कक्षा 10 वीं का 69 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं का 45 प्रशित रहा कक्षा 10 वी में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रा कुमारी रोशनी बघेल पिता प्रताप सिंह बघेल ने 85त्न, एवं कक्षा 12 वीं में कु रवीना देवगन पिता श्री कालू सिंह देवगन ने 76प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है संस्था के प्राचार्य श्रीमती जानू मौर्य एवं समस्त स्टाफ द्वारा उत्तीर्ण छात्राओ को परीक्षा परिणाम एवं उज्जवल भविष्य के लिए बधाइयां दी।




### 8 छात्र छात्राओं ने इसमें बाजी मारते हुए प्रथम डिवीजन प्राप्त किया

**बाग, निप्र।** शासकीय मॉडल उमावि बाग का 10 क्लास का रिजल्ट 61.54 प्रतिशत रहा है जिसमें 8 बच्चों ने प्रथम डिवीजन प्राप्त किया है और चार बच्चे के अंक 75 प्रतिशत से अधिक अंक है सर्वाधिक अंक गोराक्ष ओरिया के 89.6 प्रतिशत है। कक्षा बारहवीं का परिणाम 73.3 प्रतिशत रहा जिसमें 10 बच्चों ने प्रथम डिवीजन प्राप्त किया है उनमें से दो बच्चियों के 75प्रतिशत से ऊपर नंबर आए हैं सर्वाधिक अंक शिवानी हिंडोनिया के 79.2 प्रतिशत तथा दिव्या सिसोदिया के 79प्रतिशत है शिवानी हिंडोनिया ने कक्षा 12वीं में 500 में से 396 अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया हैतथा दिव्या सिसोदिया के 500 में से 395 अंकल जाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया गोराक्ष ओरिया ने दसवीं में 500 में से 448 अंक लाकर प्रथम स्थान तथा जयदीप लचता ने 500 में से 447 अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है । इस बार के माडल उमावि बाग के छात्र छात्राओ ने अच्छा प्रयास करते हुए अच्छे अंक लाने में बाजी मारी संस्था के समस्त स्टाफ नेतृत्व को शुभकामनाएं देतै हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की माडल स्कूल की प्राचार्य वंदना नायक ने बताया मेरे कार्यकाल मे अध्यनरत छात्र छात्राओं ने बहुत ही अच्छी मेहनत करते हुए परिक्षा प्रसेंट भी बढ़ाया सारा ही स्वयं छात्र छात्राओं ने भी बड़ी सफलता पाई हमारा स्कूल प्रारंभ होने से लेकर परिक्षाएं होने तक यही प्रयास रहा की इस बार माडल स्कूल के छात्र छात्राओं को अच्छै अंक प्राप्त हो एवं स्कूल का भी अच्छा रिजल्ट बने । सभी छात्र छात्राओं को पुनह बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना समस्त स्टाफ करता है ।




### लग्न से पहले दुल्हन ने जल गंगा संवर्धन की शपथ ली

**खरगोन, निप्र।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद खरगोन जिले के विकासखण्ड भीकनगांव के सेक्टर 04 के ग्राम कोदला जागीर में गंगा जल संवर्धन अभियान अन्तर्गत जल बचाव को लेकर लग्न से पहले दुल्हन ने जल गंगा संवर्धन की शपथ दिलाई और दूल्हन ने भी घर आए मेहमानों के साथ संकल्प लिया कि जल संरक्षण और जलस्त्रोतों को स्वच्छ बनाकर अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगे । विकासखण्ड समन्वयक कालू सिंह मण्डलोई ने बताया कि 30 मार्च से 30 जून तक चलने वाले अभियान में जल को सहेजने ओर साफ-स्वच्छ निर्मल जल बहे यह सन्देश ग्रामीणों को दिया जा रहा है ओर नवीन जल संग्रहण की प्रकिया की जा रही है इस अवसार पर कार्यक्रम में परामर्शदाता अर्पित जायसवाल भागीरथ मुजाल्दे, मुकेश राठौड़, रीना चौहान, संजय पीछोडिया, नवांकुर संस्था की अध्यक्ष सुनीता चौहान सहित सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# किसान संघ जिला धार की बैठक कृषि उपज मंडी में हुई संपन्न

विनय उजाला



**धार, निप्र।** भारतीय किसान संघ जिला धार की जिला बैठक जिला सदस्य एवं तहसील कार्यकारिणी के उपस्थिति में संपन्न हुई जिसमें प्रदेश मंत्री राजेंद्र शर्मा , क्षेत्रीय संगठन मंत्री अतुल महेश्वरी , प्रांत मंत्री महेश ठाकुर की उपस्थिति में संपन्न हुई ।

बैठक में संगठन विस्तार के लिए चर्चा की गई एवं नवीन कार्यों के लिए रूपरेखा बनाई गई मुख्य रूप से ग्राम समिति को कैसे मजबूत करें, और ग्राम समितियां का अभ्यास वर्ग की योजना बनाई और जिले में 8 अभ्यास वर्ग किए जाएंगे उनकी दिनांक और स्थान बताए गए, जिनके प्रभारी नियुक्त किए गए, साथ में मालवा प्रांत का कार्यालय इंदौर में बन रहा है उसके लिए धन संग्रह की योजना बनाई, कई कार्यकर्ताओं ने समर्पण किया और अपने ग्राम समिति व अपने क्षेत्र से कैसे समर्पण होगा उसकी भी योजना बनाई।

इस बैठक में उपस्थित संभागीय सदस्य सूर्यकांत बोरदीया , सुरेंद्र पटेल, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राठौड़ , रंजीत पाटीदार, जिला मंत्री अमोल पाटीदार, जिला कोषाध्यक्ष राधेश्याम बड़गोता, कार्यालय मंत्री गोपाल पटेल , जिला सदस्य जगदीश नागोरा , दरबार सिंह नालछा अध्यक्ष, कालू सिंह राठौड़ बदनावर अध्यक्ष, रूपचंद कुमावत सरदारपुर मंत्री , तिरला उपाध्यक्ष विष्णु मुकाती, कालूराम झड़, सुनील जाट, रूपचंद पटेल , आदि कार्यकर्ता इस बैठक में उपस्थित थे।

## मरणोपरांत किया नेत्रदान, चार लोगों को रोशनी देगा



विनय उजाला

**धामनोद, निप्र।** गुलझरा के रहने वाले मुकेश शर्मा की धर्म पत्नी मालती शर्मा का निधन गुरुवार को हो गया जिनके मरणोपरांत उनके नेत्रदान कराए गए। समाज से जुड़े देवेंद्र मलतारे ने लायंस क्लब के सोनू गांधी को जानकारी दी और परिवार द्वारा नेत्रदान की इच्छा जाहिर की जिस पर गांधी ने रोटरी क्लब के नेत्रदान देहदान प्रभारी प्रकाश राठौड़ से संपर्क किया।जिसके बाद नेत्र रोग विशेषज्ञ एंव नर्सिंग स्टाफ रितु सावंत,वार्ड बाय राजेश केवट को साथ ले जाकर निवास पर ही नेत्रदान की प्रक्रिया संपन्न कराई और निकाले कॉर्निया को आई बैंक एम के इंटरनेशनल इंदौर भेजे गए। रोटरी क्लब अध्यक्ष मनीष छाबड़ा ने शर्मा परिवार को ऐसे दु:ख की घड़ी में भी इस नेत्रदान महादान के लिए धन्यवाद दिया और सभी की उपस्थिति में प्रमाण पत्र दिया गया।डॉक्टर ने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा नेत्रदान करने पर चार व्यक्तियों को जीवन मैं रौशनी प्राप्त होती है मृत व्यक्ति के चेहरे पर किसी प्रकार का बदलाव नहीं होता है कार्निया निकालने के पश्चात एक आर्टिफिशियल कार्निया कवर आँखों पर लगाकर आंखें बंद कर दी जाती है।

रोटरी क्लब अध्यक्ष मनीष छाबड़ा,दुर्गेश दाबड,नेत्रदान प्रभारी प्रकाश राठौड़,लायंस क्लब के सोनू गांधी,देवेंद्र मलतारे,महेंद्र यादव सहित शर्मा परिवार के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## सी.एम. राईज स्कूल बाग का परिणाम बेहतर रहा

### प्राचार्य और शिक्षकों द्वारा की गई मेहनत रंग लाई

विनय उजाला




**बाग, निप्र।** हाईस्कूल/ स्कूल हायर सेकंडरी मुख्य परीक्षा 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया । जिसमे हाई स्कूल का परिणाम 63.63% रहा एवं हायर सेकंडरी का परिणाम 55.86 रहा । कक्षा 12 वी में मलिन खान 89.4%, कु प्राजल डावर 78.8%, आदित्य अमेरिया 78.8%, ख्याल़ू मानधन्या 78%, कु. निकिता सुर्यवंशी 77.4%, दिलीप वसुनिया 74.8%, कु भावना बामानिया 73.8%, कु रंजना भाबर 73. 6%,मडिया चौहान 71.6%, अनिल डावर 70त्न, कु सना मोरी 69.6%, पियुष ब्रजवासी 69.6% हाई स्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक कु.सुनीता प्रेम सिंह मंडलोई ने 78%, मडिया भा बर 77%, बिजु चौहान, 77.60त्न, कन्हैया चौहान 76 . 40%, शैलेन्द्र मोरी 7560%, रवि जमरा 74. 40त्न, बबलू चौहान 71.80% यशराज चौहान 71.80% विरेंद रावत 68. 60% अंकित जमरा 68% हिरा सिह 67.80% अंक प्राप्त किये । कक्षा 10 में कुल 66 विद्यार्थियों में से 42 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए एवं हायर सेकंडरी परीक्षा में 147 में से 81 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए । संस्था प्राचार्य ने शुभकामनाएं दी। विद्यालय के प्राचार्य श्री डी. एस. बघेल एवं समस्त स्टॉफ ने उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को बधाई एवम् उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की ।

प्राचार्य की मॉनिटींग एवं शिक्षकों की मेहनत रंग लाई सीएम राइज स्कूल में इस बार सीएम राइज स्कूल का परिक्षा परिणाम 10वीं 12वीं बोर्ड का बढ़ चढ़कर आया।

## राजपत्र अधिसूचना के अनुसार नवीन अपराधिक अधिनियम 2023 विवेचकों हेतु प्रशिक्षण का प्रथम बैच प्रारंभ

विनय उजाला




**धार, निप्र।** भारत सरकार द्वारा माह फरवरी 2023 में जारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार नवीन अपराधिक अधिनियम 2023 विवेचको हेतु प्रशिक्षण के प्रथम बैच का प्रारंभ दिनांक 8 अप्रैल 2025 से पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित मीटिंग हॉल में हुआ। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण के छठवें बैच के अंतिम दिवस में हुई परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक /पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह के द्वारा दिनांक 07.05.2025 बुधवार को प्रोत्साहन स्वरूप 500-500 रुपये के केश रिवार्ड से सम्मानित किया गया. इन उच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों में उप निरीक्षक श्री बी पी तिवारी थाना नौगांव, उप निरीक्षक श्रीमति प्रमिला जमरे थाना बाग, प्रआर विजय भाटी सायबर थाना रहे।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार श्री गीतेश गर्ग, उप पुलिस अधीक्षक अजाक श्री आनंद तिवारी, रक्षित निरीक्षक श्री पुरुषोत्तम बिश्नोई, सूबेदार श्री रवींद्र कुशवाह सहित कुल 80 अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मप्र कार्यकारिणी में हुआ संगठनात्मक विस्तार

### आयोग ने की तीन प्रमुख नियुक्तियां, बलसोरा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

विनय उजाला



**झाबुआ/भोपाल, निप्र।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम् महिला बाल विकास आयोग द्वारा मध्यप्रदेश राज्य की कार्यकारिणी में संगठनात्मक मजबूती एवं जनहित में प्रभावी कार्यान्वयन हेतु नई नियुक्तियाँ की गई हैं। आयोग के शीर्ष नेतृत्व द्वारा यह निर्णय प्रदेश की कार्यक्षमता एवं संगठनात्मक संरचना को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से लिया गया है।

आयोग के मुख्य महासचिव डॉ. रविन्द्र मिश्रा द्वारा जारी प्रेस वक्तव्य के अनुसार, डॉ. अशोक बालसोरा को मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। डॉ. बलसोरा सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में एक सशक्त आवाज़ के रूप में जाने जाते हैं और वर्षों से मानवाधिकार संरक्षण एवं जनसेवा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

**महिला प्रकोष्ठ पर प्रदेश अध्यक्ष अन्नु भाबर की नियुक्ति :** इसी क्रम में, महिला प्रकोष्ठ को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने हेतु डॉ. अन्नु भाभोर को प्रदेश अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) नियुक्त किया गया है। डॉ. भाभोर लंबे समय से महिला सशक्तिकरण, शिक्षा एवं सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देती आ रही हैं। वहीं प्रदेश के संगठनात्मक ढांचे को व्यवस्थित संचालन प्रदान करने हेतु श्री अभिमन्यु शर्मा को प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। श्री शर्मा युवा नेतृत्व के प्रेरणास्त्रोत माने जाते हैं और संगठन के विभिन्न दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते आए हैं।

आयोग के मुख्य महासचिव डॉ. रविन्द्र मिश्रा ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि, इन नियुक्तियों के माध्यम से मध्यप्रदेश में आयोग की गतिविधियों को जन-जन तक पहुँचाने, पीड़ितों को त्वरित सहायता दिलाने तथा महिला एवं बाल कल्याण की योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर प्रभावशाली रूप से लागू किया जाएगा।

हमें विश्वास है कि नया नेतृत्व आयोग की नीतियों और उद्देश्यों को मजबूती से आगे बढ़ाएगा इस नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व सहित डॉ रविंद्र मिश्रा राष्ट्रीय महासचिव एवं ठुम्र सिंह राष्ट्रीय सचिव का आभार व्यक्त किया एवं अन्य साथियों ने बधाई प्रेषित की डॉक्टर एमएल फुल पगार है डाक्टर पीडी रायपुरिया डॉक्टर कनक पटेरिया डॉक्टर जयंत बैरागी बापू सिंह कटारा श्रीमती गौरी कटरा सविता गुप्ता चेतन चौहान प्रिया शर्मा संगीता भाबर प्रियंका एस्सलेम डॉक्टर दिनेश चौधरी राजेश सिसोदिया कुसुम डावर कुसुम कनेश चम्पा सींगोंड़ , सुमित्रा पवार शकुंतला राठौर बलवीर सिंह डामोर कोमल सिंह डामोर राजीव सिनेम, आशा अमलियार दीपिका शर्मा प्रीति कनोडिया अंतिम बाला रावत दीपेश कटारा तेर सिंह डामोर दीपक गहलोत पायल बघेल संतोष भूरिया गुजरात से विकास पंड्या, नीरज सिंह राठौर, शरद शास्त्री आदि ने बधाइयां दी एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि आगामी दिनों में अन्य राज्यों में भी संगठनात्मक पुनर्गठन एवं नियुक्तियाँ की जाएंगी। यह निर्णय आयोग के संगठनात्मक विस्तार की दिशा में एक सशक्त कदम माना जा रहा है, जिससे समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक न्याय और सहायता पहुँच सकेगी।

## प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष ने द्वितीय नेशनल लोक अदालत के लिए प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर झाबुआ से किया रवाना

विनय उजाला

**झाबुआ, निप्र।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ के तत्वाधान में दिनांक 10 मई-2025 को आयोजित होने वाली वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत के लिए माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष महोलाल श्रीमती विधि सक्सेना जी द्वारा दिनांक 08 मई-2025 को प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर न्यायालय परिसर झाबुआ से रवाना किया गया। इस अवसर पर लोक अदालत के प्रभारी अधिकारी/विशेष न्यायाधीश श्री विवेक सिंह रघुवंशी, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री सुभाष सुनहरे, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट्र श्री नितिन कुमार मुजाल्दा, न्यायिक मजिस्टेट्र श्रीमती सरोज बाला मुजाल्दा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री शिव कुमार डावर, न्यायिक मजिस्टेट्र श्री बलराम मीणा, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जयदेव माणिक, अभिभाषक संघ झाबुआ के अध्यक्ष श्री दीपक भण्डारी, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण एवं आमजन उपस्थित रहें।

**लोक अदालत मंच से पक्षकार आपसी सहमति से शीघ्र सुलभ व कम खर्च में न्याय प्राप्त कर सकते हैं**


लोक अदालत एक ऐसा मंच है जहां पक्षकार आपसी सहमति से शीघ्र, सुलभ और कम खर्च में न्याय प्राप्त कर सकते हैं। यह न केवल समय की बचत करता है, बल्कि समाज में सौहार्द और मेल-मिलाप की भावना को भी बढ़ावा देता है। इसमें ऐसे मामलों का निराकरण होता है जो लंबे समय से लंबित हैं या जिनका समाधान संवाद और सहमति से संभव है। उन्होंने कहा कि बैंक, नगर पालिका और विद्युत विभाग जैसे संस्थानों के माध्यम से इस प्रचार अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जिसके लिए मैं सभी संबंधित विभागों को धन्यवाद देती हूं। मेरा आप सभी नागरिकों से आग्रह है कि लोक अदालत के इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने विवादों का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से करें। हम सभी का प्रयास न्याय को जनसुलभ बनाना है और लोक अदालत इस दिशा में एक सशक्त माध्यम है।

इस अवसर पर माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती विधि सक्सेना जी ने कहा कि हम सभी लोक अदालत के उद्देश्य और महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के इस सार्थक प्रयास का शुभारंभ कर रहे हैं। यह प्रचार वाहन, जिसे आज न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जा रहा है, शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को लोक अदालत की उपयोगिता और इसकी प्रक्रिया के बारे में जागरूक करेगा।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ के सचिव श्री डावर ने कहा कि यह प्रचार वाहन शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों और अन्य जनसमुदायों में जाकर लोगों को लोक अदालत की प्रक्रिया से अवगत कराएंगे। साथ ही उन्हें आगामी लोक अदालत में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। श्री डावर ने कहा कि लोक अदालत में अपने मामलों को सुलह-समझौते एवं राजीनामा के आधार पर निराकरण कर उन्हें कोर्ट फीस वापिस के साथ-साथ एक छायादार/फलदार पौधा न्याय वृक्ष के रूप में भेंट स्वरूप दिया जायेगा। इस प्रचार वाहन के माध्यम से राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी पेम्पलेट का भी वितरण किया जायेगा।

### तेरापंथ धर्म संघ के 11वें आचार्य श्री महाश्रमण जी का जन्मोत्सव

# पटोत्सव व दीक्षा उत्सव पुण्य धरा पर साध्वी पंकज जी के सानिध्य में मनाया जाएगा




विनय उजाला

**पेटलावद, निप्र।** शासन के नील गगन पर तेरापंथ धर्म संघ एक ध्रुव तारे की तरह चमक रहा है इस तारागण के गणी युगप्रधान आचार्य जी महाश्रमण जी का त्रिवेणी उत्सव मनाने के मंगल पल मिले हैं मालवा की पावन धरा पर झकनावदा के वासियो को साध्वी श्री पंकज श्री जी के सानिध्य में रविवार 11 मई को आईए सुनिए साध्वी श्री जी से उस महापुरुष के कर्तृत्व-वक्तृत्व व नेतृत्व के जीवन की सफल कहानी जानिए महान महापुरुष महाश्रमण को करुणा के मसीहा गुरु महाश्रमण का जन्म राजस्थान के सरदारशहर की पावन भूमि पर 13 मई 1962 में आप अवतरित हुए आप बचपन से ही दयालु व दयावान पर उपकारी लक्षित होते थे।

आप जितने सरल व सहज थे उतने ही आप मेधावी भी थे आपकी मेधा प्रखर थी इसलिए आप अपने स्कूल में अपनी क्लास के हमेशा मॉनिटर रहे आपकी माता नेमादेवी एंव पिता झुमरमल जी आप जैसे सुपुत्र को पाकर धन्य बन गए आप दूगड़ कुल का गौरव है आप आठ भाई बहनों में सबसे छोटे आप सबके लाडले आपकी माता से मिले संस्कारों से आपका जीवन धर्म की डोर से मंत्री मुनि सुमेरमल जी लाडनूं की पावन पवन से उड़ने लगा मन मुनि जीवन को अंगीकार करने के लिए गणाधिपति गुरुदेव तुलसी की आज्ञा से मंत्री मुनि सुमेरमल जी के कर कमलो से आपने अपनी जन्मभूमि पर 5 मई सन 1974 में दीक्षा ग्रहण की आपने मात्र 12 वर्ष की अवस्था में संयम ग्रहण किया आप मोहन से मुनि मुदित बने आपने मुनि जीवन अंगीकार कर मात्र 40 दिन में जैन ग्रंथ दसमेकालिक कंठस्थ कर लिया आपने अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत प्राकृत भाषाओ पर अपना आधिपत्य स्थापित किया आपके जीवन में वैशाख का महीना विशेष रहा आप हर 12 वर्ष में नई-नई उपलब्धियां प्राप्त कर रहे हैं। आप मोहन से मुनी मुदित बने और ठीक 12 वर्ष पश्चात आप 9 सितंबर 1990 में महाश्रमण के पद पर सुशोभित हुए आपने दो-दो महापुरुषों की मेहर नजर की दौलत को प्राप्त किया गणाधिपति गुरुदेव तुलसी की पारखी नजरो ने आपको महाश्रमण पद पर आसीन किया तो महायोगी प्रेक्षा प्रणेता आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी ने आपको अपना उत्तराधिकारी के रूप में युवाचार्य के पद पर 14 सितंबर 1997 मे नियुक्त किया आपने विनय और समर्पण से दो-दो महापुरुषों के हृदय को जीतकर जन-जन के कल्याण में अहोनिशी साधना रथ हो गए।

सरदारशहर की पुण्य धरा पर आपको तेरापंथ धर्म संघ ने 23 मई सन 2010 को गांधी विद्या मंदिर मे 11 वे अधिष्ठा के रूप में आपको अभिववंदना की इस प्रकार आज आपके 64 वें जन्मदिवस एवं 16 वे पटोत्सव पर और 52 वे दीक्षा दिवस पर संपूर्ण संघ उत्सव मना रहा है आपकी अमृतवाणी संपूर्ण मानव जाति को अमृत पिला रही हैं आपने अपने आचार्य काल के 15 वर्षो में जनता को भगवान मानते हुए जनता की सेवा में हर क्षण समर्पित कर दिया आपने तीन देशों की यात्रा की आप तेरापंथ धर्म संघ के प्रथम आचार्य हैं जिन्होंने तीन देशों की नेपाल-भूटान व भारत की यात्रा की आपने अहिंसा यात्रा एवं अणुव्रत यात्रा के द्वारा 23 राज्यों को अपने पावन संदेशों के द्वारा पवित्र बनाया। आप लगभग 60000 किलोमीटर से भी अधिक की अहिंसा यात्रा कर चुके हैं और यह मिशन अभी भी जारी है महाश्रमण जी एक ऐसे महायोगी यायावर है जो दुनिया को तीन वरदान दे रहे हैं नैतिकता सद्भावना एवं नशा मुक्ति आपके श्री चरणों में योगी, भोगी, राजा, धनी, निर्धन सबको मिलते हैं तीन रत्न की संपदा आपकी शरण में आकर हर व्यक्ति इहलोक में और परलोक में सुख को प्राप्त करता है। अभिनंदन-अभिनंदन-अभिनंदन संयम महासुमेरु के पावन चरण कमलो में आइए रविवार 11 मई को झकनावदा में त्रिवेणी उत्सव का भव्य नजारा देखिए- देखिए साध्वी श्री पंकज श्री जी के सानिध्य में आचार्य श्री महाश्रमण जी का जन्मोत्सव-पटोत्सव और दीक्षा उत्सव मनाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### हज सफर के लिए तीन सदस्य रवाना



**कसरावद, निप्र।** कसरावद से गुरुवार को मुस्लिम समाज के 3 सदस्य हज सफर के लिए रवाना हुए। नगर के चिकित्सक डॉ इम्तियाज़ मंसूरी के छोटे भाई वसीम और उनकी बीवी और उनकी वाल्दा शामिल है। आशिक़ बाबा, जाफर शेख, अनीस खान पत्रकार, इमरान खलीफा, तस्लीम एहमद, जाहिर पप्पू, परवेज़ टेलर, डॉ सादिक साहब, जावेद मास्टर, मजीद भाई एवम सभी समाजजनों ने मुबारकबाद दी।

### सनावद पुलिस ने मुस्कान अभियान में गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं को ढुंढकर सकुशल उनके परिजनों के सुपूर्द किया

**खरगोन, निप्र।** सनावद पुलिस ने मुस्कान अभियान में ढकलगाँव से दिनांक 16.03.2025 को गुमशुदा हुई नाबालिक को मण्डीदीप जिला रायसेन (म.प्र) से और दिनांक 03.11.2024 को टोकसर से गुमशुदा नाबालिग को ग्राम बिचौली हप्सी इंदौर से ढुंढ कर सकुशल उन्हें उनके परिजनों के सुपूर्द किया । इस कार्रवाई में एसडीओपी बड़वाह श्रीमती अर्चना रावत, सनावद थाना प्रभारी निरीक्षक रामेश्वर ठाकुर , उपनिरीक्षक करण सिंह डावर, कार्यवाहक म.प्रआर 329 पुष्पा पटेल, आर. 941 प्रकाश चौहान व साइबर टीम का विशेष योगदान रहा।

### कलेक्ट्रेट में विश्व रेड क्रॉस दिवस पर कुपोषण खत्म करने की दिलाई गई शपथ

**खरगोन, निप्र।** 08 मई विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में कुपोषण से मुक्ति एवं कोई भी गर्भवती महिला की मृत्यु खून की कमी से न हो इस विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी ने व्याख्यानमाला में उपस्थित सदस्यों को शपथ दिलाई गई कि वे बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराने एवं किसी भी गर्भवती महिला की खून की कमी से मृत्यु नहीं होने देंगे और इन्हें रोकने में मदद करेंगे।

### कॅरियर काउंसलिंग सही निर्णय से बनाएं भविष्य को बेहतर

**खरगोन, निप्र।** तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा कॅरियर काउंसलिंग योजनान्तर्गत शासकीय आईटीआई खरगोन के छात्र-छात्राओं को उनके करियर के बारे में मार्गदर्शन और परामर्श देने के लिए कॅरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इस काउंसलिंग में व्याख्याता शासकीय पॉलीटेक्निक खरगोन श्री रणजीत सिंह रावत द्वारा युवाओं को अपनी रुचियों, कौशल और लक्ष्यों के बारे में बताया कि अपनी सीमाओं को बांधकर न रखें उन्हें पंख दें। ताकि ऊँचा लक्ष्य प्राप्त कर सकें। व्याख्याता शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज हिमांशु वास्कले द्वारा युवाओं को सही कॅरियर एवं अपनी ताकत और कमजोरियों का आकलन कर कॅरियर चुनने के लिए परामर्श दिया गया तथा विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में बताया गया। इस कॅरियर कांउसलिंग में प्राचार्य श्री हितेषी सुरागे, प्रशिक्षण अधिकारी आईटीआई खरगोन राजेश झिल्वे, रोजगार कार्यालय के राजपाल सिंह द्वारा स्किल्ड आधारित रोजगार के अवसरों जैसे विभिन्न विषयों पर युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया।

# सांसद प्रतिनिधि ने कांग्रेस को बताया आतंकी संगठन

## भड़कें कांग्रेसियों ने थाने पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की, सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने वाले के विरुद्ध एफआईआर की मांग

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कांग्रेस को आतंकी संगठन बताने व हिंदू विरोधी बताने पर कांग्रेसी भड़क गए। इसको लेकर जिलाध्यक्ष सहित विधायक व कांग्रेस गुरुवार दोपहर कोतवाली थाने पहुंचे और संबंधित के विरूद्ध जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। टीआई दिनेशसिंह कुशवाह को आवेदन सौंपकर कथित पोस्ट डालने वाले के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने



की मांग की।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष नानेश चौधरी ने बताया कि वर्तमान में देश एक नाजुक स्थति से गुजर रहा है। देश का पड़ोसी दुश्मन पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ सभी राजनितिक पार्टियां एक मत होकर आतंकवाद को खत्म करने के लिए भारत सरकार के हर कदम का समर्थन कर रही है। देश कि सबसे बड़ी विपक्षीय दल कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के सभी नेताओं ने भारत सरकार का समर्थन किया है। आज देश के सभी धर्म के लोग भारत सरकार के साथ है। वहीं कुछ लोगों को देश की एकता और भाईचारा पसंद नहीं आ रहा और सोशल मिडिया पर विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी संगठन को आतंकवादी और हिन्दू विरोधी बताकर अशांति फैलाकर देश को अस्थिर करना चाहते है। जिलाध्यक्ष चौधरी ने कहा कि ऐसा ही एक मामला बड़वानी का संज्ञान में आया है कि भाई नाम के वाट्सट्स में भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि मिथुन यादव ने एक मैसेज किया, जिसमें कांग्रेस को आंतकी संगठन और हिंदू विरोधी बताया हैं। आवेदन के माध्यम से संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की मांग की गई। इस दौरान विधायक राजन मंडलोई सहित कांग्रेसजन मौजूद रहे।

आपदा की स्थिति मे जिला मुख्यालय के शासकीय सहित...

# निजी चिकित्सालयों मे सुविधाओं का अवलोकन जागृत हिन्दू मंच ने किया

विनय उजाला


**बड़वानी, निप्र।** वर्तमान मे भारत पाकिस्तान के मध्य तनाव की स्थिति में बड़वानी जिला मुख्यालय पर आकस्मिक स्थिति में घायलों की संख्या एक साथ बढ़ने पर उपचार की व्यवस्था के लिए जागृत हिन्दु मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिला चिकित्सालय बड़वानी एवं निजी चिकित्सालय का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया ।सिविल सर्जन अनिता सिंगारे ने स्वयं उपस्थित होकर जिला चिकित्सालय का अवलोकन करवाया। ट्रामा सेंटर सहित जिला चिकित्सालय की समस्त विंग, ब्लड बैंक,गहन चिकित्सा इकाई, विशेष वार्ड का भ्रमण कर अवलोकन किया,जिला चिकित्सालय में वर्तमान में 400 बिस्तरों की स्थाई व्यवस्था होकर आपदा या आपातकाल की स्थिति में पर्याप्त संख्या में बिस्तर और कक्ष एवं ब्लड बैंक में पर्याप्त ब्लड की व्यवस्था उपलब्ध है, इसके साथ ही



इमरजेंसी ओ पी डी में चिकित्सक एवं पेरामेडिकल स्टाफ की व्यवस्था भी होकर बढिया होकर ऑक्सीजन की भी पर्याप्त व्यवस्था है ।साथ ही जिला चिकित्सालय में मरीज को किसी भी विभाग में जाने हेतु अलग-अलग् रंग की पट्टी फर्श पर लगाई गई, जिसकी सहायता से अनपढ़ व्यक्ति भी आसानी से सम्बन्धित विभाग जैसे ब्लड बैंक, आई सी यू आदि मे बिना किसी से पूछे जा सकते है ।जैसे ब्लड बैंक में जाने हेतु लाल रंग की पट्टी लगाई गई है,रंगो की पट्टी का ये प्रयोग संभवत: सम्पूर्ण प्रदेश के शासकीय चिकित्सालयों में प्रथम है।

जागृत हिन्दु मंच ने जिला चिकित्सालय की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया ।सिविल सर्जन सिंगारे मैडम ने आव्हान किया कि जिला चिकित्सालय सभी का है, इसलिए इसकी सफाई व्यवस्था को बनाये रखने एवं कही पर भी थूकने से रोकने की जवाबदारी शासकीय अमले सहित मरीजों एवं उनके परिजनों की भी है, वर्तमान में जिला चिकित्सालय में जहा तहा थूक दिया जाता है जिसे रोकने हेतु जुर्माना लगाना भी शीघ्र ही प्रारम्भ किया जायेगा। रक्तदान के संबंध में भी सिंगारे मैडम से विस्तृत चर्चा हुई, जिसमे उन्होंने बताया कोई भी व्यक्ति ब्लड डोनेट करने आता है तो दानदाता के भी ब्लड की कई प्रकार की जांच हो जाती है जिससे उसे जानकारी हो जाती है कि वह स्वस्थ है या नहीं, यह नि:शुल्क किया जाता है।

### मोहिनी एकदशी पर नगर के श्री खाटूश्याम मन्दिर में हजारों भक्तों ने मन्दिर में पहुंचकर श्याम बाबा के दर्शन कर शीश नवाया





विनय उजाला

**अंजड, निप्र।** गुरुवार को मोहिनी एकदशी पर श्याम बाबा का दिल्ली से बुलवाए विशेष प्रकार के फूलों से आकर्षक श्रंगार किया तथा मन्दिर में स्थापित भगवान पशुपतिनाथ महादेव,श्री सालासर बालाजी,श्रीराम व श्रीकृष्ण दरबार का भी आकर्षक श्रंगार किया गया ।सुबह से भक्तों का आने का सिलसिला शुरू हो गया था जो देर रात्रि तक जारी रहा ।बड़ी संख्या में भक्तजन निशान लेकर पहुचे व महिला श्रद्धालु भजन गाकर थिरकती रही यह सिलसिला दिनभर चलता रहा। सुबह 6 बजे पण्डित वैभव बड़ोले व प्रफुल व्यास ने वैदिकमंत्रोच्चार के साथ श्याम बाबा एवं मन्दिर में स्थापित सभी देवी देवताओं का पूजन अर्चन किया तथा सुबह 7 बजे मंगला आरती की गई।

**दिल्ली से बुलवाए विशेष प्रकार के फूल :** समिति के कोषाध्यक्ष पप्पू बंसल ने बताया कि श्याम बाबा का विशेष श्रंगार हेतु दिल्ली से कार्निवाल, डिवाइन गुलाब, सन ऑफ इंडिया आदि के रंग बिरंगी आकर्षक विदेशी फूलों से बनी मालाएं बुलवाकर श्याम बाबा का आकर्षक श्रंगार किया ।तथा श्याम बाबा का सुंदर बागा पहना कर सर पर आकर्षक मुकुट व कानो में कुंडल पहनाकर मनमोहक रूप से सजाया गया।

**यह हुए आयोजन :** मंगला आरती के बाद सुबह 10 बजे भोग आरती कर बाबा को भोग लगाया गया तथा शाम 7 बजे संगीत के साथ महाआरती की गई जिसमें हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**सजाया बाबा का दरबार बांटी प्रसादी :** सांयकालीन महाआरती के बाद मन्दिर प्रांगण में श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया तथा ज्योत प्रज्वलित की गई श्रद्धालुओ ने ज्योत में सूखे खोपरे व गाय के घी से आहुतियां प्रदान करि ।श्याम एकदशी प्रसादी ग्रुप के द्वारा फलाहारी मिक्कर, फलो एवं मिठाई की प्रसादी का वितरण किया गया। रात्रि 11 बजे शयन आरती की गई।

## मनोरोगियों का ठीक होकर परिवार में लौटना विधि सम्मत कार्य : न्यायाधीश अमूल मंडलोई




विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** हमारे जिले के लिए और उन निराश्रित मनोरोगियों के लिए आशा आश्रय गृह किसी सौगात से काम नहीं है की एक और यहां सड़क पर घूमते हुए मनोरोगियों को लाकर उपचार के साथ-साथ स्वावलंबी बनाकर परामर्श की निष्कर्ष के आधार पर मूल परिवार में भेजने के लिए भी मार्ग प्रशस्त किया जाता है यह विधि सम्मत कार्य है ।राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री महेंद्र कुमार जैन के निर्देशानुसार आशा आश्रय गृह में आयोजित साक्षरता शिविर में सचिव जिला विद्युत सेवा प्राधिकरण न्यायाधीश श्री अमूल मंडलोई ने कही ।उन्होंने कहा यह कार्य ट्रस्ट द्वारा सामाजिक भागीदारी के तहत चौकसी वाला ज्वेलर्स की आर्थिक सहयोग से किया जा रहा है यह एक सामाजिक समरसता का बड़ा उदाहरण है ।इस दौरान न्यायाधीश श्री मंडलोई के द्वारा मनोरोगियों से संवाद कर उनसे उनकी कुशलता जानी ।देश के विभिन्न राज्यों में पुनर्वासित किए गए मनोरोगियों के रिकॉर्ड देखकर उनकी अवस्था और भेजने की व्यवस्था पर संस्था के प्रयासों की सराहना की।

संपूर्ण आशा आश्चर्य ग्रह का अवलोकन कर न्यायाधीश श्री मंडलोई के द्वारा प्राकृतिक वातावरण एवं स्वच्छता की भी प्रशंसा की ।इस दौरान ट्रस्ट के श्री सचिन दुबे, श्री मनीष पाटीदार, श्री मनीराम नायडू प्राधिकरण के श्री अर्जुन परमार श्री समाधान पाटील आदि उपस्थित थे।

## पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल बड़वानी में समर कैंप के अंतर्गत पारंपरिक नृत्य एवं लोककथाओं की प्रस्तुति



विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यालय स्थित पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल, बड़वानी में समर कैंप का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया है।

दिनांक 07.05.2025 को आयोजित गतिविधियों में संस्कृति के रंगङ्कहमारी विरासत,हमारी पहचान थीम के अंतर्गत विशेष सत्र का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर शिक्षिका श्रीमती संध्या पौराणिक द्वारा विद्यार्थियों को रोचक लोककथाएं सुनाई गईं, जिससे बच्चों में सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं के प्रति रुचि जागृत हुई ।इसके अतिरिक्त छात्राओं को पारंपरिक नृत्य की भी शिक्षा दी गई, जिससे उनमें आत्मविश्वास और प्रस्तुति कौशल का विकास हुआ ।कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्री संतोष मिश्रा सहित शिक्षकगण श्री योगेंद्र दीक्षित,श्रीमती सुनीता वर्मा, श्रीमती पूजा जैन,श्रीमती अनीता गोयल,श्री एस.आर. मोरे तथा खेल प्रशिक्षक श्री मनी सोलंकी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

विद्यालय परिवार द्वारा समर कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों को रचनात्मक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़ने का सतत प्रयास किया जा रहा है।

## किसान अग्रिम खाद उठाकर परेशानियों से बचें : प्रबंध संचालक पी.एस. धनवाल

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** शासन की अग्रिम खाद भण्डारण योजना अंतर्गत अभी तक खरगोन जिले की 128 सहकारी संस्थाओं में 33359 मेट्रिक टन एवं बडवानी जिले की 54 सहकारी संस्थाओं में 17196 मेट्रिक टन खाद का भंडारण कर लिया गया है जिसमें से खरगोन जिले में मात्र 2387 मेंट्रिक टन तथा बडवानी जिल में 231 मेंट्रिक टन खाद का किसानों के द्वारा उठाव किया गया है , जो कि अत्यन्त कम है। इस सम्बन्ध में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित खरगोन के प्रबंध संचालक द्वारा किसानों से अपील



की गई है , कि वह अपनी खरीफ फसलों के लिए लगने वाले खाद का अग्रिम भण्डारण कर लें , जिससे सीजन के समय उन्हें खाद उठाव करने में कोई परेशानी का सामना न करना पडें। वर्षा प्रारंभ होते ही उर्वरकों की मांग बढ जाती है, यदि किसानों द्वारा अपनी आवश्यकता के अनुसार खाद संस्था से अग्रिम उठाव कर लिया जाता है, तो संस्था के गोदाम में रिक्तता आने से संस्था द्वारा और अग्रिम भण्डारण कर लिया जावेगा तथा संस्था को खाद भण्डारण के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो सकेगा, वही किसानों को भी पीक सीजन में खाद आपूर्ति की समस्या भी नही रहेगी। खरगोन एवं बडवानी जिले की सभी संस्थाओं को निर्देशित किया गया है, कि संस्था कार्यक्षेत्र के समस्त ग्रामों में डोंडी पिटवाकर किसानों को अग्रिम खाद के उठाव के लिए प्रेरित किया जाय , जिससे किसानों को पीक सीजन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। कृषि विभाग के मैदानी अमले से भी अनुरोध है कि अपने क्षेत्र के किसानों को सहकारी संस्थाओं में भण्डारित रासायनिक खाद के उठाव हेतु प्रेरित करें।

### आज होगी जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक खरगोन-बड़वानी क्षेत्र के सांसद गजेन्द्रसिंह पटेल की अध्यक्षता में 09 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है , जिसमें खण्डवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के साथ साथ जिले के सभी विधायक, नगरीय निकायों के अध्यक्ष, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

कलेक्टर भव्या मित्तल ने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में विभागीय कार्रवाई की अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

अंडरपास की ऊंचाई बढ़ाने के सबंध में सौंपा ज्ञापन

# पहली बार लोगों को मिली जानकारी में सर्विस मार्ग की मांग उठाई

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** अंडर बाईपास की ऊंचाई कम, सर्विस मार्ग प्रोजेक्ट निर्माण कार्य मे नही शामिल। लोग बोले इससे क्या फायदा पूर्व की भांति ही कसरावद से आना जाना करना मजबूरी होगी। नावडाटौडी - कसरावद मार्ग पर अंडरपास पुलिया की ऊंचाई बढ़ाने को लेकर सायता निवासी किसानों एवं आम जनों ने एसडीएम कार्यालय पहुंच कर समस्या के समाधान के लिए गुहार लगाई। गुरुवार को ज्ञापन सौंपा।

**पूर्व में शिकायत की गई :** कहा



साहब अंडरपास की ऊंचाई बढ़ाई जाए, क्योंकि इसकी ऊंचाई कम होने से नर्मदा परिक्रमा पर आने वाले यात्री बसों की ऊंचाई अधिक होने से वाहन टकराएगे वही किसानों की गन्ना सहित अन्य उपज फसलो के आवाजाही में असुविधा होगी।

**एसडीएम ने प्रोजेक्ट मेनेजर को तलब किया :** आमजनों की समस्या को देखते हुए एसडीएम सत्येंद्र सिंह बेरवा ने तत्काल




निर्माण कार्य करने वाली संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर को तलब कर स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन नक्शे की जानकारी जुटाई, इसमे अंडरपास के पास सर्विस लाइन सड़क मार्ग नहीं होने पर शिकायत करने वाले अवक रह गए। क्योंकि इसके अभाव में नर्मदा तट से कसरावद होकर आना - जाना करना होगा । मतलब साफ है कि आवाजाही के लिए कसरावद मुख्य सड़क अंडरपास के पास से सीधे कसरावद मार्ग पहुंचेगा सर्विस मार्ग नहीं होने की स्थिति में उपस्थित लोगों ने कहा नर्मदा तट के लोगों को वर्तमान में जारी निर्माण कार्य आवागमन से कोई फायदा नहीं है।

सायता निवासी सरदार सिंह तंवर, करण सिंह पटेल, डॉ विरेन्द्र सिंह पटेल, चंद्रशेखर दुबे, ईश्वर पटेल, मुकेश मालवीय ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि नर्मदा तट पर श्रद्धालुओं की आस्था तीज त्योहारों के अलावा अब सामान्य दिनो मे भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। सामने महेश्वर तीर्थ स्थल है।

लोडिंग वाहनों की आवाजाही नर्मदा पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की बसो पर समान बधा हुआ होता है। उसके बाद ऊंचाई अधिक होती है। गन्ना केला एवं पशु चारा के लिए किसानों के लोडिंग वाहन गुजरेंगे तो असुविधा होगी। बताया जा रहा है कि 15 फीट अंडरपास पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रोजेक्ट मैनेजर ने एसडीएम एवं आमजनों को इसकी जानकारी दी गई। प्रोजेक्ट मेनेजर राहुल सिंह ने बताया कि पर्याप्त रूप से आवागमन के लिए अंडरपास निर्धारित मापदंड अनुसार बनाया जा रहा है। उसके बाद लोगों ने पूछा कि सर्विस मार्ग की स्थिति क्या होगी तो प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया यह प्रोजेक्ट शामिल में नहीं है।

ज्ञापन देने वाले आम जनों ने कहा कि सर्विस मार्ग होना जरूरी है इसके लिए सांसद, विधायक, व कलेक्टर को इसके बारे में जानकारी दी जाएगी। लोगों ने कहा कि अंडरपास की ऊंचाई बढ़ाए साथ ही सर्विस मार्ग का निर्माण हो ।एसडीएम ने कहा कि समस्या को लेकर संबंधित निर्माण कंपनी नेशनल हाईवे सड़क निर्माण के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा के साथ संस्कार भी अति आवश्यक

**देवास, निप्र।** दिगंबर जैन समाज देवास के नवनिर्मित जिनालय महावीर धाम पर हो रहे पंच कल्याणक महामहोत्सव के जन्म कल्याण दिवस के अवसर पर मुनिश्री 108 श्री निष्पक्ष सागर एवं मुनि श्री 108 निस्पृह सागर जी महाराज जी ने बताया कि भगवान का जन्म कैसे होता है, मुनि श्री ने बताया कि मां कैसी होनी चाहिए एक बच्चे के निर्माण में माता पिता की अहम भूमिका एक मां सिर्फ बच्चे को जन्म ही नहीं देती है बल्कि बच्चे को पाषाण से भगवान बनाने तक के सारे संस्कार देती है। पंचकल्याणक महोत्सव के तीसरे दिन आज प्रात: 6.14 पर भगवान का जन्म हुआ, पूजन अभिषेक के बाद भगवान को सौधर्म इंद्र एवं अन्य इंद्रों द्वारा ऐरावत हाथी पर घोड़े बैंड बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया उसके बाद भगवान को पांडव शिला पर विराजमान कर सौधर्म इंद्र, ईशान इंद्र, महेंद्र कुबेर आदि के साथ सभी इंद्रों द्वारा भगवान का जन्माभिषेक किया।

### केपीआई के आधार पर महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा हुई

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देशानुसार 08 मई को संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री मोनिका बघेल, समस्त परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, जिला समन्वयक, ब्लॉक समन्वयक एवं समस्त परियोजनाओं के लेखा प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में विभागीय योजनाओं के (केपीआई) के तीन बिन्दुओं जैसे वृध्दि निगरानी, पोषण आहार अंतर्गत आंगनवाडी केन्द्र पर 21 दिवस या उससे अधिक टेक होम राशन (टीएचआर) वितरण की स्थिति एवं आंगनवाडी केन्द्र 21 दिवस या उससे अधिक हॉट कुक्ड मिल (एचसीएम) वितरण की स्थिति समीक्षा के साथ साथ सीएम हेल्प लाईन लाइन पर दर्ज शिकायतों की भी समीक्षा की गई। इन संकेतकों से सीएम डैशबोर्ड पर जिले की रैंक प्रदर्शित होती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री बघेल द्वारा समस्त पर्यवेक्षकों को हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभान्वित कर पोषण ट्रैकर एप पर खाद्यान्न वितरण की शत प्रतिशत एन्ट्री करने के निर्देश दिये गये, ताकि जिले की रेंकिंग प्रदेश में अच्छी रहे।

### 10 मई को नेशनल लोक अदालत का होगा आयोजन

**खरगोन, निप्र।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के तत्वाधान में 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होना है। इस संबंध में क्लेम प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर प्रीति जैन द्वारा 08 मई को एडीआर सेंटर मण्डलेश्वर में नेशनल बीमा कंपनी, ओरियंटल बीमा कंपनी, युनाइटेड बीमा कंपनी एवं न्यू इंडिया बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं एवं आवेदक अधिवक्ताओं के साथ प्री-सिटिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक में चर्चा के दौरान मोटर दुर्घटना के राजीनामा योग्य प्रकरणों को चिन्हित कर उनके निराकरण की चर्चा की गई। इस दौरान एमएसीटी के कुछ प्रकरणों में आंशिक सहमति बनी। बैठक में बीमा कंपनी के अधिवक्ता कार्तिक जोशी, विजय जोशी एवं आवेदक अधिवक्ता एसएल यादव, नवीन जोशी एवं जीके पठान उपस्थित रहे।

# समर कैंप के अंतर्गत छात्र विभिन्न गतिविधियों में ले रहे उत्साह से भाग

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सीखे, सृजन करें एवं समाज से जुड़े पर आधारित समर कैंप का आयोजन 1 मई से 20 मई तक किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत श्रीनारायण विद्या मंदिर क्रमांक 1 देवास में भी समर कैंप का आयोजन चल रहा है. जिसमें छात्र बड़े उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता कर रहे हैं, उक्त जानकारी देते हुए समर कैंप के प्रभारी शिक्षक मिर्जा मुशाहिद बैग ने बताया कि इसमें आर्ट एवं क्राफ्ट, इंग्लिश स्पीकिंग, फन गेम, योग, ड्राइंग, लीपन आर्ट, पैच रंगोली, डांस (क्लासिकल, लोक नृत्य) इनडोर एवं आउटडोर गेम्स का आयोजन किया जा रहा है प्रतिदिन छात्र अलग-अलग गतिविधियों में संस्था के शिक्षकों के मार्गदर्शन में भाग ले रहे हैं और मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं। अभी तक छात्रों ने योग,रंगोली केरम, क्रिकेट, शतरंज, सामान्य ज्ञान, ड्राइंग सहित विविध गतिविधियों में भाग लिया है। संस्था के शिक्षक अनुज जायसवाल के अनुसार प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक चल रहे इस कैंप में छात्रों का उत्साह उल्लेखनीय है। शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास के लिए भी ये समर कैंप महत्वपूर्ण है। जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारती एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजय सोलंकी की सतत् मॉनिटरिंग एवं प्राचार्य के के मिश्रा के नेतृत्व में संस्था का कैंप सफलतापूर्वक, सार्थक रूप ले रहा है। कैंप में अभी तक की गतिविधियों का आयोजन सोमलता पटेल, अंजना सोनी, वर्षा जैन, निर्मला पवार, प्रीती जोशी, सादिया खान, मनीषा श्रीवास्तव, पम्मी नाथ ,राधेश्याम सोलंकी, लोकेश सांवलिया, मनोहर पटेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुई है। 20 मई तक इस कैंप का आयोजन सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में संपन्न किया जाना है।





महापौर जनसुनवाई में शिकायतों का निराकरण ...

# प्राथमिकता से किए जाने के दिए निर्देश



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** बुधवार को आयोजित नगर निगम महापौर जनसुनवाई में निगम संबंधी सफाई कार्य, मार्ग निर्माण, नालियां व चेम्बर चोक होने आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्र शहर के विभिन्न वार्ड क्षेत्रों के नागरिकों द्वारा सौंपे गए। जिसमें सम्यक विहार कॉलोनी के मुख्य मार्ग के निर्माण हेतु कॉलोनी के रहवासियों द्वारा दिए गए आवेदन पत्र को महापौर द्वारा संबंधित विभाग की ओर कार्रवाई हेतु भेजा गया। इसी प्रकार वार्ड 4 मधुबन कॉलोनी में नाला बन्द होने, वार्ड 19 में गीता ड्रीम सिटी कॉलोनी के योगेश चौहान के द्वारा नाली का चेम्बर चोक होने, वार्ड 22 सर्वोदय नगर से उद्यान विभाग हेतु आवेदन पत्र क्षेत्र के नागरिकों द्वारा सौंपा गया। महापौर द्वारा इन नागरिकों की समस्याओं को सुना जाकर इनके द्वारा प्रस्तुत आवेदनों को संबंधित विभागों की ओर विभागीय कार्यवाही हेतु जनसुनवाई में उपस्थित संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देश जारी किए गए। जनसुनवाई में निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, उपायुक्त वित्त दीपक पटेल, कार्यालय अधीक्षक अशोक देशमुख, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसौदिया, राजस्व अधिकारी प्रवीण पाठक, उपयंत्री दिनेश चौहान, पलक श्रीवास्तव, एनयूएलएम प्रभारी विशाल जगताप आदि उपस्थित रहे।

पीएम आवास के लिए आए 4679 आवेदन, जिसमें 2748 का सर्वेक्षण जारी

# महापौर ने कहा प्रधानमंत्री आवास योजना में दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य प्रगति पर

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** पीएम आवास योजना के लिए इस बार भी बडी संख्या में आवेदन आए हैं। अभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन चल रहा हैं। मध्यप्रदेश शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग जारी निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना बीएलसी घटक क्रमांक 2 का क्रियान्वयन वर्तमान में प्रगति पर है। इस योजना में शहर के 45 वार्डों में निवासरत रहवासियों को लाभ पहुंचाने हेतु नगर निगम प्रधानमंत्री आवास योजना विभाग द्वारा नागरिकों के 4679 आवेदन पत्र आनलाइन प्राप्त किए जा चुके हैं, जिसमें 2748 का सर्वेक्षण जारी है। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम योजनान्तर्गत प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करने हेतु जिला कलेक्टर निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र के पटवारियों एवं निगम तकनीकि यंत्रियों का एक संयुक्त दल का गठन किया गया है।

उक्त दल नागरिकों के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों का भौतिक सत्यापन मैदानी रूप से करने हेतु सर्वे का कार्य कर रहे हैं जिसमें केन्द्र शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के माप दण्ड निर्धारित किए गए जिसमें निर्धारित दस्तावेजों की जांच मौके पर की जा रही है एवं जो लोग निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत कर रहे हैं उन्हें पात्रता प्रदान की जा रही है। महापौर ने जिन लोगों द्वारा अपने आवेदन पत्रों के साथ निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत किए गए हैं एवं वे संयुक्त दल के सर्वे में पात्रता की श्रेणी में आ चुके हैं उन लोगों से अनुरोध किया है कि वे किसी प्रकार के प्रलोभन एवं बहकावे में नहीं आकर दलाल टाइप के लोगों को किसी भी प्रकार कोई राशि नहीं दे, क्योंकि योजनान्तर्गत निर्धारित दस्तावेजों के आधार पर ही चयन होगा। महापौर ने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा नागरिकों को सिर पर पक्की छत उपलब्ध कराने हेतु उक्त योजना लागू की गई है। जिसका लाभ हम लोगों को दे रहे हैं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर निगम देवास ने क्षिप्रा नदी की सफाई की

जल गंगा संवर्धन अभियान जन-जन के सहयोग से बन रहा महा जनअभियान



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** जल है तो कल है, आओ मिलकर कदम बढ़ाएं। देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नगरीय निकायों एवं प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। अभियान के तहत नगरीय निकायों एवं प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जल की एक-एक बूंद को सहेजने के लिए 30 जून 2025 तक अभियान जारी रहेगा।

अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम देवास द्वारा ग्राम क्षिप्रा में क्षिप्रा नदी के किनारों पर साफ-सफाई तथा गदंगी को बाहर किया गया। नदी की सफाई एवं गहरीकरण से बारिश के दिनों में पानी का संग्रहित होगा तथा वाटर लेवल भी बढ़ेगा, जिससे पेयजल के साथ खेती करने के लिए भी पानी मिल सकेगा।

# मॉकड्रिल को लेकर व्हाट्सएप पर की आपत्तिजनक टिप्पणी

## पुलिस ने 151धारा में हिरासत में लिया, तहसीलदार ने जेल भेजा

विनय उजाला



**सोनकच्छ, निप्र।** नगर के एक युवक ने बुधवार को सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट कर दी। जिसकी शिकायत के बाद पुलिस ने उक्त युवक को हिरासत में लेकर जेल भेजा।

प्राप्त जानकारी अनुसार हिंदू समाजजनों ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि फेसबुक सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वार्ड क्रमांक 15 तौड़ा निवासी जुबैर उद्दीन पिता सगीर उद्दीन कुरैशी यूजर द्वारा विवादित पोस्ट की गई है। जिसमें उसने लिखा कि बत्ती गुल आंदोलन के बाद अब मुस्लिम मस्जिद फुल आंदोलन चलाने की फ़िक्र करें%। इस पोस्ट पर हिंदू संगठनों की आपत्ति के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 151 धारा में प्रकरण दर्ज किया। और तहसीलदार संजय गर्ग ने जेल भेज दिया।

**151 की कार्रवाई से शिकायतकर्ता नाराज :** शिकायतकर्ता हिंदू समाजजनों का कहना है कि बुधवार देवास जिले के संपूर्ण क्षेत्र के लिए कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये थे। जिसके अनुसार कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या ग्रुप एडमिन या अन्य सोशल मीडिया/इलेक्ट्रॉनिक संसाधन जैसे मोबाइल, कम्प्यूटर, फेसबुक, ई-मेल, व्हाट्सएप्प एवं अन्य प्रकार के संचार साधनों पर किसी दल, धर्म, जाति, सम्प्रदाय, संस्था, व्यक्ति विरोधी एवं आमजन की भावना भड़काने वाले अथवा किसी को बुरा लगने या आहत करने वाले व कानून व्यवस्था की विपरीत स्थिति निर्मित करने वाले आपत्तिजनक मैसेज/चित्र/ कमेंट/बैनर/पोस्टर आदि अपलोड नहीं करेगा/प्रदर्शित नहीं करेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है। नाराज शिकायतकर्ताओं ने जुबैर पर भी उक्त धारा 223 में प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

# बड़वाह पुलिस ने मोटरसाइकिलों की चोरी करने वाले को पकड़ा

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** बड़वाह पुलिस ने मोटर साइकिलों की चोरी करने वाले पप्पु पिता करतार चोहान जाति बंजारा उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम हीरपुर थाना चैनपुर को भीकनगाँव रोड़ पर ढकलगाँव गोशाला के पास से पकड़ा और उसके पास से।

» हीरो एचएफ डीलक्स मो.सा क्रमांक MP-10-MW-4084 मुल्य 70,000/-
» हीरो होण्डा स्पलेण्डर प्लस मो.सा. क्रमांक MP -12-MH-0878 मुल्य 60,000/-
» होण्डा साईन मो.सा. क्रमांक MP-10-MG- 1543 मुल्य 70,000/-
» हीरो होण्डा स्पलेण्डर प्लस मो.सा. क्रमांक MP-45-BA-6928 मुल्य 50,000/- को अपनी सुपूर्दगी में लिया ।

**पुलिस टीम :** इस कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग बड़वाह श्रीमती अर्चना रावत , सनावद थाना प्रभारी रामेश्वर ठाकुर , सहायक उप निरीक्षक चंपालाल सोलंकी, सउनि शिवप्रसाद वर्मा, सहायक उपनिरीक्षक संदीप कुशवाह, आर. 1012 सुमित भदौरिया, आर. 103 श्रीकृष्ण बिरला, एवं थाना के अन्य स्टाफ का शामिल रहे ।

### कलेक्ट्रेट में विश्व रेड क्रॉस दिवस पर कुपोषण खत्म करने की दिलाई गई शपथ

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** 08 मई विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में कुपोषण से मुक्ति एवं कोई भी गर्भवती महिला की मृत्यु खून की कमी से न हो इस विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी ने व्याख्यानमाला में उपस्थित सदस्यों को शपथ दिलाई गई कि वे बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराने एवं किसी भी गर्भवती महिला की खून की कमी से मृत्यु नहीं होने देंगे और इन्हें रोकने में मदद करेंगे।

# 09 मई को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक खरगोन-बड़वानी क्षेत्र के सांसद श्री गजेन्द्र सिंह पटेल की अध्यक्षता में 09 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। इस बैठक में सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल भी मौजूद रहेंगे।

इस बैठक में जिले के सभी विधायक, नगरीय निकायों के अध्यक्ष, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में विभागीय कार्यों की अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

इस बैठक में मजरे टोले विद्युतीकरण की कार्ययोजना एवं केन्द्र शासन द्वारा वित्त पोषित आरआरआरडीएस योजना की समीक्षा, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना शीर्ष 6084 अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा (अप्रारंभ कार्य), प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा एवं वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना पर, जिले में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत अप्रारंभ कार्य किन्तु कार्य के विरूध्द राशि आहरण की समीक्षा, आयुष्मान योजना के तहत स्वीकृत राशि की समीक्षा, जिले में में ट्यूबवेल/हैंडपंप खनन के लक्ष्य की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही पीएमश्री स्कूल एवं सीएम राईज स्कूल निर्माण एवं संचालन की समीक्षा, जिले में स्वीकृत एवं प्रस्तावित निर्माण कार्यों की समीक्षा, सम्पूर्णता अभियान, धरती आबा योजना की समीक्षा आकांक्षी जिला/ब्लॉक की कार्ययोजना की समीक्षा की जाएगी।

# कॅरियर काउंसलिंग सही निर्णय से बनाएं भविष्य को बेहतर

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा कॅरियर काउंसलिंग योजनान्तर्गत शासकीय आईटीआई खरगोन के छात्र-छात्राओं को उनके करियर के बारे में मार्गदर्शन और परामर्श देने के लिए कॅरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इस काउंसलिंग में व्याख्याता शासकीय पॉलीटेक्निक खरगोन श्री रणजीत सिंह रावत द्वारा युवाओं को अपनी रुचियों, कौशल और लक्ष्यों के बारे में बताया कि अपनी सीमाओं को बांधकर न रखें उन्हें पंख दें। ताकि ऊँचा लक्ष्य प्राप्त कर सकें।

व्याख्याता शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज श्री हिमांशु वास्कले द्वारा युवाओं को सही कॅरियर एवं अपनी ताकत और कमजोरियों का आकलन कर कॅरियर चुनने के लिए परामर्श दिया गया तथा विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में बताया गया। इस कॅरियर कांउसलिंग में प्राचार्य श्री हितेषी सुरागे, प्रशिक्षण अधिकारी आईटीआई खरगोन श्री राजेश झिल्वे, रोजगार कार्यालय के श्री राजपाल सिंह द्वारा स्किल्ड आधारित रोजगार के अवसरों जैसे विभिन्न विषयों पर युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया।

**नगर की सड़कों पर अतिक्रमण, बाहर से आने वालों को होगी परेशानी**


# 22 साल बाद गांव में गैर माता पूजन आज, बाहर से आएंगे मेहमान

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** नगर टोंकखुर्द में 22 साल बाद गांव गैर माता का पूजन शुक्रवार को होने जा रहा हैं। इसे लेकर नगर में उत्साह का माहौल हैं। कार्यक्रम में शामिल होने बाहर से भी लोग आएंगे। इन दिनों बारिश का दौर भी बना हुआ हैं। बारिश ने सडकों की पोल खोल दी हैं। वहीं नगर की मुख्य सडक भी अतिक्रमण की चपेट में हैं। लोगों कच्चे-पक्के अतिक्रमण जमा रखे हैं।

जिम्मेदारों की लापरवाही से नगर की स्थिति गांव से भी बेकार हैं। पिछले साल पहली बारिश में ही नगर के सडकों की पोल खुल गई थी। जिम्मेदारों को कई बार अवगत कराया लेकिन उनके कानो पर जू तक नहीं रेंगी। अब इस बार गांव गैर माता पूजन हो रहा हैं, जिसके चलते नगर में भीड रहेगी। आवागमन में परेशानी खडी होगी. । जनपद पंचायत से उत्कृष्ट विद्यालय, तहसील चौराहे होते हुए शक्ति माता मंदिर तक नगर में जगह जगह गड्डे हो गए हैं। जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। वहीं रोड के किनारे नाली व सब्जी मार्केट में गंदगी बारिश के बाद दिखने लगी हैं। इतने बडे आयोजन के पूर्व भी साफ सफाई व रोड मरम्मत नहीं हुआ। कुल मिलाकर नगर टोंकखुर्द से गांवों की सड़क अच्छी दिखाई देती है। वही टोंक में समय पर नाली की सफाई भी नहीं होती। बारिश के पानी से नाली का गन्दा कचरा नाली के बाहर निकल आया हैं।







# केन्द्रीय खेलमंत्री मनसुख मांडविया करेंगे चेन्नई में फिट इंडिया साइक्लिंग रैली का नेतृत्व

नई दिल्ली, (हि.स.)

फिट इंडिया मूवमेंट के तहत आयोजित होने वाली फिट इंडिया साइक्लिंग रैली का आयोजन 9 मई 2025 को चेन्नई में किया जाएगा। इस रैली का नेतृत्व केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया करेंगे। यह रैली सुबह 6:30 बजे ऐतिहासिक वॉर मेमोरियल से शुरू होकर वहीं समाप्त होगी।

साइक्लिंग रूट शहर के दर्शनीय स्थलों से होकर गुज़रेगा, जिसमें नेपियर ब्रिज और मरीना बीच जैसी प्रमुख जगहें शामिल हैं। यह मार्ग प्रतिभागियों को चेन्नई के खूबसूरत तटीय इलाकों का अनुभव कराएगा। रैली शुरू होने से पहले वॉर मेमोरियल के सामने स्थित आइलैंड ग्राउंड्स पर सुबह 6:00 बजे से ज़ुम्बा और योगा सेशन का आयोजन होगा, जो प्रतिभागियों के लिए एक ऊर्जावान वार्म-अप होगा। इस रैली को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाएंगे हॉकी के पूर्व ओलंपियन और 1980 में ओलंपिक गोल्ड मेडल जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान वी.भास्करन। उनके साथ एशियन गेम्स में एक संस्करण में दो गोल्ड मेडल जीतने वाले एकमात्र भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी हरिंदर पाल संधू भी उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई), तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण के खिलाड़ी और चेन्नई के साइक्लिंग प्रेमी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। फिट इंडिया मूवमेंट के तहत देशभर में लोगों को फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की दिशा में यह एक और बड़ा कदम है।

# राजस्थान रॉयल्स ने नितीश राणा, संदीप शर्मा की जगह लिए प्रिटोरियस और नांद्रे बर्गर को किया शामिल

नई दिल्ली, (हि.स.)

**इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) 2025 में चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रही राजस्थान रॉयल्स ( आरआर ) ने टीम में दो अहम बदलाव किए हैं। नितीश राणा और संदीप शर्मा के चोट के चलते टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद फ्रेंचाइजी ने उनके स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रिटोरियस और नांद्रे बर्गर को टीम में जोड़ा है।**

**नितीश की जगह लुआन-ड्रे प्रिटोरियस...** राजस्थान रॉयल्स ने चोटिल नितीश राणा की जगह लुआन-ड्रे प्रिटोरियस को टीम में शामिल किया है। नितीश राणा ने आरआर के लिए इस सीज़न दो प्रभावशाली पारियां खेली थीं। पहली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ गुवाहाटी में 36 गेंदों पर 81 रन और दूसरी दिल्ली कैपिटल्स ( डीसी ) के खिलाफ दिल्ली में 28 गेंदों पर 51 रन।

आईपीएल के बयान के अनुसार राजस्थान रॉयल्स ( आरआर ) ने नितीश राणा के स्थान पर



लुआन-ड्रे प्रीटोरियस को टीम में शामिल किया है, जो चोट के कारण टाटा इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल) 2025 के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। 19 वर्षीय प्रिटोरियस एक आक्रामक बाएं हाथ के ओपनर बल्लेबाज और विकेटकीपर हैं। उन्हें राजस्थान ने 30 लाख रुपये में साइन किया है। उन्होंने अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू नहीं किया है, लेकिन 2025 एसए20 में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था।

### संदीप शर्मा की जगह शामिल हुए नांद्रे बर्गर

तेज गेंदबाज़ संदीप शर्मा ने इस सीजन 10 मैचों में 9 विकेट लिए थे, लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुभमन गिल का शॉट रोकने के प्रयास में उनकी उंगली में चोट लग गई, जिसके कारण उन्हें बाहर होना पड़ा। उनकी जगह टीम में दक्षिण अफ्रीकी तेज़ गेंदबाज़ नांद्रे बर्गर को 3.5 करोड़ रुपये में टीम से जोड़ा गया है। बर्गर पिछले सीजन में भी राजस्थान रॉयल्स के साथ थे। आईपीएल के बयान के अनुसार राजस्थान रॉयल्स ( आरआर ) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) 2025 के शेष मैचों के लिए चोटिल संदीप शर्मा की जगह नंद्रे बर्गर को टीम में शामिल किया है।

### प्लेऑफ से बाहर हुई राजस्थान रॉयल्स

राजस्थान रॉयल्स का प्रदर्शन इस सीजन निराशाजनक रहा है। टीम 12 में से सिर्फ 3 मैच जीत पाई है और अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। वे पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके हैं। सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स भी बाहर हो चुकी हैं।

# पैरा चैंपियन निरंजन सिंह ने भारत के लिए जीता रजत

नई दिल्ली, (हि.स.)

एशियन पैरा-आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप में 65 किग्रा भारवर्ग (बैठकर खेलने की श्रेणी) में मध्यप्रदेश के ग्वालियर के रहने वाले निरंजन सिंह ने रजत पदक हासिल किया है। यह एक ऐतिहासिक अवसर है, जब पीपल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया राजधानी में प्रतिष्ठित 23वीं एशियन आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप और 22वीं एशियन पैरा-



आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप की मेजबानी कर रही है। इस प्रतियोगिता में 14 देशों के 500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

मध्यप्रदेश से ताल्लुक रखने वाले निरंजन ने अपनी प्रेरणादायक यात्रा के बारे में बात करते हुए कहा, आर्मरेसलिंग में आना आसान नहीं था। मैंने कई खेल खेले हैं, क्रिकेट भी खेला और कुछ अन्य खेलों में भी भाग लिया। इस महीने के अंत में मैं व्हीलचेयर क्रिकेट के नेशनल्स में भी हिस्सा लेने जा रहा हूं, लेकिन आर्मरेसलिंग ने मुझे सबसे ज्यादा आकर्षित किया है।

## आज के मैच

लखनऊ सुपर जॉयंट्स VS रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

स्थान : लखनऊ | समय : शाम 07:30 बजे से

# एमपीएल 2025 : नए रंग-रूप और महिला क्रिकेट के साथ 27 मई से इंदौर में होगी भव्य शुरुआत

इंदौर, (विनय उजाला)

मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) इस बार नए कलेवर में नजर आएगी। आगामी 27 मई से इंदौर के होलकर स्टेडियम में शुरू होने वाले एमपीएल में पहली बार महिला क्रिकेट मुकाबलों का भी आयोजन किया जाएगा।

ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट का उद्देश्य राज्यभर की उभरती प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना है।

पुरुष लीग में कुल सात टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें ग्वालियर चीता, भोपाल लेपर्ड्स, जबलपुर रॉयल लायंस, रीवा जैगुआर्स, इंदौर पिंक पैंथर्स, चंबल घड़ियाल्स (नई टीम) और बुंदेलखंड बुल्स (नई टीम) शामिल हैं।

इस बार की खास बात यह है कि महिला प्रतियोगिता भी होगी। इसमें तीन टीमें भोपाल वुल्व्स, चंबल घड़ियाल्स और बुंदेलखंड बुल्स शामिल हैं। यह कदम महिला क्रिकेट को राज्य स्तर पर प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

एमपीएल के इस संस्करण को लेकर ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष महानारयमन राव सिंधिया ने कहा, हम एमपीएल के इस नए अध्याय को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

# हिटमैन का टेस्ट सफर... उतार-चढ़ाव से भरा रोहित शर्मा का यादगार करियर



नई दिल्ली, (हि.स.)

जब कोई भारतीय टेस्ट क्रिकेट का जिक्र करता है तो विराट कोहली, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, चेतेश्वर पुजारा जैसे नाम सबसे पहले याद आते हैं लेकिन, रोहित शर्मा, जिन्हें दुनिया हिटमैन के नाम से जानती है, का टेस्ट करियर भी कुछ कम दिलचस्प नहीं रहा। अब जब उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, तो उनके सफर पर एक नज़र डालना जरूरी है, जो संघर्ष, वापसी और अंत में एक मजबूत ओपनर बनने की कहानी कहता है।

अगर बात घर के मैदानों की करें, तो रोहित का बल्ला जमकर बोला। भारत में खेले 34 टेस्ट में उन्होंने 51.73 की औसत से 2,535 रन बनाए, जिसमें 10 शतक और 8 अर्धशतक शामिल हैं। 2019 में जब उन्हें टेस्ट ओपनर बनाया गया, तब उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 176 और 127 की पारियों से सभी को चौंका दिया। रांची में 212 रन का स्कोर उनका टेस्ट करियर का सर्वश्रेष्ठ रहा।

### देर से मिली शुरुआत, पर छाप छोड़ी

रोहित ने 2007 में इंटरनेशनल डेब्यू किया था, लेकिन टेस्ट कैप उन्हें 2013 में मिली। उस वक्त तक वह घरेलू क्रिकेट में खुद को साबित कर चुके थे। अपने पहले ही टेस्ट में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 177 रनों की यादगार पारी खेली, जो सचिन तेंदुलकर के आखिरी टेस्ट का हिस्सा भी थी। इसके बाद उन्होंने नाबाद 111 रन की पारी खेली और टेस्ट करियर की शुरुआत धमाकेदार की।

विदेशों की पिचों पर कहानी कुछ और रही। 33 टेस्ट में उन्होंने सिर्फ 1,766 रन बनाए, औसत महज 30.98 रहा। सेना देशों (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) में उनका औसत और भी नीचे, सिर्फ 28.17 रहा।

मिडल ऑर्डर में रहकर 2013-18 तक रोहित ने 27 टेस्ट में सिर्फ 1,585 रन बनाए। लेकिन जब उन्हें ओपनर बनाया गया, तब उनके प्रदर्शन में स्थिरता दिखने लगी। उन्होंने उस रोल में 2,674 रन बनाए, जिसमें सात शतक भी शामिल हैं। हालांकि विदेशों में ओपनर बनने के बाद भी औसत 37.63 तक ही पहुंचा। 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ पटौदी ट्रॉफी में रोहित ने 368 रन बनाकर सभी को प्रभावित किया था। 127 की शानदार पारी उसी सीरीज में आई, जो सेना देशों में उनका इकलौता टेस्ट शतक रहा।

## व्यापार

# सीमा पर तनाव की आशंका से गिरा शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

नई दिल्ली, (हि.स.)

**भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव की आशंकाक वजह से घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी।**

बाजार खुलने के बाद हुई मामूली खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में थोड़ी तेजी भी आई, लेकिन कुछ मिनट बाद ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। दिन के कारोबार में बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि इंट्रा-डे में सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 940 अंक से ज्यादा टूट गया। कारोबार के आखिरी मिनट में हुई खरीदारी के कारण शेयर बाजार निचले स्तर से काफी हद तक रिकवर करने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.51 प्रतिशत और निफ्टी 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।



आज दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी सेक्टर को छोड़ कर शेष सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। आज ऑटोमोबाइल, बैंकिंग रियल्टी और मीडिया सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह एफएमसीजी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा।

### निवेशकों को 5.40 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,032 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,350 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,547 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 135 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,542 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 674 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,868 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 7 शेयर बढ़त के साथ और 23 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 13 शेयर हरे निशान में और 37 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 165.56 अंक की मजबूती के साथ 80,912.34 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक उछल कर 80,927.99 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने लाल निशान में गोता लगा दिया। लगातार हो रही बिकवाली के दबाव में सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 940 अंक से अधिक टूट कर 759.17 अंक की कमजोरी के साथ 79,987.61 अंक तक गिर गया। हालांकि, कारोबार के आखिरी वक्त में खरीदारों ने जोर लगाया, जिसके कारण सेंसेक्स निचले स्तर से करीब 350 अंक की रिकवरी करके 411.97 अंक की कमजोरी के साथ 80,334.81 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 17.10 की तेजी के साथ 24,431.50 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक 24,447.25 अंक स्तर तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक ने लाल निशान में गोता लगा दिया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण यह सूचकांक 264.20 अंक की कमजोरी के साथ 24,150.20 अंक तक गिर गया। हालांकि, आखिरी वक्त में हुई मामूली खरीदारी के कारण निफ्टी निचले स्तर से 120 अंक से अधिक की रिकवरी करके 140.60 अंक की गिरावट के साथ 24,273.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# सर्राफा बाजार में मामूली तेजी, सोना-चांदी के बढ़े भाव

नई दिल्ली, (हि.स.)

**घरेलू सर्राफा बाजार में आज भी मामूली तेजी का रुख नजर आ रहा है। कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 99,010 रुपये से लेकर 99,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है।**

इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,760 रुपये से लेकर 90,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसके पहले बुधवार को दिल्ली समेत देश के कई सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना कुछ देर के लिए 1 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक के स्तर को पार कर गया था, लेकिन बाद में इसके भाव में गिरावट आ गई। चांदी के भाव में भी आज तेजी आई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 99,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 99,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 90,910 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 99,010 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 99,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 99,010 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 90,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 99,010 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।



### शहरों में अलग-अलग सोने की कीमत

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 99,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 90,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 90,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 99,160 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

नई दिल्ली, (हि.स.)

घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी, लेकिन बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से थोड़ी ही देर में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। हालांकि खरीदार बीच-बीच में लिवाली का जोर बनाने की कोशिश करते रहे। इसके बावजूद शेयर बाजार की स्थिति में अधिक सुधार नहीं हो सका। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.13 प्रतिशत और निफ्टी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा मोटर्स, कोल इंडिया, कोटक महिंद्रा, अडाणी पोर्ट्स और ट्रेंट लिमिटेड के शेयर 2.69 प्रतिशत से लेकर 1.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ




कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, एटरनल, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, आईटीसी, मारुति सुजुकी और सिप्ला के शेयर 2.36 प्रतिशत से लेकर 1.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,388 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,967 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 421 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 12 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशियाई बाजारों में तेजी का रुख

नई दिल्ली, (हि.स.)

**ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बढ़त के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज तेजी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। दूसरी ओर, यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट का शिकार हो गए। वहीं एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर खरीदारी का माहौल बना हुआ है।**

अमेरिकी बाजारों में पिछले सत्र के दौरान आमतौर पर खरीदारी का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.43 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,631.28 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.27 प्रतिशत उछल कर 17,738.16 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 246.05 अंक यानी 0.60 प्रतिशत की छलांग लगा कर 41,360.02 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा।



### एक नजर में...

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.22 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,471.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 36,879.54 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल यह सूचकांक 250.03 अंक यानी 1.09 प्रतिशत उछल कर 22,941.91 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 150.83 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की मजबूती के साथ 20,697.32 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स 0.55 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,588.07 अंक के स्तर पर, शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,355.26 अंक के स्तर पर और स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.20 प्रतिशत उछल कर 3,873.05 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे जनजातीय शिल्प ग्राम महोत्सव का शुभारंभ

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 9 मई, 2025 को रवीन्द्र भवन के हंस ध्वनि सभागार में दोपहर 1:30 बजे जनजातीय शिल्प ग्राम महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। जनजातीलय कार्य विभाग और राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान भोपाल के सहयोग से होने वाले इस महोत्सव में जीआई टैग प्राप्त गोंड पेंटिंग के 4 कलाकारों को मुख्यमंत्री द्वारा ऑथोराइज्ड यूजर कार्ड वितरित किये जायेंगे। साथ ही आदि रंग परियोजना के शुभारंभ प्रतीक स्वरूप एनआईसी द्वारा विकसित प्रशिक्षण किट हितग्राहियों को वितरित की जायेगी। शुभारंभ कार्यक्रम में श्री बादल भोई जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय की कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी होगा। महोत्सव में आदि शिल्प, जनजातीय व्यंजन के साथ जनजातीय नृत्य एवं संगीत की प्रस्तुति भी होगी।

### मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने विश्व रेडक्रॉस दिवस पर मानवता के सेवकों को किया नमन

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस 2025 के अवसर पर किसी भी संकट की घड़ी में मानवता की सेवा में तत्पर स्वयंसेवकों को सादर नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया %एक्स% पर कहा कि विश्व बंधुत्व और मानव कल्याण की भावना से कार्य करने वाले ये स्वयंसेवक समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस के स्वयंसेवक विपरीत परिस्थितियों में भी मानव जीवन की रक्षा और सहायता के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं। संकट में फंसे नागरिकों को राहत पहुंचाना , जीवन रक्षक सहायता देना और सामाजिक समरसता बनाए रखना इनका परम कर्तव्य है। ऐसे सेवाभावी लोग मानवता के सच्चे प्रहरी हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे समाज सेवा के कार्यों में आगे आएं और जरूरतमंदों की सहायता करें। विश्व रेडक्रॉस दिवस हर साल 8 मई को मनाया जाता है, जो रेडक्रॉस के संस्थापक श्री हेनरी ड्यूनेंट की जयंती का प्रतीक है। यह दिन मानव सेवा, करुणा और दया के मूल्यों को सम्मानित करने का अवसर प्रदान करता है।

### प्रदेश में 15 हजार ईको क्लब गठितष प्रति विद्यालय पर्यावरण की दृष्टि से 35 पौधों का रोपण

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश में बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिये विद्यालयों में ईको क्लब का गठन लगातार किया जा रहा है। अब तक 15 हजार ईको क्लब का गठन किया जा चुका है। प्रदेश में वर्ष 2022-23 से यूथ एण्ड ईको क्लब के गठन के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किये थे। विभाग द्वारा प्रतिवर्ष ईको क्लब की गतिविधियों के संबंध में कैलेण्डर जारी किया जाता है। शैक्षणिक सत्र-2024-25 में 5 से 12 जून, 2024 तक राज्य में पर्यावरण सप्ताह के अंतर्गत समर कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में एक पेड़ माँ के नाम अभियान, जल शक्ति अभियान, सम्पोषणीय जीवन-शैली संबंधित गतिविधियाँ, ईको हेकाथॉन के साथ निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गयीं। निबंध प्रतियोगिता का शीर्षक जीवित गवाह, एक पेड़ की नजर से रखा गया था। स्कूलों में शैक्षणिक-सत्र 2025-26 के लिये पर्यावरण पर केन्द्रित कैलेण्डर तैयार किया जा रहा है। कैलेण्डर के अनुसार ईको क्लब में विद्यार्थियों की गतिविधियाँ सुनिश्चित की जायेंगी।

### दमोह जिले के पटेरा में 10 हजार से अधिक की आबादी को जल-आपूर्ति का लाभ

**भोपाल, निप्र।** दमोह जिले के पटेरा नगर में जल-प्रदाय परियोजना का सफल क्रियान्वयन किया गया है। यह परियोजना एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से पूरी की गई है। पेयजल परियोजना का कार्य नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत कार्य करने वाली मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा किया गया है। परियोजना की लागत 9 करोड़ 42 लाख रुपये है। इस लागत के साथ निर्माण एजेंसी पर परियोजना के 10 वर्षों तक संचालन और संधारण की भी जिम्मेदारी रहेगी। परियोजना के अंतर्गत पटेरा के 2535 घरों को नल कनेक्शन से जोड़ा गया है, जिससे अब प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो गई है। जल की शुद्धि के लिए व्यारमा नदी से पानी लेकर, जल निगम द्वारा निर्मित अत्याधुनिक जल शोधन संयंत्र के माध्यम से इसका शोधन किया जा रहा है। शहर की 10 हजार से अधिक की आबादी को लाभ पहुंचाने के लिये लगभग 45 किलोमीटर लंबी जल वितरण पाइप-लाइन बिछाई गई है।

### मेडिटेक टेक्सटाइल सेक्टर की पहली अत्याधुनिक यूनिट लिखेगी

# औद्योगिक विकास का नया अध्याय : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## अचारपुरा में 160 करोड़ के निवेश के साथ 200 से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल के अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में मेडिटेक टेक्सटाइल सेक्टर की पहली अत्याधुनिक यूनिट का निर्माण कार्य तेज़ी से चल रहा है। उन्होंने इसे मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास का नया अध्याय बताते हुए कहा कि टेक्नोलॉजी आधारित उत्पादन इकाइयों का आना, इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश अब पारंपरिक के साथ विशेषीकृत और उच्च गुणवत्ता वाले उद्योगों के लिए भी पसंदीदा स्थल बन चुका है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस यूनिट से न केवल भोपाल बल्कि पूरे प्रदेश को उद्योग के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी। मेडिटेक टेक्सटाइल सेक्टर का यह निवेश, मध्यप्रदेश को मेडिकल टेक्सटाइल, हाईजीन और हेल्थ सपोर्टिंग टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नई ऊंचाई देगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार निवेश लाने की नीति पर नहीं, निवेश को जमीन पर उतारने की कार्य संस्कृति पर काम कर रही है। इस यूनिट का निर्माण जर्मनी की विश्व प्रसिद्ध टीडब्ल्यूई ग्रुप और भारत के अनुभवी ओबीटी ग्रुप के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है। टीडब्ल्यूई ओबीटी प्रा. लि. नामक यह कंपनी अचारपुरा में लगभग 160 करोड़ रु. की लागत से उच्च तकनीक आधारित उत्पादन संयंत्र स्थापित कर रही है। यूनिट में महिलाओं और बच्चों के हाईजीन उत्पादों में प्रयुक्त टेक्सटाइल कंपोनेंट्स जैसे, छरु टॉप शीट और बैक शीट का निर्माण किया जाएगा।



इन उत्पादों की भारत में अब तक आयात पर निर्भरता रही है। यह यूनिट चालू होने पर देश को आत्मनिर्भर बनाएगी और मेडिटेक टेक्सटाइल उत्पादों में मेक इन इंडिया को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में स्थापित करेगी। उत्पादन के पहले चरण में ही 200 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने जा रहा है, वहीं यूनिट के स्केल बढ़ने पर यह संख्या कई गुना तक पहुंचने की संभावना है।

प्रदेश सरकार द्वारा विकसित अचारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में यह यूनिट एक उदाहरण बनेगी कि कैसे सुव्यवस्थित बुनियादी ढांचा और उद्योगों के अनुकूल माहौल किसी भी वैश्विक निवेशक के लिए भरोसे का केंद्र बन सकता है। कंपनी ने उपलब्ध ज़मीन, बिजली, परिवहन और अन्य सुविधाओं को निर्माण के लिए उपयुक्त बताया है। तकनीकी मानकों पर यह यूनिट भारत में अपने क्षेत्र की पहली अत्याधुनिक फैक्ट्री होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने स्पष्ट विजन के साथ नई औद्योगिक रणनीति अपनाई है जिसमें 'निवेश और निर्माण' को साथ लेकर चलना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि निवेशक अब मध्यप्रदेश में तेज़ फैसलों, सहज प्रक्रियाओं और भरोसेमंद माहौल के चलते बड़े निर्णय ले रहे हैं। मेडिटेक टेक्सटाइल जैसे अत्याधुनिक क्षेत्र में इस तरह का निवेश इसी विश्वास का परिणाम है। यूनिट के निर्माण में ग्रीन बिल्डिंग और पर्यावरणीय संतुलन का भी विशेष ध्यान रखा गया है। यहां बिना बॉयलर के संचालन होगा और उत्पादन प्रक्रिया से जल अथवा वायु प्रदूषण नहीं होगा। हाईजीन और हेल्थ सेक्टर से जुड़ी यह यूनिट स्वच्छ भारत और आत्मनिर्भर भारत की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है। टीडब्ल्यूई ओबीटी प्रा. लि. की ओर से बताया गया कि यह यूनिट पूरे देश में उनकी पहली और प्रमुख इकाई होगी। यह मेडिटेक टेक्सटाइल के क्षेत्र में देश में तकनीकी उत्पादन की शुरुआत मानी जाएगी। जर्मनी से उच्च स्तरीय तकनीकी सहयोग के साथ यह यूनिट भारतीय टेक्सटाइल सेक्टर के लिए एक नई दिशा तय करेगी। राज्य सरकार इस यूनिट को टेक्सटाइल ओडीओपी, पीएम मित्र पार्क और क्लस्टर पॉलिसी से जोड़कर क्षेत्रीय विकास की संभावनाओं को और सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रही है। टेक्सटाइल सेक्टर में मध्यप्रदेश को पहले से ही राष्ट्रीय पहचान प्राप्त है और अब मेडिटेक, टेक्निकल और हाईजीन टेक्सटाइल में यह यूनिट उस पहचान को वैश्विक स्तर पर विस्तार देने वाली है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाले वर्षों में मध्यप्रदेश मेडिटेक टेक्सटाइल जैसे उच्च श्रेणी के उत्पादों के लिए एक हब के रूप में स्थापित होगा, जहां नवाचार, तकनीक और रोजगार तीनों साथ-साथ आगे बढ़ेंगे। यह निवेश केवल एक यूनिट नहीं बल्कि राज्य के औद्योगिक भविष्य का मजबूत संकेत है।

# विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आवंटित बजट का शत-प्रतिशत करें उपयोग : मंत्री चौहान

## अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि विभाग में जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आवंटित बजट का शत-प्रतिशत उपयोग करें। आवंटित बजट का उपयोग शासन की मंशानुरूप अनुसूचित वर्ग के नागरिकों के कल्याण में किया जाए। यह बात मंत्री श्री चौहान ने गुरुवार को मंत्रालय में वित्तीय वर्ष 2025- 26 में बजट प्रावधान एवं व्यय की समीक्षा के दौरान कही। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश भी दिए। प्रमुख सचिव श्री ई. रमेश कुमार, आयुक्त श्री धनंजय भदौरिया, अपर आयुक्त संजय वार्ष्णेय सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



मंत्री श्री चौहान ने कहा कि अनुसूचित जाति विभाग अंतर्गत छात्रावासों में रिक्त सीटों की समीक्षा करें। उन्होंने कहा आगामी मई एवं जून माह में छात्रावासों की रिक्त सीटें भरने के लिए कार्य योजना बनाकर कार्य करें। मंत्री श्री चौहान ने कहा कि छात्रावास अधीक्षकों की कार्यशाला का आयोजन भी आगामी माह किया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्रों में शिक्षकों की पर्याप्त संख्या हो एवं पढ़ाई का स्तर भी प्रतियोगी परीक्षाओं के बदलते स्वरूप के अनुरूप हो, जिससे अनुसूचति जाति वर्ग के अधिक विद्यार्थी इन परीक्षाओं में सफल हो सके। उन्होंने कहा कि संभागवार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों की मांग के अनुसार कार्य योजना बनायी जाए। मंत्री श्री चौहान के कहा कि इस वित्तीय वर्ष में बजट के संपूर्ण व्यय की माइक्रो प्लानिंग कर बजट खर्च किया जाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में जन-प्रतिनिधियों की मांगो का भी अनुसरण करें। उन्होंने छात्रावास भवन विहीन छात्रावासों के निर्माण का कार्य शीघ्र से पूर्ण करें, जिससे छात्र-छात्राओं को असुविधा न हो। उन्होंने ज्ञानोदय आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम की भी समीक्षा की।

## सुश्री निर्मला भूरिया ने पत्रिका मुक्ति की उड़ान अप्रैल अंक का किया विमोचन



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने अपने जीवन एवं विभागीय उपलब्धियों पर आधारित पत्रिका मुक्ति की उड़ान के अप्रैल अंक का विमोचन किया। मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने पत्रिका का अवलोकन करते हुए संपादकीय टीम की सराहना की एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पत्रिका की संपादकीय टीम के संपादक श्री राजेंद्र कुमार सोनी एवं प्रबंध संपादक श्री संतोष कुमार सहित संपादकीय टीम के सदस्य उपस्थित थे।

### म.प्र. शासन का बड़ा फैसला

## शासकीय सेवकों का मंहगाई भत्ता बढ़ाकर 55 प्रतिशत किया गया, आदेश जारी

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** राज्य शासन ने शासकीय सेवकों को बड़ी राहत देते हुए मंहगाई भत्ते की दर में वृद्धि का आदेश जारी किया है। आदेशानुसार, सातवें वेतनमान के तहत आने वाले कर्मचारियों को वर्तमान 50% महंगाई भत्ते के स्थान पर दो चरणों में बढ़ा हुआ भत्ता मिलेगा।

एक जुलाई 2024 से मंहगाई भत्ता 3% बढ़कर 53त्न किया गया है, जिसका भुगतान अगस्त 2024 के वेतन में होगा। इसी तरह 1 जनवरी 2025 से इसमें और 2% की वृद्धि कर इसे कुल 55% कर दिया जाएगा, जिसका भुगतान फरवरी 2025 के वेतन के साथ किया जाएगा। राज्य शासन ने स्पष्ट किया है कि इस वृद्धि का वास्तविक लाभ 1 मई 2025 से दिया जाएगा और 1 जुलाई 2024 से 30 अप्रैल 2025 तक की एरियर राशि का भुगतान जून से अक्टूबर 2025 के बीच 5 किश्तों में किया जाएगा। 1 जुलाई 2024 से 31 मई 2025 के बीच सेवानिवृत्त हो चुके शासकीय कर्मचारियों को एरियर की पूरी राशि का एकमुश्त भुगतान किया जायेगा। इसी तरह एक जुलाई 2024 से 31 मई 2025 की अवधि में मृत कर्मचारियों के परिजनों को एरियर की पूरी राशि एकमुश्त प्रदान की जाएगी। 50 पैसे या उससे अधिक की राशि को अगले पूर्णांक रुपए में पूर्णांकित किया जाएगा।

मंहगाई भत्ते का कोई भी भाग वेतन के रूप में नहीं माना जाएगा। इस भुगतान का व्यय संबंधित विभाग के चालू वित्तीय वर्ष के स्वीकृत बजट प्रावधान से अधिक नहीं होना चाहिए।

## तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लीजिए, कौशल सीखिए एवं राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनिए : मंत्री परमार



**भोपाल, निप्र।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने गुरुवार को मंत्रालय स्थित प्रतिकक्ष में तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर तैयार विस्तृत मार्गदर्शिका का विमोचन किया। इस अवसर पर आयुक्त तकनीकी शिक्षा श्री अवधेश शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को सर्वसुलभ, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुखी बनाने हेतु सतत प्रयत्नशील है। शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत छात्रवृत्ति एवं अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाती है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि प्रदेश में तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

विद्यार्थियों की सुविधा एवं मार्गदर्शन के लिए एक विस्तृत मार्गदर्शिका उपलब्ध कराई जा रही है, जिसमें पाठ्यक्रमों की जानकारी, पात्रता एवं प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया उपलब्ध है।

## मध्यप्रदेश में कृषि और उद्योग का समन्वय आत्मनिर्भरता की दिशा में दूरगामी पहल : प्रभारी मंत्री काश्यप




विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** एमएसएमई और भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री श्री चैतन्य काश्यप ने कहा है कि मध्यप्रदेश में कृषि और उद्योग के समन्वय का अनूठा प्रयोग प्रदेश के आर्थिक परिदृश्य में नई क्रांति ला रहा है। कोर्टयार्ड बाय मैरियट में आयोजित मध्यप्रदेश में गन्ना फसल एवं शुगर कारखानों के सतत् विकास सम्मेलन में मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि खेती भारत की आत्मा है और एमएसएमई विभाग के माध्यम से शुगर फैक्ट्रियों की स्थापना से किसानों को बेहतर मार्केटिंग, तकनीकी सहायता एवं वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे ग्रामीण आर्थिक विकास को नई गति मिल रही है।

सम्मेलन में प्रदेश के एमएसएमई और कृषि विभाग के अधिकारी, उद्योगपति तथा किसान प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 3 मई को मंदसौर में आयोजित बड़े कृषि समारोह में कृषि मेले में उद्योगों को शामिल करने का यह पहला प्रयास मध्यप्रदेश की नई दृष्टि को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि सिंचित क्षेत्र 7 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 55 से 60 लाख हैक्टेयर तक पहुंच गया है, जिससे प्रदेश की जीडीपी में कृषि का योगदान उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है।

प्रभारी मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने और उत्पादकता के साथ जीडीपी वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है। शुगर मिलों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिये भूमि, बिजली और ऋण योजनाओं में विशेष रियायतें दी जा रही हैं। इससे कृषि क्षेत्र को बल मिलेगा, बेरोजगारी में कमी आएगी और आर्थिक समृद्धि के नए आयाम खुलेंगे।

प्रभारी मंत्री श्री काश्यप ने अपने वक्तव्य में स्पष्ट किया कि कृषि और उद्योग का यह सम्मिलन आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में एक सकारात्मक और दूरदर्शी पहल है, जो किसानों और उद्योग दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।

### सागर में स्वास्थ्य विभाग के अधोसंरचना विकास कार्यों की समीक्षा की

# निर्माण कार्यों में लायें गति, समानांतर रूप से खरीदें आवश्यक उपकरण एवं फर्नीचर : उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री एवं सागर ज़िले के प्रभारी श्री राजेन्द्र शुक्ल ने स्वास्थ्य अधोसंरचना निर्माण कार्यों में गति लाने और समानांतर रूप से आवश्यक उपकरण और फर्नीचर खरीदने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं का प्रदाय शीघ्र प्रारंभ हो सके इसके लिए आवश्यक उपकरण और फर्नीचर की उपलब्धता भी साथ ही सुनिश्चित की जाए। इसके लिए सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर संचालन के लिए मैनपॉवर की उपलब्धता बढ़ाने पर सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सागर में स्वास्थ्य विभाग के अधोसंरचना विकास संबंधी कार्यों की वृहद समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सभी परियोजनाओं के बारे में जनप्रतिनिधियों से पूर्व में ही चर्चा की जाए तथा उनके साथ समन्वय स्थापित कर कार्य किए जाएं। उन्होंने उपस्थित विधायक गण से भी कहा कि वे उनके क्षेत्र विशेष के कार्यों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति आदि से समय-समय पर अवगत कराएं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए निर्माण कार्यों, अधोसंरचना विकास कार्यों में गति अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए बजट का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए तथा निर्माण कार्यों को समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण एजेंसियों द्वारा किए गए कार्यों के भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो, ताकि कार्यों की गति बनी रहे और गुणवत्ता भी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने लैंड एलॉटमेंट की प्रक्रिया यथासंभव शीघ्रता से करने के भी निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य जैसी बुनियादी और जनहितकारी व्यवस्थाओं पर संबंधित अधिकारी प्राथमिकता पर ध्यान दें। उन्होंने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सब हेल्थ सेंटर/ आरोग्य मंदिर से संबंधित विभिन्न पूर्ण हो चुके तथा निर्माणाधीन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि जिले में उक्त सभी कार्यों की अनुमानित लागत लगभग 447 करोड़ रुपए है जो विभिन्न निर्माण एजेंसियों जैसे पीडब्ल्यूडी, पीआईएयू, हाउसिंग बोर्ड आदि से संबंधित हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक, सशक्त और जनहितकारी बनाने के लिए अधोसंरचना, मानव संसाधन, उपकरण, प्रबंधन और तकनीकी सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यों की सतत निगरानी करें और सभी परियोजनाओं को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा करें। विधायक श्री शैलेंद्र जैन, श्री वीरेंद्र लोधी, श्रीमती निर्मला सप्रे, महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हीरा सिंह राजपूत, कलेक्टर श्री संदीप जी आर, पुलिस अधीक्षक श्री विकास शाहवाल विभागीय अधिकारी मौजूद थे।



### 100 बिस्तरीय नवीन भवन के शीघ्र लोकार्पण के दिए निर्देश

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने जिला चिकित्सालय के अंतर्गत 100 बिस्तरीय नवीन भवन के शीघ्र लोकार्पण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब में एफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट लगाने के भी निर्देश दिए। इसी प्रकार बीना अस्पताल के रिनोवेशन /नवीनीकरण तथा वहां डॉक्टर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बंडा पीएचसी में बाउंड्री वॉल को प्रस्ताव शामिल करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार 15वें वित्त के तहत कार्यों को शीघ्रता से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह संवेदनशील रहकर कार्य करें और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को न्यूनतम लाने की दिशा में हर संभव प्रयास करें। उन्होंने कहा कि टेलीमेडिसिन एक प्रभावी योजना है जिसका सीएचसी , पीएचसी और आरोग्य केंद्रों के माध्यम से प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा मृणाल पब्लिकेशंस, 13, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इन्दौर से मुद्रित एवं 194 रेडियो कालोनी इन्दौर से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, प्रबंध संपादक व्ही. के. मिश्रा *,
फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2009/35176.